CMYK

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 23°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 30 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 198 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 4 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ले केंद्र सरकार: प्रियंका गांधी पेज 2



सात्विक-चिराग बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष 10 में फिर शामिल खेल टाइम्स



दो महाशक्तियों के बीच फंसी विदेश नीति और अंबानी की हिस्सेदारी सम्पादकीय



नीदरलैंड ने इजरायल के दो कट्टर मंत्रियों पर लगाया बैन पेज़ 12

### विपक्ष अखबारों की सुर्खियों में जगह बना सकता है, लेकिन लोगों के दिलों में नहीं

# ऑपरेशन सिंदूर: मोदी ने विपक्ष को खूब किया लाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से रोका नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के 193 देश में से सिर्फ तीन देश ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में थे। क्वाड, ब्रिक्स, फ्रांस, रूस, जर्मनी समेत तमाम देश दुनियाभर से भारत को समर्थन मिला। लेकिन देश के वीरों के पराक्रम को कांग्रेस का समर्थन नहीं मिला।

22 अप्रैल के बाद तीन-चार दिन में ही ये उछल रहे थे। कहने लगे कि कहां गया मोदी? मोदी फेल हो गया। बड़ा मजा ले रहे थे। उनको पहलगाम के निर्दोष लोगों की हत्या में राजनीति दिख रही थी। अपनी स्वार्थी राजनीति के लिए मुझ पर निशाना साधा रहे थे। उनकी बयानबाजी और छिछोरापन देश के सुरक्षा बलों का मनोबल गिरा रहा था। कांग्रेस के नेताओं को न भारत के सामर्थ्य पर भरोसा है और न सेना पर। इसलिए वे ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठा रहे हैं। ऐसा करके वे देशवासियों के दिल में जगह नहीं बना सकते। पीएम मोदी ने कहा कि नेवी, आर्मी, वायुसेना तीनों के संयुक्त प्रयास ने पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए। पहले आतंकियों के मास्टरमाइंड निश्चिंत रहते थे। अब स्थिति बदल गई है। अब हमले के बाद उनको नींद नहीं आती। उनको पता है कि भारत आएगा और मारकर जाएगा। ये न्यू नॉर्मल भारत ने सेट कर दिया है। दुनिया ने देख लिया कि हमारी कार्रवाई का दायरा कितना बड़ा है। सिंदूर से लेकर सिंधु तक पाकिस्तान पर कार्रवाई की -शेष पृष्ठ दो पर



**कहा: दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से नहीं रोका**

**संरा के 193 देश में से सिर्फ तीन देश ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में थे**

### पहलगाम हमले के आतंकी मुठभेड़ में मारे गए: शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में घोषणा की कि पहलगाम आतंकी घटना को अंजाम देने वाले तीनों आतंकी सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। श्री शाह ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि ऑपरेशन महादेव के दौरान सोमवार को पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकी सुलेमान उर्फ फैसल, अफगान और जिब्रान सैन्य बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। सुलेमान आतंकी संगठन लश्कर का ए श्रेणी आतंकी और तथाकथित कमांडर था। अफगान और जिब्रान भी लश्कर ए तैयबा से जुड़े हुए ए श्रेणी के आतंकवादी थे।

### राज्यसभा में नड्डा के बिगड़े बोल, खड़गे से माफी मांगी



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से माफी मांगनी पड़ी। दरअसल हुआ यह कि विपक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बहस की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के लिए कौन जिम्मेदार है, वह कुर्सी खाली करें। अगर कोई जिम्मेदार नहीं है, तो पीएम जवाब दें। इस पर जेपी नड्डा ने कहा कि उन्होंने (खड़गे) प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की है, उनकी तकलीफ समझ सकता हूं। 11 साल से उनको वहां बैठाए रखा है। उन्होंने कहा कि वह (मोदी) दुनिया के -शेष पृष्ठ दो पर

# एआई के सहारे फर्जी फैसले कोर्ट में रखे जा रहे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस राजेश बिंदल ने कहा है कि भारत और अमेरिका में कुछ युवा वकील एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स से कोर्ट के फर्जी फैसले खोज कर अदालत में पेश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कई बार युवा वकील एआई पर सिर्फ दो-तीन शब्द डालकर सर्च करते हैं और जो भी फैसला सामने आता है, उसे कोर्ट में दिखा देते हैं। कई बार वो फैसला गलत होता है, अल्पमत (मतभेद वाले जज का) होता है या फिर एआई ने खुद से कोई नया फर्जी जजमेंट बना दिया होता है। जस्टिस बिंदल सोमवार को ऑल इंडिया सीनियर लॉयर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त किए गए चार नए जजों जस्टिस जॉयमाल्य बागची, निलय वी. अंजारिया, विजय बिश्नोई और अतुल एस. चंदुरकर का सम्मान किया गया। मंच पर राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील पी. विल्सन, वरिष्ठ अधिवक्ता अदीश अग्रवाल और पितांबरी आचार्य भी थे। जस्टिस बिंदल बोले-जजमेंट के पीछे युवा वकीलों की रिसर्च होती है जस्टिस राजेश बिंदल कहा कि जज भले ही फैसले देते हैं, लेकिन उसके पीछे असली मेहनत युवा वकीलों की रिसर्च और सीनियर वकीलों की दलीलों की होती है। इस मौके पर बोलते हुए सांसद और वरिष्ठ वकील पी. विल्सन ने बताया कि उन्होंने संसद में एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया है, जिसमें जजों की रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने का प्रस्ताव है।

**सुप्रीम कोर्ट के जज बोले- युवा वकील इससे सावधान रहें, सीनियर अधिवक्ता उन्हें समझाएं**



### विधानसभा से पास बिल को राष्ट्रपति व राज्यपाल की मंजूरी कब तक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि राज्य विधानसभाओं की ओर से पारित विधेयकों को मंजूरी देने की समय सीमा तय करने संबंधी राष्ट्रपति के संदर्भ की जांच 19 अगस्त से शुरू की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने सुनवाई की तारीखें तय करते हुए सभी पक्षों से 12 अगस्त तक लिखित दलीलें पेश करने को कहा। न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अदालत शुरुआत में केरल, तमिलनाडु और अन्य की सुनवाई करने की विचारणीयता के मुद्दे पर दलीलें सुनेगी। शीर्ष अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को दलीलें पेश करने के लिए चार-चार दिन का समय देने के सुझाव पर सहमति जताई। पीठ ने कहा कि शुरुआत में हम प्रारंभिक आपत्ति पर एक घंटे तक पक्षकारों की सुनवाई करेंगे।

### आठ अतिरिक्त जजों को स्थायी जज, सात के कार्यकाल बढ़ाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने आठ अतिरिक्त न्यायाधीश की स्थाई न्यायाधीश पद पर नियुक्ति और सात का कार्यकाल एक साल बढ़ाने की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की ओर से जारी बयान के मुताबिक कॉलेजियम ने आंध्र प्रदेश, कलकत्ता, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक उच्च न्यायालयों के अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की है। बयान में कहा गया है कि आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति हरिनाथ नुनेपल्ली, न्यायमूर्ति किरणमई मांडवा उर्फ किरणमई कनपर्थी, न्यायमूर्ति सुमति जगदम और न्यायमूर्ति न्यापति विजय के नामों की सिफारिश की गई है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल और कर्नाटक उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति गुरुसिद्धैया बसवराज के नाम का प्रस्ताव किया गया है।

### चार देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को परिचय किए पत्र प्रस्तुत

**नई दिल्ली।** चार देशों डोमिनिकन गणराज्य, तिमोर-लेस्ते, श्रीलंका और गैबोनीज़ गणराज्य के राजदूतों तथा उच्चायुक्तों ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार इन राजनयिकों ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में अपने परिचय पत्र पेश किए। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में डोमिनिकन गणराज्य के राजदूत फ्रांसिस्को मैनुअल कॉम्प्रेस हर्नांडेज़, तिमोर-लेस्ते लोकतांत्रिक गणराज्य के राजदूत कार्लिटो नून्स, श्रीलंका की उच्चायुक्त सुश्री प्रदीपा महिशिनी और गैबोनीज़ गणराज्य के उच्चायुक्त गाय रोड्रिग डिकाय शामिल थे।

## बिहार में 65 लाख के मताधिकार से वंचित होने की आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण में 65 लाख मतदाताओं के मतदाता सूची से बाहर होने की आशंकाओं पर मंगलवार को मौखिक रूप से फिर कहा कि यदि ऐसा हुआ, तो न्यायालय हस्तक्षेप करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण की आशंका पर यह आश्वासन दिया। पीठ के समक्ष अधिवक्ता भूषण ने निर्वाचन आयोग के इस बयान का जिक्र कि 65 लाख लोगों ने पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान गणना फॉर्म जमा नहीं किए हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा-वह हस्तक्षेप करेगा**

### वडोदरा नाव दुर्घटना पीड़ितों को छह सप्ताह के अंदर अनुग्रह राशि दें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के वडोदरा में नाव दुर्घटना पीड़ितों के लिए 1.2 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि छह सप्ताह के भीतर संबंधित परिजनों को तर्कसंगत आधार पर वितरित करने का मंगलवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने आदेश देते हुए कहा कि ये राशि 18 जनवरी, 2024 को हुई नाव दुर्घटना में मारे गए 12 बच्चों और 2 शिक्षकों के परिजनों को वितरित की जाए।

### SC कॉलेजियम ने की बॉम्बे और दिल्ली हाईकोर्ट में 4 जजों की नियुक्ति की सिफारिश

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने बॉम्बे उच्च न्यायालय में तीन और दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए एक न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत के बयान के मुताबिक बॉम्बे उच्च न्यायालय के लिए अधिवक्ता अजीत भगवानराव कडेथांकर, आरती अरुण साठे और सुशील मनोहर घोडेश्वर को न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई है। इसी प्रकार न्यायिक अधिकारी विमल कुमार यादव को पदोन्नत कर दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद पर नियुक्त करने प्रस्ताव किया गया है। बयान में कहा गया है कि कॉलेजियम की 28 जुलाई को हुई बैठक में न्यायाधीशों के नियुक्ति की सिफारिश से संबंधित यह फैसला किया गया।

## हिमाचल में बादल फटा, घरों में घुसा मलबा

**नई दिल्ली।** देशभर में बारिश के कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

एमपी में भोपाल सहित 34 जिलों में भारी बारिश हो रही है। हिमाचल प्रदेश के मंडी में सोमवार देर रात बादल फटा। अब तक 3 लोगों की मौत हो गई और 2 लापता हैं। 15 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया। चंडीगढ़-मनाली और मंडी- जोगेंद्रनगर फोरलेन बंद हो गया है। भूस्खलन और पानी के तेज बहाव से कई घरों में मलबा घुस गया। राजस्थान में भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। चित्तौड़गढ़, झालावाड़, कोटा, पाली व सिरोही में घरों तक में पानी घुस गया है। टोंक- चित्तौड़गढ़ में बारिश से हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई।



### दिल्ली-एनसीआर में रेड अलर्ट जारी, अगले सात दिन बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली- एनसीआर और अन्य राज्यों में अगले सात दिनों में बारिश होने का अनुमान जताया है। दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को मूसलाधार बारिश होने के बाद रेड अलर्ट जारी कर दिया। राजधानी समेत पूरे एनसीआर में मंगलवार सुबह से तेज बारिश होने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने दिल्ली में पूरे दिन बारिश रुक-रुक बारिश होने का अनुमान जताया गया, लेकिन जब सुबह बारिश शुरू हुई तो उस समय अधिकतर लोग दफ्तर रवाना हो रहे थे। तेज बारिश के कारण आईटीओ, धौला कुआं, नारायणा, पटेल नगर, विजय चौक, जंगपुरा, आरके पुरम, लाजपत नगर, तालकटोरा रोड, रफी मार्ग, वजीरपुर, भजनपुरा और रोहिणी से लेकर लगभग पूरे दिल्ली के इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया, जिसके कारण लोगों को ऑफिस पहुंचने में काफी दिक्कत हुई।

### उपग्रह निसार का प्रक्षेपण आज

**चेन्नई।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन 'इसरो' का 'सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह' 30 जुलाई भारतीय समयानुसार शाम 5:40 बजे प्रक्षेपित किया जाएगा। इस 2,400 किलोग्राम वज़नी उपग्रह को इसरो के जियोसिक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल-एफ16 (जीएसएलवी-एफ16) की मदद से आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसरो के अनुसार निसार उपग्रह से जुड़े मिशन को अलग-अलग चरणों में विभाजित किया गया है। 30 जुलाई को प्रक्षेपण चरण के बाद उपग्रह अपने 'तैनाती' चरण में प्रवेश करेगा। इस महत्वपूर्ण चरण में निसार के 12 मीटर व्यास वाले 'रिफ्लेक्टर' को कक्षा में जटिल रूप से 'खोलना' शामिल है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर बहस, थरूर व तिवारी रहे दूर

## मनीष तिवारी ने लिखा-भारत का रहने वाला हूं..., शशि थरूर ने कहा था-मौनव्रत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद में चल रही ऑपरेशन सिंदूर पर पार्टी की ओर से न बोलने दिए जाने पर कांग्रेस नेता शशि थरूर के बाद मनीष तिवारी ने भी नाराजगी जाहिर की है।

कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री तिवारी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में एक खबर का स्क्रीनशॉट साझा किया, इसमें बताया गया था कि थरूर और उन्हें क्यों बोलने नहीं दिया गया। तिवारी ने इसके साथ पूरब और पश्चिम फिल्म के देशभक्ति गीत की पंक्तियां लिखी कि भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं। जय हिंद!। वहीं, अपने पोस्ट के बारे में पूछे जाने पर तिवारी ने मीडिया से कहा कि अगर तुम मेरी चुप्पी नहीं समझ सकते, तो मेरी बातों को कभी नहीं समझ पाओगे। इससे पहले कांग्रेस नेता शशि थरूर सोमवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में शामिल होने के सवाल को टाल गए थे। उन्होंने मीडिया से कहा कि मौनव्रत... मौनव्रत। दरअसल, पहले खबर आ रही थी कि वे संसद की बहस में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और शशि थरूर ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखने के लिए विदेश की यात्रा पर गए थे। थरूर ने दुनिया के अलग-अलग देशों में भेजे गए सात डेलिगेशन में से एक का नेतृत्व किया था। वहीं, तिवारी एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाले डेलिगेशन में शामिल थे। जब मनीष तिवारी से उनके बयान पर पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि अगर आप मेरी खामोशी नहीं समझते, तो मेरे शब्द भी नहीं समझ पाएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस के एक सांसद ने कहा कि पार्टी ने जानबूझकर नए सांसदों को मौका दिया, क्योंकि थरूर और तिवारी जैसे नेता विदेश में सरकार के समर्थन में बोल चुके हैं। पार्टी अब चाहती है कि संसद में सरकार की आलोचना हो और विपक्ष की आवाज सामने आए। इसलिए ऐसे नेताओं को चुना गया जो पूरी तरह पार्टी लाइन पर हों। शशि थरूर और मनीष तिवारी जैसे नेता अक्सर अपनी अलग राय रखते हैं। हाल में जब वे विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, तब उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे मुद्दों पर सरकार की तारीफ की थी।



**कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और शशि थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर पर विदेश यात्रा के दौरान मोदी सरकार की तारीफ की थी**

## प्रलय मिसाइल के दो लगातार सफल उड़ान परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पिछले दो दिनों में प्रलय मिसाइल के लगातार दो सफल परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार ये परीक्षण सोमवार और मंगलवार को ओडिशा तट पर डा. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किए गए।

ये उड़ान परीक्षण मिसाइल प्रणाली की अधिकतम और न्यूनतम सीमा क्षमता को प्रमाणित करने के लिए मूल्यांकन परीक्षणों के एक भाग के रूप में किए गए थे। मिसाइलों ने सभी परीक्षण उद्देश्यों को पूरा करते हुए सटीकता के साथ लक्ष्यों पर निशाना साधा। सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदर्शन किया, जिसका सत्यापन एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) द्वारा तैनात विभिन्न ट्रैकिंग सेंसरों द्वारा प्राप्त परीक्षण आंकड़ों का उपयोग करके किया गया। प्रलय स्वदेशी रूप से विकसित ठोस प्रणोदक अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है, जो विभिन्न लक्ष्यों पर कई प्रकार के आयुध ले जाने में सक्षम है।



## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस नेता करेंगे पिपलोदी गांव का दौरा : खड़गे

**नई दिल्ली।** राजस्थान में झालावाड़ जिले के पिपलोदी गांव में स्कूल की जर्जर बिल्डिंग गिरने की घटना में सात बच्चों की मौत के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेताओं को वहां जाकर संबंधित पहुलओं की जानकारी जुटाने का निर्देश दिया है। प्राप्त जानक. ारी के अनुसार कांग्रेस अनुसू. चत जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम, अनुसूचित जनजाति विभाग के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया और राजस्थान प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष बाबूलाल सांखला और अनुसूचित जनजाति विभाग के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा बुधवार को झालावाड़ का दौरा करेंगे। ये नेता पीड़ति परिवारों से मुलाकात करेंगे और अपनी रिपोर्ट कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंपेंगे।

### सुकमा: मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, दो जवान घायल

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के अंदरुनी इलाके में नक्सलियों की ओर से मनाये जा रहे शहीदी सप्ताह के दौरान पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया जबकि मौके पर बारूदी सुरंग के चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार सुकमा जिले के जंगल पहाड़ी क्षेत्रों में माओवादी की उपस्थिति की सूचना पर सोमवार शाम जिला रिजर्व पुलिस बल, स्पेशल टास्क फोर्स, केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवान की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान पर निकली थी। मंगलवार सवेरे से पुलिस और नक्सलियों के बीच रूक-रूक गोलीबारी जारी है। बारूदी सुरंग की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए जबकि मुठभेड़ जारी है।

### ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा में बोलीं प्रियंका गांधी वाड्रा

# पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ले सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला देश की अस्मिता पर आक्रमण है और हमारी खुफिया एजेंसियों की बहुत बड़ी विफलता का परिणाम है। इस चूक के लिए जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा होना चाहिए था, लेकिन इस्तीफा तो दूर, देश को चलाने वाले लोग इसकी जिम्मेदारी लेने को भी तैयार नहीं हैं।

श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को लोकसभा में आपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि इस घटना के लिए देश की खुफिया एजेंसियां, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और देश के गृहमंत्री जिम्मेदार हैं। उन्हें नैतिक आधार पर हमले की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए था लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इस्तीफा तो दूर, गृहमंत्री अमित शाह इस घटना की जिम्मेदारी लेने को भी तैयार नहीं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला किया और उनका नाम लिए बना कहा कि देश के प्रमुख को सिर्फ सफलता का श्रेय नहीं लेने को उत्साहित नहीं चाहिए। देश में जो घटनाएं होती हैं उनकी जिम्मेदारी भी उनकी होती है और इसकी जिम्मेदारी लेने का उनमें साहस भी होना चाहिए।



#### पाक के खिलाफ कार्रवाई क्यों रुकी

उनका कहना था कि पाक के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की बात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प करते हैं और यह हमारे लिए अत्यंत चिंता का विषय है। सरकार को बताना चाहिए कि सैन्य कार्रवाई क्यों रुकी। इसका जवाब सरकार को देना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कियदि आपरेशन सिंदूर का लक्ष्य आतंकवाद को खत्म करना था तो यह आपरेशन सफल नहीं है क्योंकि जो पाक आतंकवाद को पनाह देता है उसी को संयुक्त राष्ट्र में अहम जिम्मेदारी मिलती है तो क्या इस लक्ष्य का यही जवाब है।

#### जम्मू-कश्मीर में क्यों नहीं थी सुरक्षा

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि सरकार जम्मू -कश्मीर में सुरक्षा क्यों नहीं थी। क्या सरकार को मालूम नहीं था कि वहां इतनी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं तो उनके लिए सुरक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। वहां लोग सरकार से सुरक्षा के भरोसे गये थे लेकिन सरकार ने उन्हें भगवान के भरोसे छोड़ दिया। उन्होंने सवाल किया कि वहां लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी क्या प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी की नहीं है।

#### हमले की आरोपी आतंकी गुट के पर क्यों नहीं कुतरे

प्रियंका ने कहा कि एक आतंकी गुट इस हमले की जिम्मेदारी लेता है। इस गुट ने 2025 तक 25 आतंकवादी हमले किये हैं। इसमें रियासी का 2024 का हमला भी था जिसमें नौ लोग मारे गए थे। आखिर सरकार इस आतंकवादी गुट के पर कतरने में विफल क्यों रही। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि इस सदन में जितने लोग हैं सबके पास सुरक्षा है लेकिन उस दिन पहलगाम में 26 परिवारों के साथ जो हुआ, जितने लोग मारे गए उनमें 25 भारतीय थे।

### सरकार बताए किसके दबाव में हुआ युद्धविराम: सपा

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने ऑपरेशन सिंदूर का राजनीति लाभ लेने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार को अवश्य बताना चाहिए कि किससे दबाव में युद्धविराम किया गया जबकि देश की सेना को बढ़त हासिल थी। सपा के अखिलेश यादव ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में सेना की बहादुरी और वीरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार को अवश्य बाताना चाहिए किसके दबाव में युद्धविराम हुआ। सरकार को यह भी बताना चाहिए कि किस प्रकार खुफिया की विफलता रही और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। सदन में सत्ता पक्ष के लोग ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे जनता सम्मोहित हो जाएगी लेकिन ऐसा नहीं है। 370 के खात्मे के बाद सरकार ने दावा किया था कि आतंकवाद खत्म हो गया, लेकिन पहलगाम में सुरक्षा चूक की जिम्मेदारी कौन लेगा।



# हम चट्टान की तरह सरकार के साथः राहुल

**नई दिल्ली, वार्ता**



- पहले सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए

लोस में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में राहुल गांधी ने हिस्सा लिया और पहलगाम हमले की निंदा की, पाकिस्तान की खूब क्लास लगाई और भारतीय सेना की जमकर तारीफ की।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि पहलगाम में एक क्रूर और निर्दयी हमला, जो साफ तौर पर पाकिस्तानी सरकार की ओर से प्रायोजित और षड्यंत्र किया गया था। युवा और वृद्ध लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। हम सभी ने इस सदन के प्रत्येक व्यक्ति ने मिलकर पाकिस्तान की निंदा की है। कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से पहले ही विपक्ष सरकार और सेना के साथ था। विपक्ष के नाते हम एकजुट होकर सरकार के साथ थे। मैं करनाल में नरवाल के घर गया। मैंने उनका दुख महसूस किया। कानपुर में दूसरे परिवार से मिला। जब भी मैं सेना के किसी व्यक्ति से मिलने के दौरान हाथ मिलाता हूं तो मुझे पता लग जाता है कि यह टाइगर है। सेना का जवान देश के लिए लड़ने-मरने के लिए तैयार रहता है। सेना का प्रयोग करने से पहले सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए। राहुल ने कहा कि जैसे ही ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ, बल्कि शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने, सभी दलों ने यह प्रतिब(ता जताई कि हम सेना और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे।

# श्रीनगरः यातना मामले की सीबीआई जांच शुरू

**श्रीनगर।** सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के कांस्टेबल खुर्शीद अहमद चौहान को हिरासत में यातना दिए जाने के मामले की औपचारिक जांच शुरू कर दी है।।

सीबीआई ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए गत 26 जुलाई को जम्मू-कश्मीर पुलिस के छह अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इनमें पुलिस उपाधीक्षक एजाज अहमद नायको, उप-निरीक्षक रियाज़ अहमद और चार अन्य जहांगीर अहमद, इम्तियाज़ अहमद, मोहम्मद यूनिस और शाकिर अहमद शामिल हैं । ये सभी कुपवाड़ा स्थित संयुक्त पूछताछ केंद्र में तैनात हैं। प्राथमिकी में आपराधिक षड्यंत्र, हत्या का प्रयास, जानबूझकर चोट पहुंचाना और गंभीर चोट पहुंचाना, खतरनाक हथियारों से गंभीर चोट पहुंचाना और तीन या उससे अधिक दिनों तक गलत तरीके से बंधक बनाए रखना जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।पुलिस अधीक्षक सुभाष चंद्र कुंडू के नेतृत्व में सीबीआई अधिकारियों की टीम कल जांच शुरू करने के लिए श्रीनगर पहुंची। जिला पुलिस मुख्यालय बारामूला में तैनात कांस्टेबल खुर्शीद चौहान को पुलिस ने मादक पदार्थ मामले की जांच के सिल. सिले में 20 फरवरी-2023 को एसएसपी कुपवाड़ा के कार्यालय में रिपोर्ट करने के लिए बुलाया था।

### कांवड़ को अनपढ़ों की यात्रा बताने वाले सपा पर भड़की भाजपा

**लखनऊ (ब्यूरो)।** बलिया से समा. जवादी पार्टी के विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी ने कांवड़ यात्रा पर विवादित बयान देते हुए इसे अनपढ़ों की यात्रा बताया है।

भारतीय जनता पार्टी ने रिजवी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि ये बयान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के इशारे पर दिया गया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि नबी की शान में गुस्ताखी हो जाए तो सर तन से जुदा के नारे लहराने लगते हैं, लेकिन हिंदू धर्म, धर्मग्रंथों, साधु संतों,रीति रिवाज और परंपराओं पर कोई कुछ भी मनमाने पूर्ण ढंग से अपमानित कर देता है, इसका प्रबलता से विरोध भी नहीं होता।

# यूपी में 23 आईएएस का तबादला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- मेधा रूपम बनीं नोएडा की नई जिलाधिकारी
- रविंद्र कुमार मांदड़ को गाजियाबाद की कमान

**लखनऊ।** यूपी में इस बार 23 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। 10 जिलों के जिला. धिकारियों को भी इधर से उधर किया गया है। गोरखपुर, गाजियाबाद, ललितपुर, बहराइच, गौतम बुद्ध नगर (नोएडा), कासगंज, गोंडा, कानपुर देहात, मिर्जापुर और प्रयागराज के जिलाधिकारी बदले गए हैं। कासगंज की डीएम रहीं मेधा रूपम को बड़ी जिम्मेदारी मिली है, योगी सरकार ने उन्हें नोएडा की कमान सौंपी है।

प्रयागराज के डीएम रहे रविंद्र कुमार मांदड़ को गाजियाबाद का नया डीएम बनाया गया है। बता दें कि कुल 23 आईएएस अधिकारियों का



सोमवार रात ट्रांसफर किया गया। आईएएस दीपक मीना को गोरखपुर का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। इस प्रकार आईएएस रविंद्र कुमार मांदड़ डीएम गाजियाबाद, मनीष वर्मा डीएम प्रयागराज, मेधा रूपम डीएम नोएडा, प्रणय सिंह डीएम कासगंज, कपिल सिंह डीएम कानपुर देहात, अक्षय त्रिपाठी डीएम बहराइच, अमन दीप डुली डीएम ललितपुर, पवन कुमार गंगवार डीएम मिर्जापुर और प्रियंका निरंजन डीएम गोंडा बनी हैं। गोंडा की जिलाधिकारी रहीं नेहा शर्मा को प्रभारी महानिरीक्षक निबंधन बनाया गया है। बहराइच की जिला. धिकारी रहीं मोनिका रानी को विशेष सचिव बेसिक शिक्षा विभाग एवं अपर महानिदेशक स्कूल शिक्षा की जिम्मेदारी सौंप गई है।



**सेंसेक्स** 81337.95
**निफ्टी** 2482110



**सोना रु.** 98274
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 113590
प्रति किलो



# लिवाली से शेयर बाजार में लौटी रौनक

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को चौतरफा लिवाली के दम पर बीएसई का संसेक्स 446.93 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ 81,337.95 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.20 अंक (0.57 प्रतिशत) चढ़कर 24,821.10 अंक पर पहुंच गया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के साथ एलएंडटी और भारती एयरटेल ने भी बाजार की बढ़त में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एशियाई बाजारों से मिले मिश्रित रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार सुबह गिरावट में रहे। संसेक्स करीब 271 अंक टूटकर 80,620.25 अंक पर खुला और 80,575.45 अंक तक उतर गया। यूरोप में बाजार खुलने और वहां तेजी रहने से



दोपहर बाद घरेलू बाजारों में भी लिवाली शुरू हो गई और संसेक्स बीच कारोबार में 81,429.88 अंक को छूने में कामयाब रहा।

इसी प्रकार, निफ्टी.50 भी 30 अंक की गिरावट में 23,663 अंक पर खुला। इसका दिन का निचला स्तर 23,620.90 अंक रहा जबकि ऊपर यह 23,936 अंक तक गया। संसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.21 प्रतिशत और एलएंडटी का 2.13 प्रतिशत की मजबूती में रहा। एशियर पेंट्स में 1.81 फीसदी, टाटा मोटर्स में 1.48 फीसदी और अडानी पोर्ट्स में 1.42 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक और टीसीएस के शेयरों में सबसे अधिक 0.73 प्रतिशत की गिरावट आई।

एनएसई में ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी.100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत चढ़ा। निफ्टी मिडकैप.50 में 0.81 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 में 1.03 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। रियलिटी, फार्मा और हेल्थकेयर के साथ ऑटो, धातु और एफएमसीजी सेक्टरों में भी तेजी रही। विदेशों में एशियाई शेयर बाजारों में मिश्रित रुख रहा। जापान का निक्केई 0. 79 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.15 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ।

### एथर एनर्जी लिमिटेड के साथ एमओयू

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने भारत में स्वच्छ परिवहन और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों के विकास में तेज़ी लाने के लिए भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी एथर एनर्जी लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

नवाचार-केंद्रित 50 से अधिक स्टार्टअप्स के गठबंधन स्टार्टअप पॉलिसी फोरम (एसपीएफ) के नेतृत्व में 'बिल्ड इन भारत' पहल के अंतर्गत यह सहयोग किया जा रहा है। यह समझौता ज्ञापन डीपीआईआईटी और एथर एनर्जी के बीच व्यापक साझेदारी की रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

### सोने के दाम में गिरावट चांदी हुई और महंगी

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने के दाम में गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 172 रुपए गिरकर 98,274 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है।

चांदी की कीमत 606 रुपए बढ़कर 1,13,590 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,12,984 रुपए पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,970 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,650 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,870 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 थी। एक जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,112 रुपए बढ़कर 98,274 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव 27,573 रुपए बढ़कर 1,13,590 रुपए पर पहुंच गया है।

# प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात बढ़ाने की जरूरत

### उत्तर भारत के परिप्रेक्ष्य से विषय पर सेमिनार में बोले मंत्री

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने मंगलवार को कहा कि देश के खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात की हिस्सेदारी फिलहाल 23 प्रतिशत है जिसे और बढ़ाने की जरूरत है।

श्री पासवान ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सहयोग से यहां इंडिया हैबिटेट सेंटर में इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन (आईआईए) द्वारा 'प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना: उत्तर भारत के परिप्रेक्ष्य से' विषय पर आयोजित एक क्षेत्रीय सेमिनार में कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अभी अपनी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं कर पाया है। उन्होंने उद्योग जगत से आह्वान किया कि वे जमीनी स्तर पर किसानों और छोटे उद्यमियों के साथ अपनी भागीदारी को और मजबूत करें। उन्होंने कहा कि देश तब तक वास्तव में सक्षम नहीं बन सकता जब तक हमारे किसान सशक्त न हों। इस दिशा में प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना एक परिवर्तनकारी कदम है जो फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करता है, मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देता है और किसानों को सीधे वैश्विक बाज़ारों से जोड़ता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश से प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात का हिस्सा 2013 के 13 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 23 प्रतिशत हो गया है। यह एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन इस गति को और तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत के अनेक राज्य, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार, कृषि उत्पादन में अग्रणी होने के बावजूद खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अपेक्षाकृत पीछे हैं। ऐसे राज्यों में कोल्ड स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स जैसी अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं को प्राथमिकता से पूरा करने की जरूरत है। सेमिनार में उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के भविष्य को लेकर विचार-विमर्श किया गया। श्री पासवान ने घोषणा की कि 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2025' का आयोजन इस वर्ष सितंबर में दिल्ली के भारत मंडपम में किया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑपरेशन सिंदूर..**

है। ऑपरेशन सिंदूर ने तय कर दिया कि भारत में आतंकी हमले की उसके आका और पाकिस्तान को भारी कीमत चुक. ानी पड़ेगी। ऑपरेशन सिंदूर से स्पष्ट है कि अब भारत पर हमला हुआ, तो हम अपनी शर्तों पर अपने तरीके से जवाब देकर रहेंगे। कोई भी परमाणु हमले की धमकी नहीं चलेगी। हम आतंकी सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। श्री मोदी ने कहा कि हमने बहावल. पुर, मुरीदके को ध्वस्त कर दिया। तीसरा पक्ष पाकिस्तान की परमाणु धमकी को हमने झूठा साबित कर दिया। भारत ने सिद्ध कर दिया कि परमाणु ब्लैकमेलिंग अब नहीं चलेगी और भारत नहीं झुकेगा। चौथा पक्ष भारत ने अपनी तकनीकी क्षमता दिखाई। पाकिस्तान के सीने पर सटीक प्रहार किया। उसको भारी नुकसान हुआ। आज तक उनके कई एयरबेस आईसीयू में पड़े हैं। आज तकनीकी आधारित युद्ध का युग है। ऑपरेशन सिंदूर इसमें सफल हुआ है। पिछले 10 साल में जो हमने तैयारियां की हैं वो न की होती, तो हमारा नुकसान बहुत होता। पांचवां पक्ष आत्मनिर्भर भारत की ताकत को दुनिया ने पहचाना। मेड इन इंडिया ड्रोन और मिसाइल ने पाकिस्तान के हथियारों की पोल खोल दी। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि आतंकियों को ऐसी सजा दी कि आज भी आतंक के आकाओं की नींद उड़ी हुई है। हमारी सेना की सफलता का पहला पक्ष है कि पहलगाम हमले के बाद से ही पाकिस्तानी सेना को अंदाजा लग चुका था कि भारत बड़ी कार्रवाई करेगा। उनकी तरफ से परमाणु बम की धमकी के बयान आने लगे थे। भारत ने छह मई की रात और सात मई की सुबह बड़ी कार्रवाई की। पाकिस्तान कुछ नहीं कर पाया। 22 मिनट में 22 अप्रैल का बदला ले लिया। दूसरा पक्ष पाकिस्तान के साथ हमारी लड़ाई कई बार हुई है, लेकिन पहली बार भारत की रणनीति बनी कि जिसमें पहले जहां कभी नहीं गए, वहां हम पहुंचे। पाकिस्तान के कोने-कोने में आतंकी अड्डों को धुआं-धुआं कर दिया। पहलगाम हमला भारत को हिंसा की आग में झोंकने की साजिश थी। देश ने एकता के साथ उस साजिश को नाकाम कर दिया। 22 अप्रैल के बाद मैंने सार्वजनिक रूप से और विश्व को समझाने के लिए अंग्रेजी में कहा था कि हम आतंक को मिट्टी में मिला देंगे। सजा उनके आकाओं को भी होगी। कल्पाना से भी बड़ी सजा मिलेगी। 22 अप्रैल को मैं विदेश से लौटा और आने के बाद मैंने बैठक बुलाई। हमने साफ निर्देश दिए कि आतंकवाद को करारा जवाब देना होगा। ये हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। हमें हमारे सैन्य बलों की क्षमता पर विश्वास है। सेना को खुली छूट दे दी गई। कहा गया कि सेना तय करे कि कब, कहां, कैसे, किस प्रकार से हमला करना है। सत्र के प्रारंभ में मैंने सांसदों से कहा था कि यह सत्र भारत के विजयोत्सव का है।

**राज्यसभा में...** सबसे लोकप्रिय नेता हैं। पार्टी और देश के लिए गौरव का विषय है, लेकिन आप पार्टी से इतने जुड़ गए हैं कि देश गौण हो जाता है और मेंटल बैलेंस खोकर इस तरीके से बात कर रहे। इस पर विपक्ष ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। खड़गे नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि उनके मंत्री मेंटल बैलेंस खोकर बोलते हैं। उन्होंने (जेपी नड्डा) मुझे मेंटल कहा है, तो मैं इसे छोड़ने वाला नहीं हूं। इसके बाद जेपी नड्डा ने कहा कि अगर आपकी भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो मैं इसके लिए आपसे माफी भी मांगता हूं। इसके बाद सदन के रिकॉर्ड से नड्डा का कमेंट हटाया गया।

# यूपी में पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार नवंबर में पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी कर रही है, जिसके माध्यम से एक और बड़ा निवेश धरातल पर उतरने जा रहा है। प्रदेश सरकार ने अब तक दो ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया है।

पहला समिट 2018 में, जिसमें 4. 28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे। वहीं, दूसरा समिट 2023 में, जिसमें रिकॉर्ड 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए ही सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी संपन्न हो चुकी हैं, जिनके माध्यम से धरातल पर उतरे निवेश ने प्रदेश को एक नई पहचान दिलाई है। क्षेत्रवार परियोजनाओं का विश्लेषण करें तो निवेश परियोजनाओं में सबसे बड़ा हिस्सा विनिर्माण क्षेत्र (62.25 प्रतिशत) का है। सेवा क्षेत्र में 28.09 प्रतिशत परियोजनाएं हैं, जबकि शेष निवेश अवस्थापना और अन्य क्षेत्रों में हुआ है। अधिकृत सूत्रों ने दावा किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निवेश और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सरकार की स्पष्ट नीतियों, पारदर्शिता, समयबद्ध क्रियान्वयन और निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण ने प्रदेश को एक नए औद्योगिक युग में पहुंचा दिया है। योगी के अब तक के शासनकाल में प्रदेश में 16 हजार से अधिक निवेश परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं, जिनमें से आठ हजार से अधिक में वाणिज्यिक संचालन शुरू हो चुका है, जबकि आठ हजार से अधिक परियोजनाएं क्रियान्वयनाधीन हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सिंगल विंडो क्लीयरेंस, औद्योगिक भूमि की आसान उपलब्धता, बेहतर कानून-व्यवस्था, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी और प्रशिक्षित मानव संसाधन जैसे कारकों के चलते उत्तर प्रदेश आज देश-विदेश के निवेशकों का विश्वसनीय निवेश गंतव्य बन चुका है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडसअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, कमजोरी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहॉलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम के तहत श्रीराम कॉलेज के साथ अनुबंध

## कॉलेज में अप्रेंटिसशिप इनेबल डिग्री पाठ्यक्रमों में आधारित डिग्री के साथ अब भारत सरकार की ओर से अप्रेंटिसशिप का भी लाभ दिया जाएगा




**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2025 कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसके मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र प्रधान, कैबिनेट शिक्षा मंत्री, भारत सरकार, विशिष्ठ अतिथि जयंत चौधरी, राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), तकनीकी एवं कौशल विकास, भारत सरकार एवं कई राज्यों के शिक्षामंत्री उपस्थित रहे।

इस अवसर पर भारत सरकार की राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम के अन्तर्गत श्री राम कॉलेज एवं बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग, भारत सरकार के बीच एक अनुबन्ध हुआ। इस अनुबन्ध में श्री राम कॉलेज की ओर से चेयरमेंन, डॉ. एस. सी कुलश्रेष्ठ एवं बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग की ओर से निदेशक, विनीत कुमार ने अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किए। इस ऐतिहासिक अनुबन्ध के तहत राम कॉलेज में चल रहे अप्रेंटिसशिप इनेबल डिग्री पाठ्यक्रमों के अन्तिम वर्ष में छात्र/छात्राएं कक्षा में शिक्षण ग्रहण न करके आद्योगिक प्रतिष्ठानों, बैंक, कार्पोरेट हाउस में अप्रेंटिसशिप का कार्य करेंगे और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम द्वारा उन्हें आधा स्टिपेण्ड प्रदान किया जाएगा और शेष धनराशि अनिवार्य रूप से उस संस्थान द्वारा दी जाएगी जहां वें कार्यरत होंगे। स्टिपेण्ड की धनराशि छात्रों के बैंक एकाउन्ट में सीधे हस्तान्तरित की जाएगी, साथ ही अप्रेंटिसशिप पूरी करने के उपरान्त बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग द्वारा उन्हें अप्रेंटिसशिप का प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। इसके लिए छात्रों को एनएटीएस 2.0 पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। जो एक 'सिंगल प्वांइट ऑफ कान्टेक्ट' के रूप में कॉलेज की वेबसाईट से लिंक होगी। बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के द्वारा छात्रों को अप्रेंटिसशिप इनेबल डिग्री पाठ्यक्रमों मे पंजीकरण, मार्गदर्शन और समस्या समाधान में सहायता प्रदान की जाएगी।

राम कॉलेज का यह भी दायित्व होगा कि वह अन्य महाविद्यालयों का भी मार्गदर्शन करके वहां पर अप्रेंटिसशिप इनेबल डिग्री प्रोग्राम पाठ्यक्रमों की ओर छात्रों को आकर्षित करें। वर्तमान में अप्रेंटिसशिप इनेबल डिग्री प्रोग्राम के अन्तर्गत श्री राम कॉलेज, मुजफ्फरनगर में बी. कॉम (बैंकिंग, फाईनेशियल सर्विसेज एवं इन्श्योरेंश) तथा बीएस-सी (टूरिज्म एवं हॉस्पिटैलेटी मैनेजमेंट) जैसे पाठ्क्रम संचालित है।

श्री राम कॉलेज और बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग मिलकर छात्रों को एआई (आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स), एमएल (मशीन लर्निंग), आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स), ब्लॉकचेन जैसे नवीन तकनीकी कौशल से भी जोड़ने की योजना पर कार्य कर रहे हैं, जिससे छात्र भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। इस अवसर पर श्री राम कॉलेज के गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष डॉ. एस.सी. कुलश्रेष्ठ ने कहा यह समझौता सिर्फ औपचारिक दस्तावेज नहीं, बल्कि श्री राम कॉलेज के छात्रों के उज्जवल भविष्य की नींव है।

# सुमित खेडा दुर्घटना का शिकार होने से बचे

■ संगठन ने बताई साजिश, अधिकारियों को कराया अवगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय नौजवान जनता दल के अध्यक्ष के साथ एक दुर्घटना का मामला प्रक. ाश में आया है। सुमित खेडा को एक कार ने टक्कर मारकर चोट पहुंचाने का प्रयास किया, हालांकि कुछ लोग इसे दुर्घटना बता रहे है, लेकिन कुछ लोग इसे साजिश भी बता रहे है। संगठन के लोगों ने कार चालक के खिलाफ कार्यवाही व उसकी गिरफ्तारी की मांग भी की है।

इस मामले को लेकर संगठन में भारी आक्रोश भी बताया जा रहा है।राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमित खेडा व जिला अध्यक्ष विनोद कुमार टांगरी ने एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने मुलाकात कर कार्यवाही की मांग की है। इस घटना को मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की गई है। डॉक्टर अनुज कुमार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने भी इस घटना पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि किसी ने एक साजिश के तहत घटना की है। यदि सुमित खेडा अपने आप को न बचाते तो बड़ा हादसा हो सकता था। चिंता व्यक्त करने वालों में संगठन के दर्जनों लोग उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है।



परिक्रमा मार्ग पर जलभराव को दूर कराने पहुंचीं चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप।



मुजफ्फरनगर: परिक्रमा मार्ग पर जेसीबी चलवाती नगर पालिका।

# महिला सहित दो शव मिले

## अण्डर पास में महिला व मंडी क्षेत्र में मिला कंकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एक महिला सहित दो लोगों का शव मिला है। मौके पर पहुंची संबंधित थानो की पुलिस ने पहचान कराने के प्रयास शुरू किए, लेकिन शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने पंचनामा भरकर दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मंगलवार की सवेरे नई मंडी पुलिस को सूचना मिली कि पचैंडा रोड पर एक व्यक्ति का कंकाल पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन शुरू की। इस समय यहां काफी लोगों की भीड़ इक्ट्ठा थी, लेकिन लाश इतनी सड़-गल चुकी थी कि उसकी शिनाख्त करना नामुमकिन था। पहचान होने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का मानना है कि शव कई दिन पुराना है। पुलिस का यह भी कहना है कि डीएनए को जांच के लिए भेजा जाएगा। उधर सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि संधावली अण्डर पास रेलवे ट्रैक पर एक महिला का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिसने छानबीन की। पुलिस का मानना है कि महिला की उम्र करीब 45 वर्ष है और वह चोटिल है मामला दुर्घटना का है या आत्महत्या का, यह तो पुलिस जांच का विषय है, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी।

पुलिस यह भी मान रही है कि महिला किसी गरीब घर से है। पुलिस ने शव के फोटो खेंचकर उन्हे शिनाख्त के लिए आस-पास के थानों में भेज दी है। उधर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों का कहना है कि महिला किसी दूसरे गांव की है इसलिए उसकी पहचान नहीं हो पा रही।

# चैकिंग के नाम पर कर रहे वसूली की जांच शुरू

■ वहलना चौक पर वसूली की वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वहलना चौक पर वाहन चैकिंग के नाम पर वसूली करने व भ्रष्टाचार के मामले अधिकारियों तक पहुंच रहे है। सूत्रों का कहना है कि वहलना चौक पर वाहन चैकिंग कर रहे कुछ पुलिसकर्मियों के रिश्वत लेने का वीडियो भी वायरल हो रहा है। जब यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा तो इस मामले की जांच कराने के आदेश दिए गए है। अधिकारियों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते है तो संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। बता दे कि नगर में चारों ओर वाहन चैकिंग अभियान चलाया जाता है इसी के चलते वहलना चौक पर भी यातायात पुलिस के पुलिसकर्मी वाहन चैकिंग करते है, हाल ही में एक मामला पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा कि यहां पर कुछ पुलिसकर्मी वाहन चौकिंग के नाम पर अवैध वसूली करते है। पुलिस अधिकारियों के यह भी संज्ञान आया कि इस संबंध में एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। अधिकारियों ने इस मामले का संज्ञान लिया और विभाग के अधिकारी को जांच के आदेश भी दिए है। अधिकारियों का कहना है कि जांच सही पाई गई तो कार्यवाही की जाएगी।

# जेसीबी लेकर परिक्रमा मार्ग पर सात घंटे डटी रहीं पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार को हुई बारिश के बाद एक बार फिर से जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप जनता के बीच पहुंचे। पालिका की पूरी टीम को लेकर पालिकाध्यक्ष परिक्रमा मार्ग पर पहुंची और यहां श्रीराम कॉलेज के आसपास सड़क पर हुए जलभराव की समस्या को समझते हुए तत्काल समाधान के लिए युद्धस्तर पर काम शुरू कराया। जनसंपर्क और निरीक्षण के जरिए उन्होंने न सिर्फ जनता से सीधा संवाद किया, बल्कि नगरपालिका की ओर से बड़े स्तर पर नाला सफाई अभियान चलाकर यह संदेश दिया गया कि जनहित को लेकर पालिका जवाबदेह और संवेदनशील है, उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को सख्त नसीहत के साथ कहा कि लापरवाही अब नहीं चलेगी। सीमा विस्तार के बाद शहर का हिस्सा बने परिक्रमा मार्ग पर बिना बारिश के भी तीन-चार साल से जलभराव की समस्या बनी रहती है। नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप इस समस्या को जानने और समाधान तलाशने के लिए मंगलवार को सुबह करीब साढ़े दस बजे निरीक्षण करने जनता के बीच पहुंचे। वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की मंशा के साथ दोनों नेताओं ने परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीराम कॉलेज के समक्ष जलभराव की स्थिति को गंभीरता से लिया।करीब चार साल पूर्व एटूजेड रोड भगीरत चौक से लेकर रेशू विहार रेलवे फाटक तक नाला निर्माण कार्य पास हुआ था। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के द्वारा 2022 में इस नाले का निर्माण कार्य पूर्ण किया, इस पर करीब 45 लाख रुपये की लागत आई थी। निर्माण के दौरान नाला कहीं सड़क से ऊंचा कहीं नीचा बना दिया गया। जहां नाला सड़क से ऊंचा है, वहां पर ही जलभराव की समस्या बनी रहती है। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने फील्ड में आने के बाद पालिका की पूरी टीम को मौके पर ही तलब किया। और सुबह से शाम तक करीब सात घंटे से ज्यादा समय तक पूरे दलबल के साथ फील्ड में रहकर क्षेत्रीय नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए समस्याओं को समझा और भरोसा दिया कि पालिका जनहितों को लेकर संवेदनशील और जवाबदेह होकर कार्य कर रही है। उन्होंने रेशू विहार से लेकर अलमासपुर चौराहे तक भ्रमण कर हालात का निरीक्षण किया और तत्काल ही सफाई कार्य प्रारम्भ कराया, इसके लिए उन्होंने तीन जेसीबी, दो डंपर, एक रोबोट मशीन, 15 सफाईकर्मी और नाला गैंग को लगाकर मौके पर ही रहकर मॉनीटरिंग की। पालिका के तमाम अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे, उनको पालिकाध्यक्ष ने जनसमस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए फील्ड में उतरकर भ्रमण करने के निर्देश दिए। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि निरीक्षण में यह बात सामने आई है कि मूल समस्या गलत नाला निर्माण के कारण बनी है। सड़क नाले से नीचे होने के कारण ओवरफ्लो में नाले से पानी सड़क पर भर जाता है, यह नाला हमारे कार्यकाल से भी करीब एक साल पूर्व बनाया गया, इसके लिए हमने एमडीए को भी कई बार पत्र लिखकर समस्या का समाधान करने के लिए कहा, लेकिन अब पालिका इसका स्थाई समाधान करने जा रही है। रेशू विहार फाटक से अलमासपुर एटूजेड रोड तक जल निकासी के लिए सीवर लाइन डाल रहे हैं, इसका टैण्डर 30 जुलाई को खुल रहा है। इसके साथ ही अलामासपुर चौक पर बनी पुलिस से जल निकासी के अवरोध को खत्म कराया जायेगा और इसके बाद इस सड़क का निर्माण भी पालिका करायेगी। उन्होंने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि जनसरोकारों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।


ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान
ब्लॉक कैम्पस मोरना, मुजफ्फर नगर – 251316

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जिला शामली एवं मुजफ्फरनगर में अनुबन्ध के आधार पर एक वर्ष की अवधि हेतु नियत मानदेय पर निम्नलिखित संविदा कर्मचारियों की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति फोटो-युक्त आवेदन पत्र शैक्षिक/जन्मतिथि/मूल निवास प्रमाण-पत्रों की स्वयं सत्यापित छायाप्रति सहित उपरोक्त पते पर दिनांक 14.08.2025 को सायं 4:00 बजे तक डाक द्वारा प्राप्त आवेदन पत्र ही मान्य होंगे।

| क्र. सं. | पद | योग्यता | रिक्ति | आयु | वेतन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संकाय | स्नातक/स्नातकोत्तर होना चाहिए, जैसे ग्रामीण विकास में एमएसडब्ल्यू/एमए/समाजशास्त्र/मनोविज्ञान में एमए/बीवीएससी एवं ए.एच. (पशु चिकित्सा), बी. एससी. (बागवानी), बी.एससी. (कृषि), बी. एससी. (कृषि विपणन)/बी.ए. के साथ बी.एड. आदि। • अध्यापन में रुचि होनी चाहिए और अच्छा कंप्यूटर ज्ञान होना चाहिए। कंप्यूटर ज्ञान • स्थानीय भाषा में उत्कृष्ट संचार कौशल आवश्यक, अंग्रेजी और हिंदी में प्रवाह एक अतिरिक्त लाभ होगा। • स्थानीय भाषा में टाइपिंग कौशल आवश्यक। • हिंदी/अंग्रेजी टाइपिंग कौशल, एक अतिरिक्त लाभ। • संकाय के रूप में पूर्व अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। | मोरना-1 शामली-1 | 22-40 वर्ष | रु. 30000/- प्रति माह |
| 2. | कार्यालय सहायक | स्नातक (जैसे बीएसडब्ल्यू/बीए/बी.कॉम) होना चाहिए और कंप्यूटर का ज्ञान होना चाहिए। व बेसिक अकाउंटिंग का ज्ञान एक पसंदीदा योग्यता है। • स्थानीय भाषा में बोलने और लिखने में निपुण होना चाहिए। • हिंदी/अंग्रेजी में प्रवीणता एक अतिरिक्त योग्यता होगी। • एमएस ऑफिस (वर्ड और एक्सेल), टैली और इंटरनेट में कुशल होना चाहिए। • स्थानीय भाषा में टाइपिंग कौशल आवश्यक है, अंग्रेजी में टाइपिंग कौशल एक अतिरिक्त लाभ है। | मोरना-1 शामली-2 | 22-40 वर्ष | रु. 20000/- प्रति माह |
| 3. | अटेंडर | • मैट्रिक पास होना चाहिए • स्थानीय भाषा पढने और लिखने की क्षमता को प्राथमिकता दी जाएगी | मोरना-1 शामली-1 | 22-40 वर्ष | रु. 14000/- प्रति माह |
| 4. | वॉचमैन/गार्डनर | • सातवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए • कृषि बागवानी/माली बागवानी में अनुभव होना चाहिए। | मोरना-1 शामली-1 | 22-40 वर्ष | रु. 12000/- प्रति माह |

- आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 14.08.2025 है।
- आयु की गणना विज्ञापन प्रकाशन की तिथि के अनुसार की जाएगी।
- सभी आवेदकों को लिफाफे पर उस पद का उल्लेख करना होगा जिसके लिए वे आवेदन कर रहे हैं।
- सभी आवेदन डाक द्वारा प्राप्त किए जाएँगेय सीधे आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएँगे।
- कार्यालय, मुजफ्फरनगर को बिना किसी पत्राचार या इस संबंध में कोई स्पष्टीकरण जारी किए किसी भी स्तर और समय पर भर्ती को रद्द करने और संशोधित करने का एकमात्र अधिकार होगा।
- एक उम्मीदवार केवल एक पद के लिए आवेदन कर सकता है।
- संकाय और कार्यालय सहायक के पद के लिए भर्ती लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर होगी और परिचारक एवं चौकीदार/माली के पद के लिए चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा।
- उम्मीदवारों को अपनी पहचान, योग्यता और निवास प्रमाण पत्र की पुष्टि करने वाले स्व-सत्यापित दस्तावेज संलग्न करने होंगे।
- उपरोक्त किसी भी पद की रिक्तियां घट बढ़ सकती है।
- मंडल कार्यालय को अपने विवेकानुसार किसी भी उम्मीदवार को चुनने/अस्वीकार करने का एकमात्र अधिकार होगा। निर्णय को किसी भी न्यायालय/कानूनी मंच में चुनौती नहीं दी जा सकती।




मुजफ्फरनगर: नाग पंचमी पर डल्लू देवता मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

# कोर्ट ने पति द्वारा दी गई तलाक को नकारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** परिवार न्यायालय द्वितीय की अपर प्रधान न्यायाधीश रीमा मल्होत्रा ने तलाक-उल-अहसन की सभी शर्तो को पूरा न करके वादी पति द्वारा अपनी पत्नी को दिए गए तीन तलाक को सही ठहराने वाली याचिका निरस्त कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार शहर मुजफ्फरनगर के पुराने आबकारी निवासी तस्नीम अहमद ने परिवार न्यायालय में याचिका दायर करते हुए बताया था कि उसका निकाह इंचौली गांव निवासी अंजुम प्रवीन से 12 फरवरी 2013 को हुआ था। उसकी पत्नी अपने बुढ़े व बीमार पिता को छोडकर जाने से मना करती थी तथा उसे आए दिन लडाई झगडा कर परेशान करती थी और उसे अपने मायके में ही रहने को कहती थी। अंजुम उनके पुत्र अरहम को भी स्कूल नहीं भेजती थी। ससुराल वाले भी उसकी पत्नी का ही पक्ष लेते थे और उसे अक्सर धमकी भी देते थे। 28 मई 2018 को जब वह काम पर गया हुआ था तो पत्नी अंजुम ने अपने घर वालों को उसके घर बुला लिया तथा नगदी व जेवरात लेकर चले गए। उसके बाद से उसकी पत्नी उसके साथ रहने को तैयार नहीं हुई तो तस्नीम ने दो गवाहों की मौजूदगी में 23 अक्टूबर 2020 को पहला तलाक, 9 दिसम्बर 2020 को दूसरा तथा एक मार्च 2021 को बजरिये नोटिस रजिस्टर्ड डाक से तीसरा तलाक भिजवाया।

उसने कोर्ट से आग्रह किया कि पति-पत्नी के बीच संबंध विच्छेद की घोषणा की जाए, जबकि उसकी पत्नी ने पति द्वारा लगाए गए आरोपों को एक सीरे से खारिज किया और कहा कि वह अपने पति के साथ ही रहना चाहती है। उसका पति उसे तलाक देकर किसी अन्य महिला से शादी करने की फिराक में है तथा उसने मुस्लिम सुन्नी, कुरान व हदीस में प्रतिवादित सिद्धांतों का पालन करते हुए तलाक नहीं दिया है, चूंकि वह उक्त अंकित तिथियो में मासिक धर्म के काल में थी जिस कारण वह उसे शरीयत के अनुसार तलाक नहीं दे सकता।

अपने आदेश में कोर्ट ने कहा कि वादि अपने दो गवाहों के माध्यम से अपने तथ्य साबित करने में असफल रहा है जिस कारण संबंध विच्छेद किए जाने की घोषणा करने वाली उसकी याचिका निरस्त की जाती है।

अंजुम प्रवीन के वकील शाहीद सिद्दीकी और फैजयाब खान ने पत्रकारों को बताया कि तलाक शरीयत के अनुसार न दिए जाने के तथ्य रखने में उसकी पत्नी पूरी तरह से कामयाब रही।

## युवक को नहर में धक्का देकर मारने का लगाया आरोप

**मुजफ्फरनगर।** कस्बा खतौली की रहने वाली महिला मंगलवार को अपने परिवार के साथ पुलिस कार्यालय पहुंची और उसने कुछ युवकों पर अपने बेटे को नहर में धक्का देकर उसकी हत्या का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि उसके बेटे के साथ कई रोज पहले विवाद हुआ था इसी के चलते उसको नहर में धक्का दिया गया है। उधर पुलिस का कहना है कि महिला द्वारा की गई शिकायत के आधार पर कार्यवाही की जा रही है यदि मामला सही पाया गया तो कार्यवाही की जाएगी। पुलिस कार्यालय पहुंची दयालपुरम की रहने वाली रीना ने बताया कि ग्यारह जुलाई को उसका बेटा सामान खरीदने गया था, लेकिन बाजार से वह घर नहीं लौटा। पीड़िता का कहना है कि तलाश करने के बाद भी उसके बेटे का कही पता नहीं चला कुछ युवकों ने उसको बताया था कि उसके साथ मारपीट की गई है। कुल मिलाकर पीड़ित रीना आरोप लगा रही है उसके बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी गई और शव को नहर में फेंका है। पीड़ित महिला अपने साथ एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी ले रही थी। खतौली थाना प्रभारी का कहना है कि किशोर चित्रांश की नहर में नहाते समय डूबने से मौत हुई है।

## प्रेमी युगल ने बताया जान को खतरा, मांगी सुरक्षा

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार की सवेरे एक प्रेमी युगल पुलिस कार्यालय पहुंचा जहां लडकी ने अपने परिवार से जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई। पुलिस कार्यालय पहुंची सांझक निवासी लडकी मौहम्मद सुहेल ने एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उन्होने 19 अप्रैल को प्रेम विवाह कर लिया था जिसके बाद से दोनो साथ रह रहे है। लडकी ने अपने दो भाईयों पर गोली मार कर हत्या की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। सुहेल ने बताया कि वह दोनो एक ही गांव के है और निकाह के बाद उन्हे लगातार धमकी मिल रही है। युवक का कहना है कि वह दोनो एक साथ पढ़ते थे जभी से दोनो में प्यार हो गया था।




मुजफ्फरनगर: मंगलवार सवेरे आई तेज बारिश से शहर हो गया पानी-पानी।


शिवा ग्रुप ऑफ कॉलेज
COURSE OFFERED
D. PHARMA (डी. फार्मा) C.C.-1491
POLYTECHNIC
(ELECTRICAL, CIVIL, MECHANICAL, FASHION DESIGNING)
(डिप्लोमा) C.C.-1183
ITI (आई०टी०आई) C.C.-3978
(ELECTRICIAN, FITTER, COPA, FASHION DESIGING)
इण्टर कॉलेज (PCM, PCB, COMM., ART) C.C. 1339
पता:- NEAR NH-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर
Ph. 9690731170, 9411449915, 9927075234, 8077158717

# गंगा में डूबे युवक का तीसरे दिन भी सुराग नहीं

## व्यापारी भी रहस्यमय हालात में लापता, गौताखोर गंगा में कर रहे तलाश

**शाह टाइम्स सवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे में पिछले तीन दिनों से दो युवकों के लापता होने की घटनाओं ने क्षेत्रवासियों की चिंता बढ़ा दी है। एक ओर जहां गंगा में डूबे युवक का शव तीसरे दिन भी नहीं मिल सका है, वहीं दूसरी ओर नमक मंडी निवासी एक व्यापारी भी रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गया है। दोनों मामलों में परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

मौहल्ला नमक मंडी निवासी सचिन कुमार (उम्र 30 वर्ष), पुत्र बिजेंद्र चौधरी, 27 जुलाई को दोपहर 11 बजे किसी बात से नाराज होकर घर से निकल गया था। उसी दिन कुछ घंटों बाद रामराज पुलिस को गेट नंबर-15 के पास उसकी बाइक और जूते पड़े मिले। आशंका जताई जा रही है कि सचिन ने गंगा में छलांग लगा दी हो।

इसके बाद से पीएसी के गोताखोर लगातार गंगा बैराज क्षेत्र में उसकी तलाश कर रहे हैं, लेकिन गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण तलाशी अभियान में लगातार कठिनाई आ रही है। तीसरे दिन भी युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया है। इसी दिन, 27 जुलाई को ही एक अन्य युवक वरदान उर्फ सीटू द्धउम्र 42 वर्षद्ध, पुत्र रामकुमार, निवासी नमक मंडी, सुबह करीब 8 बजे घर से निकला था और तब से वापस नहीं लौटा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उसे आखिरी बार मीरापुर बस अढे के पास देखा गया था। परिजनों द्वारा उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना मीरापुर में दर्ज कराई गई है। वरदान स्थानीय स्तर पर व्यापारी के रूप में कार्यरत था और उसकी अचानक हुई गुमशुदगी से क्षेत्र में चिंता का माहौल है। दोनों मामलों को लेकर परिजन बेहद परेशान हैं और किसी अनहोनी की आशंका से दुखी हैं। फिलहाल पुलिस दोनों घटनाओं की जांच कर रही है और गायब युवकों की तलाश में जुटी हुई है। कस्बे में इन घटनाओं को लेकर दहशत और शोक का माहौल बना हुआ है।

### विद्युत संविदा कर्मी के साथ ग्रामीणों ने की मारपीट

**मोरना।** विद्युत बिल का भुगतान न करने वाले उपभोक्ता का कनेक्शन काट रहे लाइनमेन के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश मे आया है।संबंधित उपकेंद्र के अवर अभियंता ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव करहेड़ा मे विद्युत संविदाकर्मी के साथ मारपीट की घटना से विभागीय कर्मचारियों मे रोष व्याप्त हो गया। भोपा उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता इमरान अख्तर ने थाने पर दी तहरीर मे बताया की मंगलवार को वह गांव करहेड़ा मे एक उपभोक्ता द्वारा 68175 रूपये का बकाया बिल न जमा करने पर उसके कनेकशन को संविदा कर्मी अमित कुमार द्वारा काटा जा रहा था, जैसे ही अमित खम्बे पर चढ़ा तभी उपभोक्ता द्वारा चोरी से डाले गये केबिल को छत से हटाया जाने लगा जिसकी वीडियो ग्राफी संविदा कर्मचारियो द्वारा बना ली गयी। जिसके बाद तीन आरोपियों द्वारा अमित पर ईंट से वार कर उसके साथ मारपीट की गयी। अवर अभियंता ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# स्कूल उपसचिव ने मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र, जताई खुद व परिवार की हत्या की आशंका

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** लाल दयाल पब्लिक स्कूल के उपसचिव राजवीर सिंह वर्मा उर्फ टीटू पर हुए हमले और इस मामले में पुलिस की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। राजवीर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र भेजकर न सिर्फ अपने ऊपर हुए हमले की निष्पक्ष जांच की मांग की है, बल्कि खुद और अपने परिवार की हत्या कराए जाने की आशंका भी जताई है। उन्होंने पत्र में हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। गौरतलब है कि 19 मई को पूजा के दौरान स्कूल की छोटी बिल्डिंग में उपसचिव राजवीर सिंह पर महिला स्टाफ समेत 9 लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया था। राजवीर के अनुसार, हमलावर उन्हें मरा समझकर मौके से फरार हो गए थे। इस हमले को लेकर उन्होंने थाना प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा और क्षेत्राधिकारी रामाशीष यादव पर गंभीर लापरवाही और साजिश के आरा.ेप लगाए हैं।

**प्रधानाचार्या व शिक्षिका पर साजिश का आरोप**

राजवीर ने अपने पत्र में स्कूल की प्रधानाचार्या ममता शर्मा, शिक्षिका शैली और ममता के रिश्तेदार मेरठ निवासी एक प्रतिष्ठित चिकित्सक को हमले की साजिश का मास्टरमाइंड बताया है। राजवीर का आरोप है कि इन लोगों ने न सिर्फ हमला करवाया बल्कि साक्ष्य मिटाने और दबाव बनाने की भी कोशिश की। बता दें कि ममता शर्मा और शैली को फिलहाल कोर्ट से स्टे मिल चुका है।

**कुछ आरोपी जेल में**

इस मामले में आरोपी प्रमोद, अजीत और पंकज ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर जेल की राह पकड़ी, जबकि रोबिन को पुलिस ने गिर"तार कर जेल भेजा है। वहीं, रवि मास्टर, आशीष और श्रीकांत अब भी पुलिस की गिर"त से बाहर हैं, जिससे राजवीर ने पुलिस की नीयत पर सवाल खड़े किए हैं।

**जांच अधिकारी पर ही लगे आरोप**

राजवीर सिंह वर्मा ने सीओ स्तर पर हो रही जांच को असंगत और पक्षपातपूर्ण बताते हुए पूरी प्रक्रिया पर अविश्वास जताया है। उनका कहना है कि जब जांच अधिकारी स्वयं ही आरा.ेपों के घेरे में हैं, तो निष्पक्षता की उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने दावा किया कि मुख्य आरोपी अब भी स्कूल और अन्य क्षेत्रों में सक्रिय हैं और उन्हें संरक्षण प्राप्त है।

**उच्च न्यायालय और मानवाधिकार आयोग तक जाने की चेतावनी**

राजवीर सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो वे उच्च न्यायालय और राष्ट्रीय मानवा.धिकार आयोग का दरवाजा खटखटाएंगे। साथ ही उन्होंने खुद और अपने परिवार की जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने हमलावरों व ममता शर्मा से स्कूल से वसूली गई फीस, स्कूल वाहन, निजी कार और अन्य सामान दिलाए जाने की भी मांग की है।

## बदमाशों की आहट से कस्बे में दहशत

**मीरापुर।** कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि के समय बदमाशों की आहट से दहशत का माहौल बना हुआ है। पिछले एक सप्ताह से लगातार रात के समय कुछ संदिग्ध गतिविधियों की खबरें सामने आ रही हैं, जिससे कस्बेवासी और ग्रामीणजन भयभीत होकर रात्रि में स्वयं पहरा देने को मजबूर हैं।

बीती रात मुंतजिर कॉलोनी, खतौली रोड, मुश्तर्क और ग्राम कैथोडा में बदमाशों की मौजूदगी की सूचना से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने शोर मचाया और सैकड़ों की संख्या में लोग इकठ्ठा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और स्थिति का जायजा लिया, हालांकि कोई बदमाश पकड़ में नहीं आ सका। पिछले कई दिनों से ऐसी ही घटनाओं की खबरें मीरापुर सहित आस-पास के गांवों से लगातार आ रही हैं।

लोगों का कहना है कि रात्रि में कुछ संदिग्ध आवाजें और हलचल सुनाई देती हैं, जिससे भय का माहौल बना हुआ है। क्षेत्र के नागरिक रात्रि में टॉर्च और लाठी लेकर गश्त कर रहे हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस का कहना है कि इलाके में गश्त बढ़ा दी गई है और बदमाशों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए ताकि आमजन रात्रि में निश्चिंत होकर रह सकें। फिलहाल क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग किसी भी अनहोनी से बचने के लिए सजगता बरत रहे हैं।

# रालोद नेता ने म्हाड़ी मेले का किया शुभारम्भ

**भोपा।** गांव सिकंदरपुर मे आयोजित तीन दिवसीय म्हाड़ी मेले का शुभारम्भ रालोद नेताओं द्वारा फीता काटकर किया गया।



भोपा क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर मे स्थित गोगा जाहर म्हाड़ी पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय दिवसीय मेले का शुभारम्भ रालोद के मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. अमित ठाकरान द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।तथा पूजा अर्चना कर झंडी निशान चढ़ाये गये तथा प्रसाद ग्रहण किया गया प्रभात तोमर ने कहा की धार्मिक मेले हमारी संस्कृति की पहचान हैं। मनो.कामना सिद्धि के साथ प्राचीन संस्कृति की झलक इन मेले मे देखने को मिलती है।डॉ.अमित ठाकरान ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र मे अनेक स्थानों पर श्रावण मास मे म्हाड़ी मेलो का आयोजन किया जाता है। ग्रामीण संस्कृति की पहचान को यह मेले बनाये हुए हैं। इस अवसर पर पुजारिन किदवनती, योगेश गुर्जर,इरफ़ान अली अप्पी, मिन्टू आदि मौजूद रहे।

# सनातन धर्म सभा का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को सनातन धर्म सभा शहर मुजफ्फरनगर में सभा का वार्षिक अधिवेशन शंकर स्वरूप बंसल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ अधिवेशन का संचालन सतीश गर्ग मंत्री सनातन धर्म सभा मुजफ्फरनगर ने किया सर्वप्रथम गणेश वंदना अजय गर्ग ने सभी आजीवन सदस्यों को साथ लेकर की सभा के साथ-साथ संबंधित संस्थाओं का भी वार्षिक विवरण एवं वार्षिक चिठा पढ़कर सुनाया गया तथा सभी की स्वीकृति से हर्ष स्वीकार हुआ वर्ष भर हुए कार्य कर्मो की विस्तृत जानक.री मंत्री द्वारा सभी अधिवेशन में उपस्थित आजीवन सदस्यों को प्रदान की गई तथा अगले वर्ष का बजट निर्धारित किया गया।

जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार किया एवं आगे वर्ष भर में होने वाले कार्यक्रम पर विचार हुआ अंत में उपस्थित आजीवन सदस्यों द्वारा संस्था की उन्नति हेतु अपने-अपने उत्कृष्ट विचार रखे गए सभा के अंत में सभा के जो सदस्य मृत्यु लोक छोड़कर गोलोक गण हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा गया एवं अंत में अध्यक्ष एवं मंत्री की ओर से उपस्थित आजीवन सदस्यों को जलपान कराया गया तथा वार्षिक अधिवेशन से हर्ष संपन्न हुआ वार्षिक अधिवेशन में मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित गर्ग एडवोकेट एवं उप मंत्री अनुराग अग्रवाल एवं कार्यालय मंत्री सुखदेव कुमार मित्तल एडवोकेट एवं कोषाध्यक्ष अंजुल भूषण एवं प्रचार मंत्री अजय गर्ग के साथ-साथ ऑडिटर प्रवीण कुचल जी एवं नवीन कुमार ठेकेदार जी के साथ-साथ सदस्य कार्यकारिणी वैभव



मित्तल, अजय तायल, नीरज अग्रवाल, अनिल बंसल,सुशील गोयल, जनार्दन स्वरूप, संजय गोयल,पुष्पेंद्र, शिवकुमार, शरद गोयल एवं अरविंद भारद्वाज, परीक्षित कुमार मित्तल एडवोकेट , कुलदीप गोयल आदि सम्मानित सदस्यों ने वार्षिक अधिवेशन की शोभा बढ़ाई

# अपूर्वा यादव ने बुढ़ाना पहुंचकर चार्ज संभाला

**बुढ़ाना।** मंगलवार की सुबह एसडीएम अपूर्वा यादव सदर तहसील क्षेत्र से बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित एसडीएम कार्यालय में पहुंची और वहां पहुंचकर उन्होंने एसडीएम बुढ़ाना का चार्ज संभाला। एसडीएम अपूर्वा यादव का बुढाना तहसील के अन्य अधिकारी और कर्मचारियों ने स्वागत किया। लेखपाल संघ बुढ़ाना के अध्यक्ष ओम प्रकाश ने उनको बुकें भेंट की। गौरतलब है कि अपूर्वा यादव मैनपुरी जिले की रहने वाली पहली महिला एसडीएम हैं। अपने छोटे से शहर से निकलकर कठिन मेहनत और तगड़ी लगन के बल पर अपूर्वा ने यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा पास की। एसडीएम बनने से पहले अपूर्वा यादव एक इंजीनियर थी। अमेरिका में शानदार पैकेज पर जॉब कर रही थी लेकिन सपना था सिविल सर्विस एग्जाम क्वालिफाई कर लोगों की सेवा करने का। एसडीएम अपूर्वा अपनी अच्छी कार्यशैली के लिए जानी जाती हैं। अपूर्वा यादव हिंदी मीडियम की स्टूडेंट थी और पढ़ाई में शुरू से ही अव्वल थी। ये बात अलग थी कि उनकी इंग्लिश कमजोर थी लेकिन उन्होंने इस पर मेहनत की और टूटी-फूटी अंग्रेजी के सहारे इंजीनियरिंग की पूरी पढ़ाई की। अपूर्वा यादव शुरू से ही काफी मेहनती थी और पढ़ने में होशियार तो पढ़ाई खत्म होते ही उनकी जॉब टीसीएस जैसी कंपनी में लग गई। 3 वर्ष नौकरी करने के बाद उन्हें अमे.रिका जाने का मौका मिला। वहां चली तो गई लेकिन दिमाग में यूपीएससी



क्रैक करना चल रहा था। अपूर्वा भारत लौट आई और यूपीएससी के साथ-साथ यूपी पीसीएस की तैयारी में भी जुट गई। 3 बार उन्हें असफलता मिली लेकिन चौथे प्रयास में बीते वर्ष 2016 में उन्होंने 13वीं रैंक हासिल कर अपने इरादे जता दिए। वह मैनपुरी की पहली महिला एसडीएम बनी और अच्छी कार्यशैली को लेकर जल्दी ही जनता तक पहुंच बना ली। एसडीएम अपूर्वा यादव की शादी विशाल से हुई। उत्तराखंड के शिवपुरी में उनकी ग्रैंड वेडिंग हुई थी। सोशल मीडिया पर अपूर्वा काफी एक्टिव रहती हैं। अक्सर फोटोज शेयर करते रहती हैं। उनका एक यू-टडूब चौनल भी है। हसबैंड-वाइफ की इंस्टाग्राम पर वीपूर्वा नाम से कपल अकाउंट भी है। अपूर्वा बताती हैं कि जब उनकी इंग्लिश कमजोर थी तब उन्होंने इसे सही करने काफी मेहनत की। टीवी पर इंग्लिश प्रोग्राम देखे नॉवेल पढ़ी व बिना हिचक टूटी-फूटी इंग्लिश में बात की। उन्होंने बताया कि अगर प्रैक्टिस करते रहें तो कुछ भी नामुमकिन नहीं है और उसकी जीती जागती मिसाल में हूं।

# शालू सैनी ने नागपंचमी पर किया रूद्राभिषेक

**मुजफ्फरनगर।** अंतिम संस्कार की सेवा में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों के परिवार की सुख शांति व समृद्धि के लिए नागपंचमी पर किया रुद्राभिषेक'

साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी के नेतृत्व में महादेव को सबसे ज्यादा प्रिय महीना सावन माह की नागपंचमी के शुभ अवसर पर ईश्वरीय सेवाओं में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों के परिवार की सुख शांति व समृद्धि के लिए शिव मंदिर में रुद्राभिषेक कर महादेव से सभी के लिए प्रार्थना की।



सावन माह की नागपंचमी पर रुद्राभिषेक कराना एक बहुत ही पवित्र और धार्मिक कार्य है! नागपंचमी के दिन रुद्राभिषेक करने का महत्व बहुत अधिक है, और यह माना जाता है कि इससे अल्पआयु में मृत्यु दोष, सर्प दोष, काल दोष जैसे कई दोषों को महादेव खत्म कर देते हैं और लंबी उम्र व सुखशांति का जीवन देते है अंतिम संस्कार की सेवा एक बहुत ही महत्वपूर्ण और मानवीय सेवा है, क्रांतिकारी शालू सैनी पिछले कई वर्षो से ये सेवा करती आ रही है अभी तक वो 5000 से अधिक अंतिम संस्कार की सेवा कर चुकी है अब वो सेवा के लिए सहयोग मांगती है अपने सामर्थ्य से व सहयोगियों के सहयोग से इस सेवा को चला रही हैं। महाकाल की कृपा और सहयोगियों के सहयोग से यह सेवा संभव हो पा रही है।उपस्थित राजू सैनी मंगलेश प्रजापति रविन्द्र शर्मा काजल सुधा साक्षी सैनी अमित त्यागी

# प्रकृति संरक्षण विषय पर हुई क्विज प्रतियोगिता

**बुढ़ाना।** मेपल्स एकेडमी बुढाना में बने प्राकृतिक पार्क में आज मंगलवार के दिन डॉक्टर राजीव कुमार द्वारा विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर जन जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।



जिसमे प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र व छात्राओं को डॉक्टर राजीव कुमार के द्वारा बतलाया गया कि विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस हमारे ग्रह इसके पारिस्थितिक तंत्र प्राकृतिक संसाधनों और जैव विविधता को बचाने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।घ यह जागरूकता बढ़ाता है कि सभी को पर्यावरणीय क्षति से लड़ने स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देने और पर्यावरण के लिए जीवनशैली को अपनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। सभी को ऊर्जा बचाने, कार्बन उत्सर्जन कम करने और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा में सहायक आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करना है। पेड़ लगाने और पर्यावरण अनुकूल पहलों का समर्थन करने जैसी छोटी छोटी पहल करके पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र को बचाया जा सकता है। क्विज प्रतियोगिता के विजेताओ में वरेनियम, अतिफा, काव्यांश, वर्णिका, आशी, कार्तिक, अक्षय को गिफ्ट देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस कार्यक्रम में मेपल्स एकेडमी बुढाना की प्रधानाचार्य डॉक्टर गरिमा वर्मा के नेतृत्व में विपिन कुमार, मोनिका त्यागी की भूमिका रही।

# शिवपुरी स्थित झारखंड महादेव देवालय में संध्याकालीन महाआरती का भव्य आयोजन जारी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्रावण मास की पावन बेला में झारखंड महादेव देवालय, शिवपुरी में संध्याकालीन महाआरती का आयोजन श्रद्धा व भक्ति के साथ निरंतर जारी है। 10 जुलाई, गुरु पूर्णिमा से आरंभ हुआ यह धार्मिक अनुष्ठान श्रावण पूर्णिमा 9 अगस्त 2025 तक चलेगा। प्रतिदिन आरती से पूर्व भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक विधिपूर्वक संपन्न कराया जा रहा है, तत्पश्चात दीप प्रज्वलन कर संध्याकालीन महाआरती की जा रही है।

सोमवार को आयोजित संध्याकालीन आरती में मुख्य यजमान के रूप में सुनील गुप्ता (गुप्ता पाइप वाले) एवं सचिन गुप्ता ने परिवार सहित सहभागिता की। उन्होंने भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर संध्या आरती में भाग लिया और भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवभक्तों की उपस्थिति रही। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने किया। इस धार्मिक आयोजन में संरक्षक वेद प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष सुधीर गोयल, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सूरी, सचिव तरुण सूरी, कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल सहित प्रमुख रूप से मदन छाबड़ा, मनोज उपाध्याय, संदीप अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, संजय गोस्वामी, विजय माहेश्वरी, शुभम टेलर्स, रमेश कुमार, सुनील दत्त शर्मा, सुनील कुमार अलीपुर, अशोक



कुमार शर्मा, संजय भार्गव, सुनील बजाज, पूर्व सभासद पंकज भटनागर, अनिल वर्मा (ज्वैलर्स), प्राची अग्रवाल, उपासना अग्रवाल, मिथलेश माहेश्वरी, शशि भारद्वाज, कमलेश देवी, पूनम देवी, विमला देवी, मालती शर्मा, कृष्णा वर्मा, शशि उपाध्याय, आरती, ऐशवती गोस्वामी एवं नीरज मिश्रा का विशेष सहयोग रहा। आरती का संपूर्ण वैदिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य पंडित कमलेश मिश्रा एवं अनुराग शास्त्री द्वारा सम्पन्न कराया गया। श्रद्धालु भक्तों ने आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे अध्यात्म और आस्था का अनूठा संगम बताया।

# बुर्का पहनकर घूम रहे तीन युवक पकड़े

**खतौली।** तीन दिन पूर्व बुर्का पहनकर देर रात संदिग्ध हालत में घूम रहे तीन युवकों को लोगों ने ड्रोन चोर समझकर पकड़ कर उनकी जमकर पिटाई की थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को भीड़ से छुड़ाया और पूछताछ की। गहराई से जांच करने पर पता चला कि तीनों युवक शातिर किस्म के अपराधी हैं और इनके पास से नाजायज चाकू व लूटपाट में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद हुआ है।

सोमवार की रात (27 जुलाई) को खतौली के बुढ़ाना मार्ग स्थित थानेश्वर मंदिर के पास तीन युवक बुर्का पहनकर संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते नजर आए। स्थानीय लोगों को शक हुआ कि ये युवक ड्रोन चोर हैं। देखते ही देखते मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई और तीनों युवकों को घेरकर पकड़ लिया। आरोप है कि गुस्साई भीड़ ने युवकों की जमकर पिटाई कर दी और मौके पर हंगामा शुरू हो गया।

सूचना पर थाना खतौली पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों युवकों को भीड़ से सुरक्षित बाहर निकाला। पूछताछ में युवकों की पहचान सुहेल पुत्र याकूब निवासी मोहल्ला बेरियान थाना जानसठ, शबी हैदर पुत्र अफजाल हुसैन निवासी हुसैनपुरा, किल्ली दरवा.जा थाना जानसठ, तथा आमिर पुत्र जैगम हुसैन निवासी हुसैनपुरा थाना जानसठ के रूप में हुई। पुलिस जांच में पाया कि तीनों युवक ड्रोन चोर नहीं हैं, लेकिन इनके हावभाव और गतिविधियां संदिग्ध थीं। पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की और तलाशी ली, तो इनके पास से नाजायज चाकू, सब्बल, हथौड़ा और लोहे की सील पत्तियां बरामद हुईं, जिनका उपयोग चोरी और लूटपाट के इरादे से किया जाना था। पुलिस ने तीनों को 28 जुलाई को बर्फखाना मार्ग के पास से गिरफ्तार किया इन्हें जेल भेज दिया गया। शातिर अपराधी शबी हैदर के खिलाफ थाना जानसठ में पूर्व में आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम व चोरी जैसे गंभीर मामलों में पाँच मुकदमे दर्ज हैं। जबकि सुहेल और आमिर पर भी नया मामला दर्ज किया गया है। तीनो को उपनिरीक्षक विक्रांत कुमार, उपनि.रीक्षक अनुपम सारस्वत, हेड कांस्टेबल अनुज कुमार, कांस्टेबल प्रवीन नागर ने गिरफ्तार किया था।

### नवागंतुक ईओ नीलम ने नगर पंचायत का पदभार संभाला

**जानसठ।** नवागंतुक अधिशासी अधिकारी ने नगर पंचायत मीरपुर के साथ जानसठ का अतिरिक्त पदभार भी सभाल लिया है।गौरतलब रहे कि अधिशासी अधिकारी नीलम पांडेय लगभग एक माह से मीरापुर नगर पंचायत के कार्यालय को देख रही थी उन्हें जानसठ नगर पंचायत कार्यालय की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसको लेकर उन्होंने गत दिवस नगर पंचायत जानसठ का भी अतिरिक्त पदभार ग्रहण कर लिया है।

ज्ञात रहे कि नवागंतुक अधिशासी अधिकारी नीलाम पाण्डेय इससे पूर्व में नगर पंचायत चरथावल में कार्यरत रहीं हैं उन्होंने गत दिवस जानसठ नगर पंचायत का भी अतिरिक्त पदभार ग्रहण किया इस दौरान अध्यक्ष नगर पंचायत जानसठ डॉक्टर आबिद हुसैन ने नवागंतुक अधिशासी अधिकारी को पदभार ग्रहण कराया इस अवसर पर अध्यक्ष डॉक्टर आबिद हुसैन ने कहा कि कस्बे के सम्मानित नागरिकों की समस्याओं का विशेष तौर पर समाधान कर उनको हर प्रकार से सहुलत प्रदान की जाएगी। नवांगतुक अधिशासी अधिकारी नीलम पांडे ने भी अध्यक्ष नगर पंचायत जानसठ डॉक्टर आबिद हुसैन को विश्वास दिलाया कि सरकार की नीति के अनुसार प्रत्येक नागरिक को हर संभव सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा ।

# यूनिवर्सिटी अलीगढ व नवोदय विद्यालय में अबूजर के चयन से खुशी

**मुजफ्फरनगर।** लिंक पब्लिक जूनियर हाई स्कूल, बाननगर के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार द्वारा विद्यालय में एक बैठक आहूत की गई।



जिसमें विद्यालय के समस्त स्टाफ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि हमारे विद्यालय के छात्र मो. अबुजर पुत्र अली मो., निवासी ग्राम दीदाहेडी,जिला मुजफ्फरनगर ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी तथा पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय,बघरा की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। बैठक मे प्रधानाचार्य के द्वारा छात्र को पुरस्कृत किया गया और समस्त स्टाफ ने छात्र को हार्दिक बधाई दी।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मुकीम उर्फ अमली खा व उसकी पत्नी श्रीमती शमशाना मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है गलत संगत में पड़ गए है इसलिए मैने इन दोनो से संबंध विच्छेद कर इन्हे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**नवाब पुत्र शमसु**
**निवासी-ग्राम माण्डी**
**थाना तितावी, तहसील सदर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**Name Change**

**I PURUSHOTTAM** Agarwal R/O 94/B, Vakil Road, New Mandi, Muzaffarnagar have changed my name from Purushottam Agarwal To Purushottam Aggarwal. Henceforth I would be known by the name of Purushottam Aggarwal. For all future purposes.

**Name Change**

**I KRISHNA** Agarwal S/O Purushottam Aggarwal R/o 94/B, Vakil Road, New Mandi, Muzaffarnagar have changed my name from Krishna Agarwal To Krishna Aggarwal. Henceforth i would be known by the name of Krishna Aggarwal. For all future purposes.

**Name Change**

**I NANDINI** Aggarwal D/O Purushottam Agrawal R/O 94/B, Vakil Road, New Mandi, Muzaffarnagar have changed my name from Nandini Aggarwal To Nandini Agrawal. Henceforth I would be known by the name of Nandini Agrawal. For all future purposes.

**Public Notice**

I am Hanipha wife of Istakil resident of village Jaula tehsil Budhana district Muzaffarnagar pin code 251309. My son Gulzar Ali is currently working as a Havildar in the Army. In his official records mother's name i-e- my name is HANIPA BEGAM and my date of birth is recorded as 01-07-1960 which is wrong whereas in my Aadhar card my name is HANIPHA and my date of birth is recorded as 01-01-1969 which is correct.

**Name Change**

**I PURUSHOTTAM** R/O 94/B, Vakil Road, New Mandi, Muzaffarnagar have changed my name from Purushottam To Purushottam Agrawal. Henceforth I would be known by the name of Purushottam Agrawal. For all future purposes.

# सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले 5 उपद्रवी थमे

## घर में घुसकर युवती समेत कई को किया था घायल

**बुढ़ाना।** बच्चों को गालियां देने का विरोध करने पर कुछ उपद्रवियों ने एक घर में घुसकर युवती सहित तीन ग्रामीणों को मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर 05 लोगों को गिरफ्तार कर बाकी फरार युवकों की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बिराल में सोमवार की देर रात अल्पसंख्यक वर्ग के युवक चांद अहमद ने पाल समाज के मोहल्ले से गुजरते हुए गली में खेल रहे दो बच्चों को अकारण ही गंदी गंदी गालियां देनी शुरु कर दी। तब वहीं पर मौजूद पाल समाज के लोगों ने उसको गाली देने से मना किया तो आरोप के मुताबिक चांद अहमद की सूचना पर अय्यूब और खुर्शीद सहित उसके समाज के दर्जनों युवक कुछ ही देर बाद वहां पर लाठी डंडे लेकर पहुंच गए। आरोप है कि इन सभी युवकों ने एक राय होकर बडी वारदात करने के इरादे से पाल समाज के एक घर में घुसकर परिवार के सदस्यों पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। इस हमले में उज्जवल पाल उसका पिता मूलचंद पाल और उज्जवल पाल की बहन घायल हो गई। तब शोर शराबा सुनकर सैंकड़ों ग्रामीण एकत्र होने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार होने में कामयाब हो गए। इस घटना के विरोध मे देर रात के समय पीडित परिवार के लोग बुढ़ाना कोतवाली पहुंचे और उक्त घटना की तहरीर बुढ़ाना पुलिस को देते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि हमला करने वालों में बाहर के युवक भी मोजूद थे। घटना की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद व एक दर्जन से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। इस घटना में पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि अज्ञात आरोपियों की पहचान की जा रही है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## नीलगाय आगे आने से ट्रक अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलटा

**जानसठ।** जानकारी के अनुसार ट्रक चालक ट्रक में प्लास्टिक समान लेकर और अपने परिचित महिलाओं को लेकर मीरापुर मुज़फ्फरनगर हाईवे से होते हुए गुजर रहा था जैसे ही ट्रक मंगलवार की सुबह लगभग 7:30 के समय सलारपुर से आगे निकला ही था,कि तभी ट्रक के आगे अचानक से एक नीलगाय दौड़ती हुई आई, ट्रक के आगे नीलगाय को आते देख ट्रक चालक का ट्रक से नियंत्रण खो गया और अनियंत्रित होकर हाईवे पर ट्रक पलट गया ट्रक चालक संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया,कि काशीपुर से ट्रक में प्लास्टिक का सामान भरकर कटवा जम्मू जाना था जैसे ही ट्रक गांव सलारपुर से आगे निकला ही था कि जंगल से निकाल कर अचानक एक नील गाय आ गई जिसके कारण ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें अंजलि चौहान पुत्री राजेंद्र व अनीता पत्नी स्वर्गीय राजेंद्र ट्रक पलटने के कारण घायल हो गयी सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिसकर्मी कांस्टेबल रणवीर सिंह ने घायलों को अस्पताल पहुंचया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## चौरावाला में सास बहू-बेटा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मोरना।** गांव चौरावाला स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र में सास-बेटा-बहु सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें गांव की आशाओं को उपहार व महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा स्वास्थ्य सम्बंधी जागरूकता, परिवार नियोजन, पोषण और सामाजिक समरसता आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ काजल धामा ने बताया कि कार्यक्रम में आशा प्रविता, बबीता, गीता, कविता, मुनेश, रूबी, पिंकी को उपहार दिए गए। साथ ही परिवार कल्याण योजना व जनसंख्या नियंत्रण में प्रतिभाग करने वाली कई महिलाओं को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि सम्मानित की गई महिलाओं ने परिवार नियोजन को अपनाकर समाज में सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह सम्मान उन महिलाओं को दिया जाता है, जो दो बच्चे होने के बाद परिवार नियोजन के अंतर्गत नसबंदी कराती हैं। देश के कल्याण के लिए परिवार नियोजन जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन सीएचओ काजल धामा ने किया।

# जज्बा दौड़- 11 में डीएम, एसएस पी ने भरा जज्बा, दोड़ेंगे सबके साथ



जज्बा दौड़- 11 को विश्व की महानतम दौड़ बनाने के लिए जज्बा टीम डीएम उमेश मिश्र व एसएसपी संजय कुमार वर्मा से मिली। दोनों ही अधिकारियों ने जज्बा टीम में नया जज्बा भारते हुए हर स्तर से जज्बा दौड-11 को सफल बनाने में सहयोग दिया।

दोनों ही अधिकारियों ने जज्बा टीम के सत्यप्रकाश रेशू, सभासद अमित पटपटिया, मनीष भारती, नवनीत मिश्र, सुमित मिश्र से जज्बा दौड़ की पूर्ण जानकारी ली। साथ ही बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए हर स्तर पर सहयोग करने को कहाँ। जिलाधिकारी उमेश मिश्र ने तत्काल सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर को सारी व्यवस्थाएं सुनश्चित करने को कहाँ। जिस पर जज्बा टीम सिटी मजिस्ट्रेट पंकज से मिलकर जज्बा दौड़-11 की हर बात समझाने में सफल रहे। इसी प्रकार एस. एस. पी संजय वर्मा ने जज्बा टीम का सम्मान करते हुए आजादी के दीवानों के लिए जज्बा टीम में एक नया जज्बा भर दिया। जिससे जज्बा टीम ने अपनी तैयारी दो गुना स्तर पर शुरू कर दी हैं।

# भाकियूअ राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक भी हुए शामिल

**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्ली देहरादून 709 बी पर चौनेज संख्या 49 प्लस 200 से 56 प्लस 00 राजपुर छाजपुर से करौदा महाजन तक दोनों ओर सर्विस रोड बनाए जाने के लिए आज भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक के समक्ष कार्यकर्ताओं और अन्य पदाधिकारियों ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्ली देहरादून 709 बी पर ग्राम राजपुर छाजपुर, डूंगर, फुगाना, खेड़ामस्तान और परसौली सहित लगभग दस गांव के लोग राजपुर छाजपुर से करौदा महाजन इंटरचेंज तक सर्विस रोड बनाए जाने की माँग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे है। राजपुर छाजपुर अंतर्जनपदीय सड़क पर स्थित है साथ साथ दो जनपदों की सीमा पर स्थित है। राजपुर छाजपुर में सर्विस रोड दिए जाने का लाभ लगभग 25 किमी चारों और के नागरिकों को होगा। सामान परिस्थितियों में इसी तरह का निर्माण भज्जू से बुटराड़ा इंटरचेंज तक किया जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एक ही प्रोजक्ट में एक ही तरह के मामले में दोहरे मापदंड अपनाए जाने से नागरिकों मे भारी रोष है नागरिक हित में अविलंब राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्ली देहरादून 709 बी पर चौनेज संख्या 49 प्लस 200 से 56 प्लस 00 राजपुर छाजपुर से करौदा महाजन इंटरचेंज तक दोनों ओर सर्विस रोड बनाए जाने के आदेश निर्गत कर निविदा जारी किए जाने का कष्ट करें। ज्ञापन देने वालों में सुधीर पहलवान जिलाध्यक्ष , ठाकुर अमित तहसील बुढाना अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण पंवार, तहसील उपाध्यक्ष जाबिर राणा, तहसील उपाध्यक्ष कपिल ठाकुर व समस्त टीम मौजूद रही और हाइवे के अधिकारियो के साथ मीटिंग कर भाकियू अराजनैतिक जिंदाबाद के भी नारे लगाए।

# सीबीएसई नॉर्थ जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में दिखा जोश और जुनून



**मीरापुर।** शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मीरापुर में आयोजित सीबीएसई नॉर्थ जोन-1 ताइक्वांडो चैंपियनशिप का चौथा दिन भी उत्साह, जोश और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना का परिचय देते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया।

इस अवसर पर बीआईटी के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह और मीडिया सेंटर मीरापुर के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और विद्यालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में इस स्तर की प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना की। अपने प्रेरणादायक संबोधन में डॉ. अनिल सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, सतत प्रयास और नवाचार को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना जैसे महत्वपूर्ण गुणों को भी विकसित करते हैं। मीडिया सेंटर के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने खेलों के सामाजिक और मानसिक महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल व्यक्ति के मन और मस्तिष्क को स्फूर्तिवान बनाते हैं। ये अनुशासन, सहयोग, धैर्य और नेतृत्व की भावना को मजबूत करते हैं और जीवन में प्रतिस्पर्धा का सामना करने की शक्ति प्रदान करते हैं। चौंपियनशिप के मुकाबलों में भी जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। अंडर-19 वर्ग में शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मीरापुर के मोहम्मद नबी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ''हर्ष हेडवे पब्लिक स्कूल, मेरठ'' को हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं अंडर-14 वर्ग के पहले सेमीफाइनल में अविनाश उपाध्याय, मोहम्मद उजैफ, अभिनव गोयल और सालार शाहिद खान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर-17 सेमीफाइनल में दीपांश, ओजस सिंह नेगी और अंगद अरोड़ा ने जगह बनाई।

अतिरिक्त अंडर-17 क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में सोमिल महाजन, अभय जहाँ, प्रशांत सिंह, यश सहदेव, अभिनव कुमार और आध्यात्मिक जकराना ने अपनी योग्यता का परिचय दिया। कार्यक्रम में भाजपा मीरापुर मंडल अध्यक्ष सचिन ठाकुर, रामलीला समिति अध्यक्ष दीपक गोयल, रोहित महेश्वरी, मीडिया सेंटर मीरापुर के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश शर्मा, महासचिव आफताब मेवाती, जोगेंद्र सिंह, शिवम वत्स व प्रतीक देव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों पर शुभकामनाएं दीं और उन्हें भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जी मुकदमे को लेकर पत्रकारों मे रोष व्याप्त

**मोरना।** फर्जी मुकदमा दर्ज कर पत्रकार पर कार्रवाई का दबाव बनाने से पत्रकारों मे रोष व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या मे इकठा हुए पत्रकारों ने ककरौली थाने पर प्रदर्शन कर मुकदमे को शीघ्र समाप्त करने की मांग की है। तथा आंदोलन की चेतावनी दी है। ककरौली थाना क्षेत्र के ग्राम कम्हेड़ा में बाइक सवार दो लोगों ने एक बच्चे का अपहरण करने की सूचना मात्र व्हाट्सऐप पर चलाने व पुलिस के कहने पर उसे तुरंत ही हटाने के बावजूद पत्रकार नूर मोहम्मद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जिसके बाद पत्रकारों मे रोष व्याप्त हो गया। मंगलवार को बड़ी संख्या मे पत्रकार ककरौली थाने पर इकठा हुए और पत्रकार पर लिखे गये फर्जी मुकदमे को तुरंत समाप्त करने की मांग की गयी।मुजफ्फरनगर,जानसठ, मीरापुर, रामराज, मोरना, भोपा, ककरौली, खतौली, पुरकाजी, छापर, आदि स्थानों से आये पत्रकारो रोहिताश्व वर्मा,प्रेम सागर,मिर्जा गुलजार बेग,संजय राठी प्रवेश मलिक ,धर्मेंद्र जावला उर्फ बिल्लू, काजी अमजद अली, विपिन पंवार, अंकित मित्तल , विजय मुंडे, ,राहुल शर्मा,धर्मोद चौधरी, आबिद खान ,राजेंद्र चौधरी ,ब्रह्म प्रकाश शर्मा ,जितेंद्र ठाकुर, नरेंद्र बालियान,सुशील कुमार, डॉ.खुशनसीब ,वसीम अहमद ,अमित कुमार शर्मा, मंगल सिंह ,कौशर चौधरी मिर्जा, गय्यूर मालिक, वेदपाल कपासिया, मोहम्मद आजम ,नय्यर अब्बास, सोनू वर्मा मोहम्मद अहसान, रहमान, प्रिंस नायक जीशान ,संदीप कुमार आदि ने बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। पुलिस द्वारा आगामी रविवार तक मामले का पटाक्षेप करने के आश्वासन के बाद पत्रकारो ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

### लोग चाहते हैं सत्येंद्र पाल को ही मिले टिकट



**बुढ़ाना।** स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के कद्दावर सपा नेता सत्येंद्र पाल ने विगत दिवस समाजवादी पार्टी के मुजफ्फरनगर कार्यालय पर आयोजित किए गये भव्य कार्यक्रम में जिस तरीके से बुढाना विधानसभा क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों के साथ धमाकेदार एंट्री की थी वह अभी भी बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र मे चर्चा का विषय बनी हुई है। इस बार वाकई मे बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के कथित प्रबल दावेदारों को सत्येंद्र पाल ने इस समय की भयंकर गर्मी मे पसीना जरुर ला दिया है तो कई स्वघोषित उम्मीदवारों के चेहरो पर से तो रोनक ही गायब हो गई है। अगर देखा जाए तो इस बार बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र की जनता की पहली पसंद बन चुके सत्येंद्र पाल पार्टी हाईकमान की भी पसंद बनते जा रहे हैं। पार्टी नेतृत्व किस पर भरोसा जतायेगा या फिर क्या समीकरण बैठायेगा यह तो अभी भविष्य के गर्भ में है लेकिन मौजूदा समय में सत्येंद्र पाल का नाम सपा से बुढ़ाना विधानसभा के दावेदारों की सूची में पहले स्थान पर है। इस संवाददाता ने क्षेत्र में भ्रमण कर इस मुद्दे पर जनता की राय जाननी तो अधिकतर लोग सत्येंद्र पाल को ही बुढ़ाना से सपा का मजबूत दावेदार मान रहे हैं। कुल मिलाकर सपा नेता सत्येंद्र पाल रात दिन सपा को मजबूत करते हुए देखे जा सकते हैं।

# मुजफ्फरनगर में होगा मुस्लिम समाज का कौमी एकता सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुस्लिम समाज में फेल रही बुराइयों के खिलाफ ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज का बड़ा कदम करेगा कौमी एकता सम्मेलन

खबर उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से है जहां ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज ने एक बड़ी पहल की है।मुस्लिम समाज में फैल रही कुरीतियों और बुराइयों के खिलाफ संगठन अब खुलकर मैदान में उतर आया है। इस कड़ी में संगठन के द्वारा अगस्त माह में एक कौमी एकता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुस्लिम समाज सुधार की दिशा में कई अहम फैसले लिए जाएंगे।

मुज़फ्फरनगर में ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष इरफान अंसारी के आवास पर एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस मीटिंग में मुस्लिम समाज में फैली बुराइयोंकृजैसे शादियों में फिजूलखचह्न, दहेज प्रथा, नशे की लत और सोशल मीडिया के फेल रहे दुष्प्रभावों पर गंभीर चर्चा हुई।कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने तय किया कि अगस्त महीने में एक भव्य कौमी एकता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी बिरादरियों के गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया जाएगा।सम्मेलन का उद्देश्य होगाकृसमाज में व्याप्त कुरीतियों को जड़ से खत्म करना समाज में पनप रही नई रस्मों जैसे शादियों में फिजूल खचह्न लड़कों में शिक्षा का अभाव, दहेज प्रथा नौजवानों में नशे की लत, सोशल मीडिया के कुप्रभाव और मुस्लिम नौजवान लड़कों का बेवजह देर रात तक चाय की दुकानों पर मजमा लगाना लड़कों और लड़कियों की तालीम को बढ़ावा देना। खासकर मुजफ्फरनगर के कस्बों में लड़कियों के लिए स्कूल खोलने पर भी विचार विमर्श किया गया।इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष इरफान अंसारी समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे, और सभी ने समाज सुधार की इस मुहिम में एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। आज की इस मीटिंग में ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष इरफान अंसारी राष्ट्रीय महासचिव ताहिर हुसैन अंसारी हिंदुस्तानी पसमांदा मंच से राष्ट्रीय प्रवक्ता मोहम्मद रिजवान अंसारी हिंदुस्तानी पसमांदा मंच से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद इदरीश और भी बहुत से गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**मुजफ्फरनगर: मुस्लिम समाज कौमी एकता की बैठक की जानकारी देते मुस्लिम समाज के लोग।**



**मुजफ्फरनगर: एसडी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का दृश्य।** छाया शाह टाइम्स

# एसडी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग में विज्ञान शिक्षा को नया आयाम

**मुजफ्फरनगर।** एसडी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग के प्रांगण में भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वावधान में स्टैंडर्ड क्लब द्वारा Learning Science via Standards विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विज्ञान की अवधारणाओं को रोचक, रचनात्मक और प्रयोगात्मक ढंग से समझाना था। इस अवसर पर BIS शाखा से पधारे रिसोर्स पर्सन भुवनेश त्यागी ने विद्यार्थियों को विज्ञान की मानवीकरण प्रक्रिया, गुणवत्ता निर्धारण और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा- मानक किसी भी उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता की पहचान होते हैं। विज्ञान तभी सार्थक है जब वह प्रमाणिकता और सटीकता के साथ समाज की सेवा करे। BIS विद्यार्थियों को विज्ञान में न केवल रूचि जगाने बल्कि उन्हें जागरूक उपभोक्ता और उत्तरदाई नागरिक बनाने का माध्यम भी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राधानाचार्या भारती तिवारी ने की। कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग और मानक लेखन प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों में अपने नवाचार व वैज्ञानिक कौशल का प्रदर्शन किया। मानक लेखन प्रतियोगिता Standard Writing Competition में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने BIS के उद्देश्यों के अनुरूप उत्कृष्ट रचनात्मकता और जागरूकता दिखाई। प्रतिभागियों को तीन श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमश: 1000/- रूपये, 750/- रूपये और 500/- रूपये की धनराशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक चंचल सक्सैना एवं प्रधानाचार्या भारती तिवारी ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन स्टैंडर्ड क्लब की मेंटर्स प्रिया त्यागी और रेशू गुप्ता द्वारा किया गया। जिनके मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के प्रति गहरी समझ और सामाजिक सरोकार का परिचय दिया।

## पत्नी की गला दबाकर हत्या करने वाला पति दबोचा

**बुढ़ाना।** पांच दिन पूर्व अपनी पत्नि की हत्या करने वाले कलयुगी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने हत्यारे पति के पास से हत्या में प्रयुक्त की गयी चुनरी भी बरामद कर ली है। पति ने अपनी पत्नि की हत्या चुनरी से गला दबाकर की थी। इससे पहले पुलिस हत्या में नामजद सास ससुर को जेल भेज चुकी है। मृतका के पीहर वालों ने बीते सोमवार को तहसील परिसर में हत्यारे पति की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया था। गढ़ी सखावतपुर में पांच दिन पूर्व विवाहिता बिटो सहरावत की हत्या हुई थी। चर्चा थी कि पुत्रियां पैदा होने से ससुराल वाले खफा थे। पीहर वालों ने हंगामा करते हुए पुलिस से हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की थी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मृतका के वृद्ध सास ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आज पुलिस ने पति भगत सिंह को जेल भेजकर उसके छोटे भाई की भी तलाश शुरु कर दी है।

# संजय मित्तल को बनाया संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा का अध्यक्ष

**मुजफ्फरनगर।** वैश्य समाज के प्रमुख व्यक्तियों एवं संस्थाओं की संयुक्त बैठक संपन्न **हुई** ।बैठक में समाज के प्रमुख लोगों ने एवं अलग-अलग सभा चलने वाले सभी संस्थाओं के अध्यक्ष एवं महामंत्रियों के साथ समाज में अग्रणी भूमिका निभाने वाले व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया। बैठक में समाज पर लगातार किसी न किसी प्रकार होने वाले आक्रमणों की चिंता करते हुए वैश्य समाज को एकजुट करने पर बल दिया गया। इसी के निमित्त आज सर्वसम्मति से ष्संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा जनपद मुजफ्फरनगर का गठन किया गया. समाज में कार्य करने वाली सभी संस्थाओं को जोड़कर यह अग्रणी संस्था बनाई गई है जो समाज में जुड़कर कार्य करेगी एवं वैश्य समाज के किसी भी घटक के उत्थान के लिए कार्य करेगी।

इस सभा में सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में श्री संजय मित्तल, महामंत्री के रूप में श्री दिनेश बंसल एवं अनिल तायल एवं कोषाध्यक्ष के रूप में श्विदीप गोयल बिटू के नाम सर्वसम्मति से पारित किए गए एवं आगे कार्यकारिणी बनाने की जिम्मेदारी उपरोक्त पदाधिकारयों को सौंप दी गई।सभा में मुख्य रूप से अशोक कंसल पूर्व विधायक एवं संरक्षक वैश्य सभा, संजय मित्तल वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महासभा, श्रीमोहन तायल संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष कदीम अग्रवाल सभा रजिस्टर्ड, सत्यप्रकाश मित्तल अध्यक्ष अग्रसेन भवन स्मारक ट्रस्ट, सुरेंद्र अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष अखिल अग्रवाल सम्मेलन, विनोद सिंघल जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, प्रमोद मित्तल राष्ट्रीय से संगठन मंत्री अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, अनिल तायल मंत्री श्रीकदीम अग्रवाल सभा, दिनेश बंसल वरिष्ठ उपाध्यक्ष वैश्य सभा, सुनील सिंघल अध्यक्ष वैश्य अग्रवाल महासभा,अमित अग्रवाल बंटी किनौनी प्रदेश अध्यक्ष महाराजा अग्रसेन सेवा समिति रजिस्टर्ड, श्विदीप गोयल प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, योगेश कुमार सिंघल उपाध्यक्ष वैश्य सभा, दिनेश गुप्ता अध्यक्ष श्री अग्रसेन सेवा समिति रामपुरी, शिवकुमार सिंगल महामंत्री श्री अग्रसेन सेवा समिति रामपुरी, पुरुषोत्तम दास सिंगल वैश्य सभा आदर्श कॉलोनी, अशोक कुमार सिंगल च त पब्लिक स्कूल वैश्य सभा आदर्श कॉलोनी,संजीव कुमार गोयल, कपिल कुमार गुप्ता एडवोकेट जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन, राकेश कंसल क मार्केट, राजेश संगल संरक्षक महाराजा अग्रसेन मंदिर सेवा ट्रस्ट, अचिन कंसल, रविकांत अग्रवाल, संजीव गोयल बॉबी मंत्री वैश्य सभा जनपद मुजफ्फरनगर,जिला उपाध्यक्ष अमरीश कुमार बंसल बुढ़ाना महाराजा अग्रसेन सेवा समिति रजिद्ध, कांति राठी अध्यक्ष माहेश्वरी सभा जनपद मुजफ्फरनगर मौजूद रहे।



# ऊर्जा मंत्री के विवादित बयान से वैश्य समाज में उबाल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के एक विवादित बयान ने वैश्य समाज में जबरदस्त आक्रोश पैदा कर दिया है। मंत्री द्वारा बिजली विभाग की एक सभा में बनिया समाज को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ मंगलवार को अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी राजकुमार भारती को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

बताया गया कि मंत्री ने सभा में कहा था, ष्यह बनिये की दुकान नहीं है, बनिये की दुकान पर पैसा देने के बाद भी माल नहीं मिलता।ष इस टिप्पणी से वैश्य समाज और व्यापारी वर्ग की भावनाएं आहत हुई हैं। संगठन ने ऊर्जा मंत्री से तत्काल सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है, साथ ही चेतावनी दी है कि यदि मंत्री को बर्खास्त नहीं किया गया तो प्रदेशभर में उग्र आंदोलन और आगामी चुनावों में बहिष्कार तक किया जा सकता है। संगठन के नगर अध्यक्ष एडवोकेट अभिषेक गोयल ने कहा कि यह टिप्पणी केवल असंवेदनशील ही नहीं, बल्कि जानबूझकर समाज विशेष को अपमानित करने की नियत से की गई है।

यदि मंत्री खेद जताकर माफी मांग लेते तो विवाद समाप्त हो सकता था, लेकिन अब समाज को मजबूरन सड़कों पर उतरना पड़ेगा। वरिष्ठ नगर महामंत्री अमित गोयल ने कहा, ह्हमने अभी ज्ञापन देकर अपना विरोध दर्ज कराया है, लेकिन अगर हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो समूचा वैश्य समाज आंदोलन करेगा। जरूरत पड़ी तो चुनावी बहिष्कार का निर्णय भी लिया जाएगा।ह्न ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुमित गुप्ता, रामकुमार, अजय, नितिन सिंघल, अभिषेक गोयल चक्की वाले, निभह्नक अग्रवाल, सचिन गर्ग आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। संगठन ने सरकार से ऊर्जा मंत्री के खिलाफ शीघ्र कठोर कार्रवाई की मांग की है।



**क्या है विवाद की जड़?**

ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बिजली विभाग की एक बैठक के दौरान असंतोष जताते हुए कहा था, ष्यह बनिये की दुकान नहीं है, जहाँ पैसा देने के बाद भी माल नहीं मिलता। उनकी इस टिप्पणी को वैश्य समाज के प्रति अपमानजनक माना गया और इसी के विरोध में यह विरोध-प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपा गया।

## दो युवकों को चाकू मारकर किया घायल

**बुढ़ाना।** किसी बात पर दो युवकों को कुछ युवकों ने एकराय होकर चाकू मारकर लहुलुहान कर दिया और फरार हो गये। इस मामले में हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जाहिद पुत्र कामिल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका पुत्र रिहान और जुनैद पुत्र अनीस 27 जुलाई को लुहसाना रोड सफीपुर पट्टी की और जा रहा था कि रास्ते में अनस पुत्र तहसीम, अयाम पुत्र तहसीम व रिहान पुत्र नौशाद व अन्य ने नई बस्ती में गाली गलौच की औरजब रिहान व जुनैद पर चाकू से हमला कर दिया।


कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर

सार्वजनिक सूचना

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्रीमती हिना कौशर, पुत्री श्री अबरार अहमद, निवासी-ग्राम-चिम्मन, चाँदपुर, तहसील व जनपद-बिजनौर, उ0प्र0 के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं0-M/ZDA/BP/24-25/0439 के द्वारा अपनी भूमि खसरा नं0-302, 303, 304, 305, मौहल्ला-जनकपुरी, जिला-मुजफ्फरनगर के कुल नेट क्षेत्रफल 336.19 वर्गमी0 पर "व्यावसायिक(रेस्टोरेंट) भवन" के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अवगत कराना है कि प्रश्नगत स्थल खसरा नं0-302, 303, 304, 305, मौहल्ला-जनकपुरी, जिला-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031(पुनरीक्षित) के अनुसार 40 मीटर चौडे महायोजना मार्ग का विस्तार/मार्गाधिकार छोडने के उपरान्त "आवासीय (150 से 400 व्यक्ति/हेक्टेयर)" भू-उपयोग मे दर्शित है। मुजफ्फरनगर महायोजना-2031(पुनरीक्षित) के जोनिंग रेगुलेशन(मैट्रिक्स) के 2.12 के अनुसार "आवासीय(150 से 400 व्यक्ति/हेक्टेयर)" भू-उपयोग के अन्तर्गत "रेस्टोरेंट" की क्रिया सशर्त अनुमन्य उपयोग(न्यूनतम 18 मीटर चौडे मार्ग पर) के अन्तर्गत अनुमन्य है। मुजफ्फरनगर महायोजना-2031(पुनरीक्षित) के जोनिंग रेगुलेशन के अध्याय-11 के प्रस्तर-11.1.6(1) के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगुलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यतः अनुमन्य/सशर्त अनुमन्य/विशेष अनुमति से अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु एक माह की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव प्रकाशन तिथि से 01 माह की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल(mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर



शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मासूम बच्चे कीचड़ से गुजरने को मजबूर, ग्रामीण बेहाल

## सोशल मीडिया पर उठी आवाज, प्रशासन बना अनजान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोंता रसूलपुर ग्राम पंचायत में जलभराव और कीचड़ ने ग्रामीणों की जिंदगी को नारकीय बना दिया है। गांव में घुसते ही हर तरफ गंदगी, कीचड़ और दुर्गन्ध की तस्वीर सामने आती है। मासूम बच्चे स्कूल जाते वक्त कीचड़ भरी गलियों से होकर गुजरने को मजबूर हैं, तो वहीं बुजुर्ग और महिलाएं रोजमर्रा के कामों के लिए घर से निकलने में भी कतराने लगे हैं। गांव की मुख्य सड़क अजमत की ओर से शुरू होती है, जहां भारी जलभराव की स्थिति बनी हुई है। साफ-सफाई ना होने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण गंदा पानी जमा होकर बदबू और बीमारियों को न्योता दे रहा है। रास्तों की हालत इतनी खराब है कि न पैदल चल पाना संभव है और न ही किसी वाहन का निकलना। गांव की एक अन्य ओर कैडी की दिशा से आने वाला रास्ता भी कीचड़ से लथपथ है। गली में कूड़े-कचरे का ढेर जमा है, जिससे मच्छरों का आतंक बढ़ता जा रहा है।

**सोशल मीडिया पर उठी आवाज, मगर प्रशासन चुप**

गांव की बदहाली की तस्वीरें अब सोशल मीडिया के जरिए बाहर आने लगी हैं। 'अजीम ठाकुर' नामक एक फेसबुक आईडी से गांव की सड़कों और जलभराव की वीडियो व फोटो साझा की गई हैं, जिसमें मासूम बच्चों को कीचड़ से होते हुए स्कूल जाते हुए साफ देखा जा सकता है। पोस्ट में सवाल उठाए गए हैं कि आखिर ग्राम पंचायत और जिला प्रशासन कब जागेगा? ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। बरसात के हर मौसम में यही हाल रहता है, लेकिन पंचायत से लेकर अधिकारियों तक कोई भी इस ओर ध्यान नहीं देता। शिकायत करने पर सिर्फ आश्वासन मिलता है, लेकिन न नाली साफ होती है और न सड़कों की मरम्मत। गांव के अंदरूनी रास्तों पर जगह-जगह कूड़े-कचरे के ढेर लगे हैं। कई स्थानों पर तो मवेशियों का गोबर और घरों से निकलने वाला गंदा पानी नालियों की जगह सड़कों पर बहता है। इससे न सिर्फ बदबू फैली है, बल्कि संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। डेंगू, मलेरिया व दस्त के फैलने की पूरी आशंका जताई जा रही है।



# घर में सो रही महिला के जेवरात व नकदी चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में चोरों ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर महिला के कानों से कुंडल और गले से जेवरात निकाल लिए पीड़ित व्यक्ति का आरोप है कि चोरों ने घर में रखी आलमारी से हजारों की नगदी उड़ा कर ले गए। पुलिस घटना को संदिग्ध मान कर जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी प्रवेज पुत्र इलियास ने बताया कि वह अपनी पत्नी तोशीबा वह दो बच्चों के साथ घर के आंगन में सो रहा था। पीड़ित का आरोप है कि तभी चोरों ने घुसकर उसकी पत्नी को नशीला पदार्थ सुंघाकर कानों के कुंडल सहित गले से सोने की हसली व अन्य जेवरात निकाल कर लें गए। जब पीड़ित ने घर में जाकर देखा तो अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी से पंद्रह हजार की नगदी भी चोर चोरी कर लें गए। चोरी की घटना से गांव में हड़कंप की स्थिति बन गई और मौके पर सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी है।

जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार व गंगेरू चौकी प्रभारी विक्रम भाटी पुलिस टीम सहित पहुंचे और पीड़ित व्यक्ति व महिला से जानकारी की। पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि उसका लाखों रूपए का नुकसान हुआ है। पुलिस चोरी की घटना को संदिग्ध मानकर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि चोरी की घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है पुलिस जांच कर रही है। जल्दी घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# जसाला प्रकरण में अलग-अलग दो अभियोग दर्ज, खुलासे के लिए टीम गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला में अलग-अलग स्थानों पर चोरी व चोरी के प्रयास के मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग घटनाओं के अभियोग दर्ज किए हैं। एसपी ने खुलासा करने के लिए तीन टीमों का गठन किया है, सर्विलास और एसओजी की टीम ने आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों में बदमाशों की तलाश की।

थाना क्षेत्र के गांव जसाला मैं रविवार की मध्य रात्रि गांव निवासी डॉक्टर फगन सिंह के बंद मकान में चोरों ने घुसकर चोरी का प्रयास किया था जाग होने पर बदमाश फरार हो गए थे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अभियोग दर्ज किया है। दूसरी और गांव निवासी वर्णिक चौहान ने बताया कि उसका चचेरा भाई सचिन एवं चाची शिक्षा देवी पत्नी चुहड सिंह शौर शराबा होने पर अपनी छत पर खड़े हुए थे और एक अज्ञात व्यक्ति से पूछा कि आप कौन हो कहां जा रहे हो तो एक व्यक्ति ने मां बेटे के ऊपर फायरिंग कर दी थी जिसमें वह घायल हो गए थे पुलिस ने अज्ञात में अभियोग दर्ज किया है। ग्रामीणों ने सोमवार को वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए दावा किया था कि आधा दर्जन बदमाश गांव में घुसे हैं और जंगल के रास्ते फरार हो गए भागते हुए बदमाश सीसीटीवी में दिखाई पड़ रहे थे। मंगलवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम ने एसआ.जी, सर्विलेंस, एवं पुलिस टीम का गठन करते हुए खुलासा करने के निर्देश दिए। एसओजी व सर्विलांस की टीम ने गांव में पहुंचकर आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरे में बदमाशों की तलाश की। पुलिस का दावा है कि जल्दी घटना का राजफाश कर दिया जाएगा।

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा पुलिस अभिरक्षा से फरार, नाबालिग से छेडछाड़, दुष्कर्म करने के मामले में वांछितः 25000/-रुपये का इनामी एक अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है।

13.7.2025 को थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के संबंध में पीड़िता के परिजन द्वारा थाना कोतवाली शामली पर नामजद लिखित तहरीर दाखिल की गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

14.7.2025 को मुख्य आरोपी मोहित पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम निरपुडा थाना दोघट, जनपद बागपत तथा सह अभियुक्त सोनू ठेकेदार पुत्र बिजेन्द्र कश्यप निवासी ग्राम नसीरपुर थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश करने हेतु वास्ते मेडिकल कराने जिला अस्पताल शामली भेजा गया था जहां से अभियुक्त सोनू ठेकेदार उपरोक्त पुलिस पार्टी को चकमा देकर फरार हो गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।



29.7.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरुद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में तथा पुलिस अभिरक्षा से फरार वांछित 25000/-रूपए का इनामी एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामलीध्थाना आदर्शमंडी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सोनू ठेकेदार पुत्र बिजेन्द्र कश्यप निवासी ग्राम नसीरपुर थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विरेन्द्र कसाना थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, व.उ.नि. नीरज कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, उ.नि. यूनुस खान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, कां. जितेन्द्र सिंह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली हैं।

## एक नजर

### भरभराकर गिरी उच्च प्राथमिक विद्यालय की दीवार, हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** मंगलवार को जलालाबाद में हुई भारी बारिश से उच्च प्राथमिक विद्यालय की दीवार ढह गई गनीमत रही कि उस वक्त बारिश होने के चलते बच्चे विद्यालय नही पहुंचे थे। वरना बडा हादसा हो सकता था। जलालाबाद के मौहल्ला मौहम्मदीगंज स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय जिसके परिसर मे ही थानाभवन एवं खण्ड शिक्षा कार्यालय भी है। मंगलवार की सुबह 7 बजे से शुरू हुई भारी बारिश के चलते 8 बजकर दस मिनट पर अचानक उच्च प्राथमिक विद्यालय के मेन गेट से विद्यालय जाने वाले रास्ते पर बनी लगभग 40 मीटर लम्बी व 3 मीटर ऊंची दीवार का एक बडा हिस्सा भरभराकर गिर गया। जिससे विद्यालय मार्ग बाधित हो गया। गनीमत रही कि उस वक्त वहां से कोई बच्चा या शिक्षक कर्मचारी नही गुजर रहे थे अन्यथा एक बडा हादसा हो सकता था। विद्यालय के प्रधानाचार्य भूप सिंह ने बताया कि वह सुबह साढे सात बजे विद्यालय पहुच गए थे तेज बारिश के चलते काफी कम बच्चे स्कूल पहुचे थे अचानक 8 बजकर 10 मिनट पर तेज बारिश के चलते अचानक तेज आवाज के साथ दीवार गिर गई। दीवार गिरने के वक्त उक्त रास्ते पर कोई नही था। अन्यथा नुकसान हो सकता था। बता दे कि उक्त दीवार दो वर्ष पूर्व भी बारिश मे भरभराकर गिरी थी जिसे विद्यालय द्वारा बनवाया गया था मात्र दो साल के अन्तराल मे ही दोबारा से दीवार गिरना गंभीर मामला है इससे विद्यालय मे आने वाले बच्चो व बी आर सी कार्यालय मे प्रतिदिन आने वाले शिक्षको व अन्य कर्मचारियो का हानि हो सकती है।

### कोतवाली की छत पर रील बनाकर इंस्टाग्राम पर की अपलोड


**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** दो युवकों ने कोतवाली प्रांगण में बने भवन की छत पर रील बनाकर सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दी। रील वायरल होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। युवकों के रील बनाने का खुमार सिर चढ़कर बोल रहा है। रीलबाज युवक किसी भी अवसर को हाथ से नही जाने दे रहे है। अब दो युवकों ने कोतवाली प्रांगण में बने भवन की छत पर चढ़कर रील बनवाई और उसे इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया। रील को इंस्टाग्राम पर बनी अकरम गुज्जर नामक आईडी से अपलोड किया गया है। बीस सेकेंड की अपलोड रील में दो युवक सरकारी भवन की छत पर टहलते हुए नजर आ रहे है, जिनमें से एक युवक कान पर मोबाइल फोन पर लगाए हुए दिख रहा है। वीडियो में कोतवाली परिसर में खड़ी पुलिस की गाड़ियां व मौजूद कमरे आदि भी दिखाई दे रहे है। बताया जा रहा है कि वीडियो में नजर आ रहे युवकों के खिलाफ अभी हाल ही में रिपोर्ट भी दर्ज हुई है। रील में नजर आ रहे भवन आदि के इंफ्रास्ट्रक्चर से कैराना कोतवाली की लोकेशन प्रतीत हो रही है। प्रोटोकॉल के अनुसार, रील के लिए सरकारी भवनों, संसाधनों, वाहनों आदि का इस्तेमाल सरकार द्वारा पूर्णतय: प्रतिबंधित किया गया है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि कोतवाली भवन की छत पर रील बनाने का मामला उनके संज्ञान में नही है। मामले की जांच कराकर उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### अंतिम संस्कार भी बना संघर्ष, बारिश में त्रिपाल तानकर करना पड़ा दाह संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चौसाना।** गढी हसनपुर गांव में एक महिला के निधन के बाद अंतिम संस्कार के दौरान बारिश से बचने के लिए पन्नी और छतरी का सहारा लेना पड़ा। श्मशान घाट पर टीन शेड या कोई बुनियादी सुविधा नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जिससे ग्रामीणों मे रोष व्याप्त है। राज्य में विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच जमीनी हकीकत एक बार फिर बेनकाब हो गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों और वीडियो ने सरकारी दावों की पोल खोलकर रख दी है। मामला गढी हसनपुर से सामने आया है, जहां एक तरफ लोगों को बारिश में शव का अंतिम संस्कार करना पड़ा। गढी हसनपुर गांव में एक महिला सीमा देवी की बीमारी से मृत्यु हो गई। बारिश के कारण शव का अंतिम संस्कार करना बेहद मुश्किल हो गया। श्मशान घाट पर शेड नहीं होने की वजह से आग को बारिश से बचाने के लिए पन्नी और छतरी का सहारा लेना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि श्मशान घाट में बुनियादी सुविधाओं का वर्षों से अभाव है और कई बार ब्लॉक प्रमुख-ग्राम सचिव से गुहार लगाने के बाद भी कोई समाधान नहीं मिला। बारिश में भीगते ग्रामीण अंतिम संस्कार में शामिल होते दिखे।

# स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी के बाद एक क्लीनिक सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर में अवैध रूप से बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे क्लीनिक व अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापामारी की इस दौरान क्लिनिक संचालक अपने-अपने क्लीनिक बंद कर फरार हो गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक महिला क्लिनिक को सील कर दिया व अन्य कई क्लीनिक संचालकों को नोटिस जारी किए हैं।

गंगेरू मार्ग पर चल रहे अवैध रूप से क्लिनिको पर छापेमारी नहीं होने से मामला चर्चा का विषय बना रहा। नगर में सैकड़ो की संख्या में झोलाछाप चिकित्सकों ने बिना रजिस्ट्रेशन के अपने क्लीनिक खोल रखे हैं। जिन पर झोलाछाप डॉक्टर भोले,भाले लोगों को अपने जाल में फंसा कर नीली पीली दवाइयां के सहरे उनका इलाज कर रहे हैं। कई बार लोग झोलाछाप चिकित्सकों के शिकार होकर अपनी जान गवा बैठते हैं।



मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी अश्विनी शर्मा अपने टीम के साथ नगर में पहुंचे और पंजाब नेशनल बैंक के समीप एक महिला क्लीनिक की जांच की जिसका रजिस्ट्रेशन नहीं मिलने पर महिला के क्लिनिक को सील कर दिया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम में अपेक्स हॉस्पिटल सहित अन्य कई क्लिनिक संचालकों को नोटिस जारी किए है। कस्बे के गंगेरू मार्ग पर झोलाछाप चिकित्सकों ने अपने बड़े-बड़े क्लीनिक और अस्पताल खोल रखे हैं जिन पर स्वास्थ्य विभाग की टीम छापेमारी करने के लिए नहीं पहुंची। स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा छापेमारी की सूचना के बाद क्लीनिक संचालक अपने-अपने अस्पताल व क्लीनिक बंद कर फरार हो गए। गंगेरू मार्ग पर छापेमारी नहीं होने से मामला चर्चा का विषय बना रहा। नोडल अधिकारी अश्विनी शर्मा का कहना है कि एक क्लीनिक को सील किया गया है अन्य कई संचाल.कों को नोटिस दिए हैं अभियान जारी रहेगा झोलाछाप चिकित्सको के विरुद्ध जल्दी अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# सांप के डसने पर 108 पर तुरंत कॉल करें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य चिकित्साधिकारी शामली, डॉ अनिल कुमार द्वारा सभी जनपदवासियों को सचेत किया गया है कि सांप के काटने की घटना एक गंभीर चिकित्सा आपातकाल है। यदि किसी को सांप ने काट लिया है, तो तुरंत 108 (एम्बुलेंस) पर कॉल करें या निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या जिला संयुक्त चिकित्सालय पर जाएं और इलाज की सुविधा लें। सांप के काटने के बाद, व्यक्ति को शांत रहने और घबराने से बचने में मदद करें। काटे गए अगं को स्थिर रखें और इसे हिलाने से बचें। जहर को फैलने से राकने के लिए पट्टी बांधने से बचें। सांप को पकड़ने या मारने की कोशिश न करें, लेकिन उसकी तस्वीर लेने या उसका वर्णन करने का प्रयास करें, क्योंकि यह डॉक्टर को यह जानने में मदद कर सकता है कि वह किस प्रकार का सांप था। सीएमओ ने बताया कि जनपद शामली में वर्ष 2025 स्वास्थ्य विभाग ने सांप द्वारा काटे गए 30 मरीजों की जान ASV के माध्यम से बचाई गई है। उन्होंने बताया कि समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व जिला संयुक्त चिकित्सालय पर सांप से काटने का नि:शुल्क उपचार उपलब्ध है।

## वारंटी गिरफ्तार

**शामली।** 29.7.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आद.शानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली थाना झिंझाना पुलिस द्वारा वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तगण के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए दो एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थानो पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण अंकुर पुत्र मैनपाल जाति जोगी मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली हाल पता मुण्डेट कलां थाना आदर्शमण्डी, देवेन्द्र कुमार पुत्र मामन निवासी ग्राम पटनी आनन्दपुर थाना झिंझाना जनपद शामली हैं।

# दिव्यांगों को दिया जा रहा योजनाओं का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य विकास अधिक.री, शामली विनय कुमार तिवारी ने बताया कि अध्यक्ष, उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति न्यायालय इलाहाबाद के निर्देश के क्रम में प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासनादेश 16.5.2025 के अनुपालन में दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन हेतु प्रत्येक जनपद में विकास खण्ड स्तर पर शिविर का आयोजन कर उनके चिकित्सकीय परीक्षण, दिव्यांग प्रमाण पत्र, उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु 30 जुलाई, 2025 से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में सभी विकास खण्ड परिसरों में निम्न तिथियों को चिन्हांकन शिविर का आयोजन पूर्वाहन 10:30 बजे से अपरान्हन 3:00 बजे तक किया जाएगा। विकास खण्ड प्रांगण कॉधला में 30.7.2025, इसके अलावा विकास खण्ड प्रांगण ऊन में दिनांक 31.7.2025, इसके अलावा विकास खण्ड प्रांगण कैराना में दिनांक 1.8.2025, इसके अलावा विकास खण्ड प्रांगण थानाभवन में 6.8.2025 व विकास खण्ड प्रांगण शामली में दिनांक 8.8.2025 को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

सभी विकास खण्डों में चिन्हांकन शिविर का आयोजन निर्धारित तिथियों में शिविर में तैनात किए गए अधिकारियों/कर्मचारियों व नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में पूर्वाहन 10:30 बजे से अपरान्हन 3:00 बजे तक किया जाएगा। चिन्हांकन शिविर में चिकित्सकीय दल द्वारा दिव्यांग बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण किया जाएगा। उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र व यू.डी.आई.डी. कार्ड निर्गत किए जाएंगे। उनकी आवश्यकता के अनुरूप उन्हें सहायक उपकरण जैसे-ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, एम.आर. किट, लेप्रोसी किट, ब्रेल किट, स्मार्ट केन, बैसाखी इत्यादि एवं कृत्रिम अंग जैसे-बनावटी हाथ-पैर, कैलिपर हेतु चिन्हित कर लाभान्वित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त अन्य योजनाओं जैसे- कॉक्लियर इम्प्लाण्ट, स्पॉन्सरशिप योजना आदि में पात्र दिव्यांग बच्चों के आवेदन कराए जाएंगे। शिविर में पंजीकरण कराने हेतु दिव्यांगजनों को आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र यू.डी.आई.डी. कार्ड, शैक्षिक अभिलेख की छाया प्रति एवं दिव्यांगता प्रदर्शित करती हुए 2 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लाना आवश्यक है।

इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी शामली ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्धारित तिथियों में आयोजित होने वाले चिन्हांकन शि.विर में सभी व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन कराने हेतु कडे निर्देश दिए गए है।

## तालाब की भूमि पर खेती करवाकर कब्जे के आरोप

**शामली।** क्षेत्र के गांव जसाना उर्फ मस्तगढ निवासी धर्म सिंह ने डीएम को शिकायती पत्र देकर लेखपाल पर तालाब की भूमि पर खेती करवाकर अवैध कब्जा करवाने का आरोप लगाया है। मंगलवार को दिए पत्र में उन्होने कहा कि गांव में तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है। कई बार शिकायती पत्र दिया गया, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नही हुई। आरोप है कि वहां के लेखपाल द्वारा राजनैतिक संरक्षण के चलते गलत कार्य करने के बावजूद कोई कार्यवाही नही की गई। उन्होने आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा धान की फसल तालाब में बोई जा रही है। शिकायत के बावजूद अधिकारी झूठी रिपोर्ट लगाकर कार्यवाही से बच रहे है।

# मुनि ने समझाए जीवन के लक्ष्य व उद्देश्य, उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में मुनि 108 विव्रत सागर मुनिराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि वर्षा की बूंदों और नदी के दृष्टांत के माध्यम से जीवन के लक्ष्य को समझाया गया है। कहा कि जिस प्रकार कुछ बूंदें धरती पर गिरकर नष्ट हो जाती हैं और कुछ गड्ढों में, वैसे ही अनेक जन्मों के बाद मानव जीवन प्राप्त होना सौभाग्य है।



मंगलवार को जैन मुनि ने कहा कि श्रावक धर्म को प्राप्त व्यक्ति उस नदी के समान है जो सागर तक की यात्रा करती है, सभी बाधाओं को पार करते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती है। जीवन के दो मुख्य पहलुओं पर विचार करने का आग्रह किया गया है। एक सांसारिक सुख-सुविधाओं और यश के लिए, और दूसरा आध्यात्मिक कल्याण के लिए। व्यक्ति अक्सर पहले पहलू पर ही सारा जीवन लगा देता है, जबकि सांसों का अंत प्रभु चरणों में होना चाहिए। एक लोभी राजा की कहानी जिसमें वह अपने परिवार के सदस्यों और सेनापति के मन में अपने प्रति असंतोष को समझने में विफल रहता है। एक नर्तकी के साथी द्वारा कहे गए वाक्य बहुत गई, थोड़ी बची, थोड़ी भी अब जाए के माध्यम से सभी अपने मन की बात राजा को बताते हैं, जिससे राजा को अपनी गलती का एहसास होता है और वह राजपाट त्याग देता है।

यह रिश्तों की वास्तविक प्रकृति को उजागर करता है, जहां अक्सर स्वार्थ छिपा होता है। गुरु से जन्म जन्म का साथ मांगने का अर्थ मोक्ष की प्राप्ति है, न कि केवल सांसारिक संबंध। कहा कि अंत समय में व्यक्त की जाने वाली इच्छाओं और समाधि मरण की भावना के बीच के अंतर पर प्रकाश डाला गया है। एक सांसारिक व्यक्ति की अंतिम इच्छाएं अक्सर धन, संपत्ति या बदले से जुड़ी होती हैं, जबकि धर्मात्मा की अंतिम भावना समाधि मरण की होती है, जो आत्मा के कल्याण के लिए विशुद्ध परिणाम से उत्पन्न होती है। इस अवसर पर निधि जैन, सुमित्रा जैन, अरविंद जैन, अर्चित जैन, अजय जैन, मनोज जैन आदि मौजूद रहे।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम BAIRA PRAVEEN D/O NASHEERAHMAD था मैंने अब शादी के बाद बदल कर KM BARIAPRAVEEN रख लिया है। भविष्य में मुझको KM BARIA PRAVEEN W/O MOHD JAVED के नाम से ही जाना- पहचाना व पुकारा जाए।

KM BARIA PRAVEEN
W/O MOHD JAVED
R/O-48 कलालान कैराना जिला
शामली उत्तर प्रदेश 247774


## दूध की डेयरियों की आ गई बाढ़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में दूध डेरी की मानो बाड़ आ गई हो। बिडौली बस स्टैंड के निकट 50 मीटर के अंदर तीन डेरी खुल गई हैं। मंगलवार की सुबह सवेरे फूड सेफ्टी ऑफिसर केपी सिंह शामली ने बिडौली स्टैंड के निकट जनता डेरी, मलिक डेरी तथा चंद्रशेखर आजाद डेरी के लाइसेंस का निरक्षण किया, जिससे अन्य डेरी वालों में हड़कंप मच गया। बाद में फूड टीम ने मेन बाजार में हलवाइयों तथा अन्य खाद सामग्री वालों के यहां भी फूड लाइसेंस का निरक्षण किया। फूड सेफ्टी ऑफिसर केपी सिंह ने बताया कि यह रूटीन चौकिंग है। डेयरी संचालकों तथा अन्य खाद सामग्री बेचने वालों के लाइसेंस की जांच की जा रही है। फूड सेफ्टी की इस कार्रवाई से कस्बे की डेरी संचालकों में हड़कंप मचा रहा।



# हादसे में पकड़ी गई पिकअप का सामान छोड़े जाने से भड़के परिजन, पत्रकार से मारपीट





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** सोमवार को बिडौली मार्ग पर जिजौला गांव के पास हुए सड़क हादसे में दथेडा गांव के दो युवकों की मौत हो गई थी। घटना के 18 घंटे बाद भी पुलिस द्वारा मामला दर्ज न किए जाने और हादसे में पकड़ी गई पिकअप वैन को रात के समय छोड़े जाने से मृतकों के परिजन आक्रोशित हो गए। मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण चौसाना पुलिस चौकी पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया।

गुस्से में आए ग्रामीणों ने पुलिस चौकी परिसर में प्रदर्शन किया और इसी दौरान एक पत्रकार को पुलिसकर्मी समझकर मारपीट कर दी। कुछ लोगों ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों के साथ भी धक्का-मुक्की की। भीड़ की गंभीरता को देखते हुए आसपास के थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। सीओ नगर अमरदीप मौर्या तथा तहसीलदार गौरव सांगवान मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को शांत करने का प्रयास किया। करीब तीन घंटे की बातचीत के बाद प्रशासन ने दोनों मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रूपए मुआवजा देने और पिकअप से सामान छोड़े जाने के मामले में जांच कर दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। इस दौरान मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम भी काफी देर से हो पाया। परिजनों का आरोप है कि पंचनामा होने के कई घंटे बाद भी शव पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजे गए। वहीं, हादसे के समय पकड़ी गई पिकअप वैन से लदे बर्तनों को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वाहन को पुलिस की मिलीभगत से रात के समय खाली करवा दिया गया। वहीं, मौके पर पहुंचे कुछ स्थानीय नेताओं पर भीड़ को उकसाने के आरोप लगे हैं। सीओ नगर ने स्थिति को नियंत्रण में लेकर मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया।

..............................

हादसे में मृतकों के परिजनों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। एक युवक से मारपीट की सूचना मिली है। पिकअप से सामान छोड़े जाने की भी जांच की जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।ह

**अमरदीप मौर्या,**
**सीओ नगर, शामली**

# डिम्पल यादव के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी बर्दाश्त नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को समा. जवादी पार्टी के दर्जनों पदाधिकारियों महिला व पुरूषों ने कलक्ट्रेट में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होने एडीएम को ज्ञापन देकर मैनपुरी सांसद डिम्पल यादव पर मौलाना साजिद रशीदी द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की मांग की।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी व महिला सभा की जिलाध्यक्ष अर्चना चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिक. ारी कलक्ट्रेट पहुंचे।



जहां उन्होने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। एडीएम सत्एन्द्र सिंह को दिए ज्ञापन में कहा कि समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं मैनपुरी की सांसद डिम्पल यादव, जो सदैव महिला सशक्तिकरण, गरिमा और सम्मान की आवाज रही है, उनके विरुद्ध मौलाना साजिद रशीदी द्वारा हाल ही में एक सार्वजनिक मंच पर अशोभनीय, अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। यह टिप्पणी न केवल एक सम्मानित महिला सांसद का अपमान है। बल्कि समस्त महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली है। यह बात महिलाओं के प्रति दुर्भावना और असम्मान फैलाने की नीयत से की गई है। जो कि भारतीय संविधान, महिला सम्मान और विषि व्यवस्था का खुला उल्लंघन है।

उन्होने मौलाना साजिद रशीदी के विरूद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी करने की मांग की। इस अवसर पर अभिषेक शर्मा, विपुल गोयल, सुधांशु, बबली, गीता, ममता, सोनिया, सन्नो, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# कथा के चौथे दिन किया गणेश जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित शिव महा. पुराण कथा के चौथे दिन श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में कथा व्यास राज राजेश्वर महाराज जी ने भगवान शिव विवाह के उपरांत कार्तिकेय एवं गणेश जन्मोत्सव की मनोहारी कथा का विस्तृत वर्णन किया।महाराज ने बताया कि भगवान गणेश का नाम गणपति अर्थात गणों के स्वामी है, जो उन्हें समस्त विघ्नों को हरने वाले तथा सुख-संपत्ति, बुद्धि और सफलता के देवता के रूप में स्थापित करता है।

उन्होंने कहा कि गणपति जी की मातृ-पितृ भक्ति, सरल स्वभाव और लक्ष्य के प्रति उनकी सजगता उन्हें विशेष बनाती है, जिसके कारण उन्हें यह दिव्य उपाधि प्राप्त हुई।उन्होंने बताया कि माता पार्वती गणेश जी की विशेषताओं से अत्यंत प्रसन्न होकर उनका विवाह रिद्धि और सिद्धि के साथ करवाती हैं, जो यह दर्शाता है कि भक्ति और बुद्धि के साथ जब रिद्धि-सिद्धि जुड़ती है, तो जीवन में पूर्णता आती है। कथा में गणेश चतुर्थी के आध्यात्मिक महत्व का भी वर्णन किया गया, जिसे गणेश जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व हमें जीवन में सकारात्मकता अपनाने और आध्यात्मिक मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है।राज राजेश्वर महाराज ने श्रावण मास की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पावन माह में शिव आराधना का विशेष महत्व है। विशेष रूप से विवाहित महिलाओं के लिए यह मास सौभाग्यवती रहने का आशीर्वाद प्रदान करता है। साथ ही, शिव पूजा से कुंडली में विद्यमान शनि, राहु, केतु तथा चंद्र दोषों का प्रभाव भी कम होता है।

उन्होंने कहा कि श्रावण मास में की गई शिव भक्ति समस्त मनोक. ामनाओं की पूर्ति करती है।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद सिंगल जी ने कहा कि हहमें अपने बच्चों को मंदिरों और धार्मिक अनुष्ठानों में अवश्य साथ लाना चाहिए, ताकि



उन्हें सनातन संस्कृति, परंपरा और धर्म का ज्ञान बाल्यावस्था से ही प्राप्त हो सके।हकथा स्थल पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। इस पावन अवसर पर रवि तायल, अर्पित त्यागी, हर्षित, प्रिंस, अमित पवार, नवीन गोयल, दीपक तायल, सुखपाल शर्मा, नीरज शर्मा, अंकुर शर्मा, अरविंद प्रसाद, योगेश तायल, सुरेन्द्र गर्ग, अनंत गोयल, विनोद सैनी, सुरेश सैनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सैकड़ों महिलाओं ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम प्रतिदिन भावविभोर वातावरण में संपन्न हो रहा है, और आगामी दिवसों में भी विविध दिव्य प्रसंगों की प्रस्तुति की जाएगी।

## एक नजर

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, गमगीन माहौल में किया सुपुर्द ए खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** गांव नाला निवासी तीस वर्षीय युवक आकिल पुत्र सत्तार की देर रात अचानक से हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर परिजन युवक को आनन-फानन में लेकर नगर के सरकारी अस्पताल में पहुंचे। चिकित्सकों ने युवक को मृतक घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सुचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंचे। और परिजनों से जानकारी परिजनों ने बताया कि गांव के ही दो लोग युवक को घर से बुला कर ले गए थे और रंजिश के चलते पदार्थ पिला दिया जिस कारण युवक की मौत हुई है। पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार को शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मृतक के परिजनों का आरोप है कि मृतक मरने से पहले गांव के ही दो लोगों के साथ देखा गया था। परिजनों ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### बारिश से सीएचसी के सामने सड़क पर हुआ जलभराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** मंगलवार को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में हुई बरसात ने जहां लोगो को उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई है, वहीं नगर में कई स्थानों पर हुआ जलभराव भी लोगो के लिए परेशानी का सबब बनकर रह गया है। कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्थित सड़क जलभराव के चलते तालाब बन गई है, जिसके चलते अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को जलभराव से होकर गुजरना पड़ रहा है। मार्ग पर गंदा पानी एकत्र होने के कारण संक्रमित रोगों का खतरा पनप रहा है। मरीजों के अलावा मोहल्ला आर्यपुरी व कस्बे के बाजारों में पहुंचने वाले राहगीर को भी जलभराव से होकर गुजरने को मजबूर है। अस्पताल के सामने सड़क के दूसरी ओर खाली पड़ी जमीन पर लगे कूड़े-कर्कट के ढेर बीमारी को बढ़ाने का काम कर रहे है। बरसात के दौरान कूड़े-कर्कट के ढेर से गंदगी घुलकर सड़क पर भरे पानी में जाकर इकठा हो जाती है, जिससे बीमारी के बैक्टीरिया तेजी के साथ पैदा होते है। जलभराव का कारण गंदे पानी की निकासी की समूची व्यवस्था न होना बताया जा रहा है। यह समस्या वर्षों पुरानी है, लेकिन जिम्मेदार लोग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### प्रोफेसर मोहम्मद रिहान ने एक बार फिर रोशन किया कैराना का नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के महा. निदेशक प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद रिहान ने एक बार फिर कैराना का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। मोहम्मद रिहान को सौर पीवी प्रणालियों की प्रगति और अनुप्रयोग में उत्कृष्ट योगदान के लिए अमेरिकी संस्था द्वारा प्रतिष्ठित-2025 हिंगा. ेरानी अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन सोलर फोटोवोल्टिक सिस्टम्स से सम्मानित किया गया है। यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मान उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने सौर पीवी प्रणालियों की प्रगति और अनुप्रयोग में उत्कृष्ट योगदान दिया है। प्रोफेसर रिहान ने सौर ऊर्जा के शोध, नीति-निर्माण और नेतृत्व के क्षेत्र में दशकों तक समर्पित कार्य किया है। प्रोफेसर रिहान राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के महानिदेशक और ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टेंडर्ड की सौर पीवी समिति के अध्यक्ष के रूप में भारत के स्वच्छ ऊर्जा मिशन को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है, जिसमें नवाचार, अनुसंधान एवं विकास, मानकीकरण और क्षमतावर्धन शामिल हैं। उनके प्रयासों ने देश के लिए एक मजबूत और विस्तार योग्य सौर ऊर्जा के क्षेत्र को आकार देने में अहम योगदान दिया है। इस पुरस्कार का औपचारिक रूप से समारोह इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन पावर सिस्टम्स के दौरान आईआईटी हैदराबाद में 7 से 9 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। विदित रहे कि मोहम्मद रिहान कस्बे के मोहल्ला खैलखुर्द के मूल निवासी है। केंद्र सरकार की ओर से विगत वर्ष अप्रैल माह में उन्हें पांच वर्ष की प्रतिनियुक्ति पर बुलाकर राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान का महानिदेशक बनाया गया था। मोहम्मद रिहान प्रदेश सरकार के सीनियर मेडिकल ऑफिसर के पद पर कार्यरत डॉ. फरहान अख्तर के छोटे भाई हैं।

### पुण्यतिथि पर किया अनुज का स्मरण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मंगलवार को बहुजन समाज के समर्पित योद्धा अनुज भारती की प्रथम पुण्यतिथि उनके पैतृक ग्राम दभेड़ी में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के अनेक लोगों ने एकत्र होकर उनके संघर्षपूर्ण जीवन, सामाजिक न्याय हेतु किए गए योगदान और बलिदान को याद किया। सभी उपस्थित जनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। प्रबंधक गुरु गद्दी ऊन आचार्य कंव. रपाल महाराज,प्रभात अनुज भारती जिला अध्यक्ष भीम आर्मी शामली, प्रदेश सचिव दिल्ली रोहित धीरवान उत्तर पूर्वी लोकसभा प्रभारी, पूर्व प्रत्यशी गो. कलपुरी अरविंद कटकवाल, प्रवीन, वीरेंद्र कुमार, अनुज हैदरपुर, रोहित कुमार, रवि राज मंचल, मोनू निथारिया, राजू बोकाडिया, निशांत जाटव, मैमपाल, रजनीश गौतम, चंद्रपाल चमार, अक्षय नबीपुरा, अनूप दास, सुमित कुमार, अभिषेक कुमार सहित सैंकड़ो लोग मौजूद रहे।

# मिड-डे-मील मामले में जांच करने जलालाबाद पहुंचे उपजिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** कस्बे के पीएम विद्यालय में प्रधानाचार्य व शिक्षक के बीच विवाद मिड डे मिल में भ्रष्टाचार पर केन्द्रित हो गया है। जिसको लेकर एक विडियो भी वायरल हुआ जिसकी जांच उपजिलाधिकारी हामिद हुसैन द्वारा विद्यालय पहुचकर की है। जांच के दौरान स्कूल के स्टाफ द्वारा प्रधानाचार्या गीता देवी पर मिड डे मिल में बडे भ्रष्टाचार समेत कई गंभीर आरोप लगाए है । हालाकि इस दौरान प्रधानाचार्या विद्यालय से छुटटी पर थी।



जलालाबाद के पी एम विद्यालय में प्रधानाचार्य गीता देवी की कार्यशैली व मिड डे मिल में गडबडी को लेकर स्टाफ के बीच विवाद चल रहा है। विवाद के चलते विगत दिनो विद्यालय के शिक्षको द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी राहुल धामा को एक शिकायती पत्र भी दिया गया था जिसमे बच्चो के मिड डे मिल में भ्रष्टाचार, अनुपस्थिति के बावजूद छात्र छात्राओ को उपस्थित दिखाने के गम्भीर आरोप प्रधानाचार्य गीता देवी पर लगाए गए थे । इसी बीच नया विवाद सामने आया जब सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा एक विडियो में एक महिला बच्चो को दिए जाने वाले दूध में पानी मिलाती दिखाई दे रही है।

उक्त वीडियो जलालाबाद के पीएम विद्याालय का बताया जा रहा है। साथ ही एक अन्य विडियो भी वायरल है जिसमे एक बच्चे की शर्ट उतरवाकर दूसरे बच्चे को पहनाई गई है दोनो विडियो को लेकर विद्यालय की प्रधानाचार्य गीता देवी पर स्कूल के स्टाफ द्वारा भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए है उक्त आरोपो के बीच मंगलवार को उपजिलाधिकारी हामिद हुसैन ने मंगलवार को सुबह विद्यालय पहुचे और जांच की। विद्यालय की सहायक अध्यापक ममता देवी, नीलम, कविता, अजीत सिंह, अनिता, जिनेश, अवनीश कुमार आदि स्कूल स्टाफ प्रधानाचार्य गीता देवी के खिलाफ लामबंद नजर आए। मिड डे मिल को लेकर प्रधानाचार्य की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाए। इस दौरान बच्चे की शर्ट उतरवाने के प्रकरण में उपजिला. धिकारी द्वारा उक्त बच्चों से भी सच जाना और मिड डे मिल में बनाए गए दाल चावल को चख कर उसकी गुणवत्ता को परखा। हालाकि जांच के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य गीता देवी मौजूद नही थी वो छूटटी पर थी। जिसके चलते प्रधानाचार्य का पूरे मामले पर पक्ष मालूम नही हो सका। पूरे मामले पर उपजिलाधिकारी हामिद हुसैन ने बताया कि मिड डे मिल को लेकर विडियो प्रकरण में उनके द्वारा कई बिन्दुओ पर जांच की गई है। तथ्यों को परखा गया है स्टाफ से बात की गई है। जो भी चीजे सामने आई है उसको लेकर पूरी रिर्पोट उच्चाधिकारियो को दी जाएगी। जांच मे क्या चीजे सामने होंगी, क्या कारवाई होगी ए विषय अधिकारियो का है।

# 20 बच्चों के अग्निवीर परीक्षा पास करने पर मुस्लिम राजपूत एसो. ने किया सम्मान समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थानाभवन क्षेत्र के गांव भैसानी में अग्निवीर लिखित परीक्षा में गांव के 19 युवाओं का चयन होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें चयनित युवाओं को सम्मानित किया गया। मंगलवार को मुस्लिम राजपूत वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राव सालिम व अन्य पदाधिकारियों द्वारा थानाभवन क्षेत्र के गांव भैंसानी में अग्निवीर लिखित परीक्षा में चयनित युवाओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष मास्टर जाहिद ने सभी युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि आपकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण रंग लाया है। राव सालिम ने कहा कि देश के रक्षक बनने का अवसर मिलना गौरव की बात है। ए पूरी बिरादरी के लिए गौरव की बात है इस दौरान सालिम, कामिल, समीर, वारिस, असद, हामिद, मुनीर, सालिम, अखघ्लाक, अहसान, शाहनवाज, गुलवेज, नूर आलम, आफताब, मनीष, आदित्य, सावन, अनस, नूरदीन, शाहरुख के चयनित होने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मास्टर जाहिद। जिला अध्यक्ष राव सालिम, जिला महासचिव मास्टर गुफरान, मास्टर मोहब्बत, खालिद इंजी।, मास्टर कुर्बान, मास्टर अब्दुल गफ्फार, हाजी फिरदौस, प्रधान राव मुर्सलीन आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने एनजीटी में जुर्माना राशि जमा की

**आरटीआई में हुआ खुलासा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** खोखरी नदी के जीर्णोद्धार के लिए समयबद्ध तरीके से कार्य योजना तैयार करने की अनदेखी पर जनपद शामली व सहारनपुर के डीएम को न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने फटकार लगाई है। डीएम द्वारा बार बार आदेशो की अनदेखी करने पर न्यायाधिकरण ने दस हजार रूपयों का अर्थदंड लगाया था। मंगलौरा के जयदेश सिंह द्वारा दायर आरटीआई के जवाब मे खुलासा हुआ है कि डीएम शामली द्वारा बीतें 25 अप्रैल को जुर्माने की राशि को भर दिया गया है। सहारनपुर से उदगमित खोखरी नदी के जीर्णोद्धार करने की मांग को लेकर अमित कुमार द्वारा न्यायाधिकरण (एनजीटी) में दाखिल वाद की प्रथम सुनवाई के बाद एक मार्च 2024 को डीएम शामली व सहारनपुर सहित 15 अलग अलग विभागो को नोटिस जारी किए गए। तमाम सुनवाई के बाद आरोप है कि शामली डीएम द्वारा न्यायाधिकरण की बार बार अनदेखी करते हुए ना तो वर्चुअली एनजीटी मे पेश हुए और ना ही निर्देशानुसार रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। एनजीटी का कहना है कि छह दिसम्बर 2024 को भी यूपीपीसीबी का हवाला देकर हलफनामा दाखिल कर अपेक्षित रिपोर्ट एनजीटी मे दाखिल करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन इसके बाद भी अनदेखी की गई। जिसकी सुनवाई के दौरान एनजीटी ने डीएम शामली को कडी फटकार लगाते हुए दस हजार का अर्थदंड लगाते हुए दो सप्ताह के भीतर जुर्माना जमा कराने एवं जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह समय दिया गया। वही,जुर्माने के आदेश के बाद मई माह मे मंगलौरा निवासी जयदेश सिंह ने एनजीटी मे एक आरटीआई दायर की और पूछा गया कि डीएम शामली द्वारा जुर्माने की राशि को जमा किया गया है या नही। जिसके जवाब मे एनजीटी ने बीते 21 जुलाई को जवाब दिया कि शामली डीएम द्वारा 25 अप्रेल मे जुर्माने की कॉस्ट को जमा करा दिया गया है।

## जिलाबदर आरोपी गिरफ्तार, छूरा बरामद

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में रह रहे जिलाबदर आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से अवैध छुरा बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है। एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार मंगलवार को जिलाबदर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कस्बे की इमामगेट चौकी पर तैनात एसआई यशवीर राणा ने क्षेत्र में रह रहे जिलाबदर आरोपी गुलबहार निवासी मोहल्ला खैलकलां ईदगाह रोड कस्बा कैराना को नगर के पानीपत बाईपास से गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से एक अवैध छुरा बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने चालान करके जेल भेज दिया है। विगत दिनों आरोपी के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने डीएम के अनुमोदन के पश्चात जिलाबदर की कार्यवाही की थी।

# उद्योग बंधुओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर होगा निराकरणः डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास भवन सभागार शामली में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज जिला उद्योग बन्धु की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में ऐजेण्डा बिंदु के अनुसार चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने उद्योग बंधु द्वारा बताई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश। संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा करते हुए हिण्डन नदी का स्वच्छ अविरल प्रवाह सुनिश्चित हेतु समीक्षा करते हुए संबंधित द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में अवगत कराया गया। समीक्षा में वित्तीय वर्ष 2025-26 एकल खिड़की योजनाध्निवेश मित्र योजना की भी समीक्षा की गई।

बैठक में नेप्स योजना में इकाइयों को लाभ दिलवाने के संबंध में आई. टी. आई. के प्रधानाचार्य को निर्देश दिए। बैठक में औद्योगिक आस्थान से पूर्वी यमुना नहर तक 03 किलोमीटर तक की नाले की पाइपलाइन बार-बार चौक हो जाती जाती है के संबंध में की जा रही कार्रवाई के संबंध में संबंधित द्वारा अवगत कराया गया। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र में टिटौली ड्रेन जो कि मै. प्लैटिनम रबर से लेकर मै. सिल्वर ईकोटेक तक बंद पड़ी हुई है इसको खुलवाया जाए ताकि इसका पानी अबाधित रूप से चल सके अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग द्वारा अवगत कराया कि टिटौली ड्रेन की सफाई करवा दी गई है।

सफाई कार्य हुआ है इसकी हकीकत जानने के लिए जिलाधिक. ारी ने तीन सदस्य टीम एसडीएम, उद्योग विभाग का अधिकारी व उद्योग बन्धु का प्रतिनिधि मिलकर जांच कर अवगत कराने के निर्देश दिए। बैठक में साईमा एवं लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अंकित गोयल ने इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट फंड के लिए 501. 90 लाख रूपए की राशि का रिमाइंडर शासन को भेजने के लिए जिलाधिकारी से कहा। अंकित गोयल ने बताया कि कल जनपद में माद्म मंत्री औद्योगिक विकास, नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी जी आ रहे हैं उन्हें वह नया रिमाइंडर दे देंगे, जिसके लिए जिला. धिकारी द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया।आयोजित बैठक में उपायुक्त उधोग जेस्मिन,सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं उद्योग बन्धु के रूप में अंकित गोयल आदि उधोग बन्धु मौजूद रहे।

# व्यापार बंधुओं को लेकर डीएम ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज विकास भवन के सभागार में व्यापार बन्धु की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापार बन्धु की समस्याओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए व्यापार बंधुओं की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल अंकित गोयल ने शामली शहर में आईजीएल की लाईन डालने के कारण खराब हुई सड़कों को ठीक कराए जाने के संबंध में अधिशासी अधिकारी शामली को कड़े निर्देश दिए।

बैठक में कांधला स्थित नेशनल इंटर कॉलेज से दा गोल्ड स्कूल तक सड़क निर्माण कराया जाने, कांधला स्थित दिल्ली बस स्टैंड के पास नाले का निर्माण कराया जाने के संबंध में अधिशासी अधिकारी कांधला को निर्देशित किया गया। बैठक में अधिशासी अधिकारी कांधला द्वारा अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिन का वेतन रोकना का निर्देश दिया।बैठक में रोडवेज डिपो एवं आधुनिक बस अड्डा बनाए जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु एआरएम को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही जिलाधिक. ारी द्वारा श्रम बन्धु की बैठक कर ऐजेंडा बिन्दु के अनुसार समीक्षा करते हुए सहायक श्रमायुक्त विभागीय योजनाओं का कैंप लगाकर पात्र लोगों को लाभ दिलाने के साथ-साथ जिला मुख्यालयध्विकास भवनध् ब्लॉकों में होर्डिंग/फ्लेक्सी के माध्यम से योजनाओं का प्रचार प्रसार हेतु कड़े निर्देश दिए गए।बैठक में उपायुक्त डॉ लोमेश,राज्य कर,सहायक श्रमायुक्त शामली अचला पाण्डेय अन्य विभागीय अधिकारी सहित व्यापार बन्धु उपस्थित रहे।

# धूमधाम से झूला उत्सव के शुभारंभ पर झूले के पदों के गायन पर जमकर झूमे श्रद्धालू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर (राधा नवरंगी लाल) में झूला उत्सव का शुभारम्भ धूमधाम से हुआ। इस दौरान ठाकुर जी और राधा रानी को नई पोशाक पहनाई गई और झूले के पदों का गायन हुआ जिस पर श्रद्धालु जमकर झूमें।

मंगलवार को हुए उत्सव में रसिकों द्वारा ठाकुरजी का झूला सब्जियों से सजाया गया। मंदिर के सेवायत गोस्वामियों द्वारा ठाकुर जी और राधा रानी को नई पोशाक धारण कराकर झूले में विराजमान किया गया। इकबालपुर के संत स्वामी कृष्णानंद गिरी महाराज ने सखी री दोउ झूलत नवल किशोर, रजनी जनित रंग सुख सूचत अंग अंग उठि भोर। प्यारी झूलन पधारो झुक आए बदरा साजो सकल श्रृंगार नैनन धारों कजरा और हिंडोरा कुंज बन डालों रे झूलन आई राधिका प्यारी आदि पदों का गायन कर ठाकुर जी को रिझाया गया। मंदिर के सेवाधिकारी नीरज गोस्वामी ने बताया कि झूला उत्सव रक्षाबंधन पर्व तक चलेगा। इस मौके पर हितेश गोस्वामी, मयंक गोस्वामी, अभिषेक गोस्वामी, अजय अग्रवाल, अरविंद तायल, अमित कंसल, शिवकुमार व मोनू बंसल आदि मौजूद रहे।



# ग्रामीण ने एसएसपी को भेजा पत्र

**देवबन्द।** ग्रामीण ने जान से मारने की धमकी देने वालो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किये जाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा। गांव रणखंडी निवासी मनोज राणा ने एसएसपी को भेजे पत्र में गांव के ही पांच भाइयों सहित छह लोगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। पीडित ने एसएसपी को भेजे पत्र में बताया हैं कि आरोपी के खिलाफ मुकदमें दर्ज हैं। बताया कि आरोपियों के खिलाफ उसने परेशान होकर एक मुकदमा दर्ज कराया था जिसकी रंजिश के चलते आरोपी उसे धमकियां दे रहे हैं जिससे अब उसकी जानमाल का खतरा पैदा हो गया है। आरोपी कभी भी उसके या उसके परिवार के साथ कोई घटना कर सकते हैं। इसलिए आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी आवश्यक है।

# दारूल उलूम में महिलाओं के प्रवेश पर लगी पाबंदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विश्व विख्यात शिक्षण संस्था दारुल उलूम ने एक बार फिर संस्था में महिलाओं का प्रवेश वर्जित कर दिया है। दारूल उलूम प्रबंधतंत्र की ओर से संस्था के मुख्यद्वार पर लगाई गई बेरिकेट पर यह निर्देश लिखवाया गया है। इसके साथ ही संस्था के भीतर किसी भी प्रकार की वीडियो बनाने और फोटोग्राफी करने पर भी रोक लगा दी गई है।

दारुल उलूम के गेट पर लगे बेरिकेट पर जरुरी निर्देश लिखवाए गए हैं। इसमें संस्था में महिलाओं के प्रवेश को पूरी तरह वर्जित है लिखा गया। इसकी वजह से दारुल उलूम को देखने आने वाली महिलाओं की ख्वाहिश को फिर से झटका लगा है। क्योंकि देश के कोने कोने से महिलाएं दारुल उलूम की ऐतिहासिक इमारत, एशिया के प्रसिद्ध मस्जिद रशीदिया और गोलाकार लाइब्रेरी को देखने के लिए यहां आती हैं। इसके साथ ही संस्था की ओर से दारुल उलूम के भीतर किसी भी तरह की वीडियो बनाने और फोटोग्राफी करने, संस्था के भीतर गुटखा, तंबाकू खाकर थूकना और किसी भी प्रकार की नशीली चीजों का प्रयोग या उन्हें भीतर ले जाने की मनाही रहेगी। जबकि फूल पौधों को छूना या तोड़ना पर भी रोक रहेगी। साथ ही निर्देश में यह भी कहा गया है कि सूर्यास्त से पहले दारुल उलूम में आने वाले लोगों को संस्था परिसर से बाहर जाना होगा।



दारुल उलूम में महिलाएं और युवतियां रील बना उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करती हैं। इससे बेपर्दागी होती है और संस्था की भी बदनामी हो रही थी। पूर्व में शर्तो के साथ महिलाओं को आने की इजाजत दी गई थी, लेकिन कुछ दिन रोक के बाद रील आदि बनाने का सिलसिला फिर से शुरु हो गया। संस्था की बदनामी रोकने और छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसे देखते हुए महिलाओं का प्रवेश वर्जित किया गया है। -मौलाना मुफ्ती रिहान कासमी, प्रभारी मोहतमिम कार्यालय, दारुल उलूम।

# सपाइयों ने सपा सांसद पर अशोभनीय टिप्पणी करने पर की कार्रवाई की मांग

**देवबन्द।** टीवी चैनल की डिबेट में सपा सांसद डिंपल यादव पर अशोभनीय टिप्पणी करने वाले ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ विरोध रूकने का नाम नहीं ले रहा है। सपाईयों ने पुलिस से शिकायत कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की हैं।

जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने बयान की निंदा करते हुए इसे स्त्री विरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति के नाम के साथ मौलाना जुड़ा हो उससे ऐसी गैर शरई भाषा की उम्मीद नहीं की जा सकती। यह बयान न केवल महिलाओं की तौहीन है बल्कि मजहब की बुनियादी तालीम के भी खिलाफ है। उनका कृत्य एक महिला नेता को नीचा दिखाने की कोशिश है। उन्होंने कहा की साजिश रशीदी को न सिर्फ महिलाओं ने बल्कि पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। वहीं, इस मुद्दे पर सपा की प्रदेश सचिव रुही अंजुम ने एसएसपी आशीष तिवारी को पत्र लिखकर साजिद रशीदी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने सीओ रविकांत पाराशर के माध्यम से भेजे पत्र में कहा कि साजिद रशीदी का बयान स्त्री विरोधी, अमर्यादित और सांसद पद का अपमान है। जिसको किसी भी दशा में सहन नहीं किया जा सकता इसलिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत लगाए छायादार पौधे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दून हिल्स एकेडमी में 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' के तहत विभिन्न प्रजातियों के 100 छायादार पौधे लगाए जाने के साथ ही पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया गया।

मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित दून हिल्स एकेडमी प्रागण में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करने के उपरांत स्कूल के चेयरमैन डा. प्रदीप वर्मा ने कहा कि प्रकृति मां का ही रूप है। जब हम पौधा रोपित करते हैं तो उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी हमारी ही बनती है। प्रधानाचार्य डा. अंजलि पंवार ने सभी छात्रों को इस पहल की प्रेरणा देते हुए कम से कम एक पौधा अवश्य रोपित करने के लिए प्रेरित किया।

डायरेक्टर तनुराज वर्मा ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए पौधों का रोपण करना जरूरी है। इस मौके पर त्रिवेणी शुगर मिल के एसआई शिवकुमार, डब्लूएल हिमांशु, एचआर विजय कुमार, पीए यूनिट हेड धीरज कुमार आदि स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहे।



## प्रधानाचार्य श्रीमति सीमा शर्मा का जिला प्रशिक्षण कोऑर्डिनेटर के रूप में चयन होने पर जताया हर्ष



**देवबन्द।** दून वैली पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमति सीमा शर्मा को सीबीएसई द्वारा जिला प्रशिक्षण कोऑर्डिनेटर चयनित किये जाने पर विद्यालय प्रबंधतंत्र ने हर्ष जताया। दून वैली पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमति सीमा शर्मा को केंद्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून के अंतरगत जिला सहारनपुर से जिला प्रशिक्षन कोऑर्डिनेटर के रूप में चयनित किये जाने पर प्रबंधतंत्र ने हर्ष जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय परिवार के लिए अतयंत गौरवपूर्ण हैं। क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हैं जिसके तहत सीबीएसई से सम्बंध विद्यालयों के शिक्षको के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रमो का आयोजन व कोशल विकास कार्यशालाओं का भी संचालन किया जाता हैं। स्कूल के निदेशक अनुराग सिंघल ने प्रधानाचार्य सीमा शर्मा के शिक्षा प्रति उनके समर्पन की प्रशंसा करते हुए विशवास जताया कि वह इस नई जिम्मेदारी में भी उत्कृष्टता के नाये मानदंड स्थापित करेंगी। इस मौके पर कोर कमेटी के सदस्यों सहित विद्यालय के समस्त परिवार ने उन्हें बधाई दी।

## वायरल वीडियो से त्रस्त पूर्व सभासद ने मांगा इंसाफ

**मुजफ्फरनगर।** दो बार सभासद के पद पर रह सकी पूर्व सभासद आज कुछ लोगों के साथ पुलिस कार्यालय पहुंची और कुछ लोगों पर एक तहरीर के माध्यम से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने का आरोप लगाते हुए पांच लाख रूपयें की मांग करने का भी आरोप लगाया है। मंगलवार को पूर्व सभासद पुलिस कार्यालय पहुंची इस दौरान उनके साथ कई दर्जन लोग साथ थे। उन्होने एक व्यक्ति पर भडकाऊ भाषा का प्रयोग करते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया है। पैसे की मांग करने का आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि पैसे न देने पर आपत्तिजनक सामाग्री भी वायरल कर दी जाएगी। इस मामले की शिकायत सिविल लाइन थाने में लिखी गई है।

# तलाक से आहत युवक ने दी जान

## मानसिक तनाव में आकर चलते ट्रक के नीचे कूद कर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मंगलवार सुबह खतौली का बुढाना तिराहा उस समय भय और स्तब्धता में बदल गया जब राह चलते लोगों ने एक व्यक्ति को चलते ट्रक के नीचे कूदते देखा। भीडभाड वाले इस तिराहे पर घटित यह आत्मघाती घटना न केवल आसपास मौजूद लोगों के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक झकझोर देने वाला हादसा बन गई। यह मंजर पास की एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट रूप से कैद हो गया, जिसमें व्यक्ति को ट्रक की चपेट में आते हुए देखा जा सकता है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह युवक सुबह से ही तिराहे के आसपास बेहद तनावपूर्ण और अनमने भाव में घूमता नजर आ रहा था। कुछ लोगों ने बताया कि उसकी आंखों में बेचैनी और चाल में अस्थिरता थी। कुछ ही देर बाद जैसे ही एक भारी वाहन (ट्रक) तिराहे से गुजरने को हुआ, युवक ने अचानक दौडकर सडक पर छलांग लगा दी और सीधो ट्रक के नीचे आ गया।

इस दर्दनाक घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस को सूचना दी। खतौली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर विधिाक कार्रवाई शुरू कर दी। पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

**पहचान हुई सालिम के रूप में, डेढ़ साल पहले हुआ था तलाक:** पहले मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। हालांकि, कुछ घंटों बाद एक परिवार थाने पहुंचा, जो अपने एक लापता सदस्य की तलाश में था। पुलिस द्वारा शव दिखाए जाने पर उसकी पहचान इस्लामनगर निवासी सालिम पुत्र शहाबुद्दीन के रूप में हुई। शव देखकर परिजन फूट-फूटकर रो पडे।

परिजनों ने बताया कि सालिम का करीब डेढ़ साल पहले अपनी पत्नी से तलाक हो गया था, और तभी से वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। वह अक्सर अकेला घूमता था और अवसाद में डूबा रहता था। लेकिन परिवार ने कभी यह कल्पना भी नहीं की थी कि वह ऐसा कठोर निर्णय ले लेगा।

**मानसिक तनाव से जुडा मामला, जांच में जुटी पुलिस:** थाना प्रभारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, जिसके पीछे गहरा पारिवारिक और मानसिक तनाव मुख्य वजह मानी जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

**दृश्य देख कांपे लोग, रूह कंपा देने वाला था मंजर:** घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि यह दृश्य इतना हृदयविदारक और भयावह था कि कई लोग वहां से मुंह फेरकर निकल गए।

एक दुकानदार ने कहा, जिस तरह से वो दौडकर ट्रक के नीचे गया, ऐसा लगा जैसे वो कुछ साबित करना चाहता था उसकी हालत देख हम समझ ही नहीं पाए कि कुछ ऐसा हो जाएगा।

# कासगंज में तैनात ढांसरी के सिपाही अनुज की हादसे में मौत

## ट्रक की टक्कर से हुई घटना, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** थाना ककरौली क्षेत्र के गांव ढांसरी निवासी सिपाही अनुज कुमार की जनपद कासगंज में ड्यूटी के दौरान सडक दुर्घटना में मौत हो गई। सिपाही की मौत से परिवार में मातम छा गया है।

थाना ककरौली क्षेत्र के गांव ढांसरी निवासी 32 वर्षीय अनुज कुमार पुत्र सुभाषचंद जनपद कासगंज के थाना ढोलना की बिलराम चौकी पर तैनात था। परि. जनों ने बताया कि वह सोमवार की शाम लगभग नौ बजे चौकी से कुछ दूरी पर स्थित एक ढाबे में खाना खाकर बाइक से लौट रहा था। चौकी से थोडी दूर पहले ही सामने से तेज गति से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने सिपाही अनुज की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह सडक पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक के परिजन शव को लेकर ढांसरी लाया जा रहा है। सिपाही की मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड गई। मृतक अपने पीछे पत्नी रिंकी व आठ माह के पुत्र ओजस को छोड गया है। सिपाही की मौत से मां बिरमपाली, भाई गौरव, रवि व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मृतक सिपाही तीन भाईयों में सबसे बडा था। जो 2020 में उप्र पुलिस में भर्ती हुआ था।



मृतक का फाइल फोटो।

## बाइक सवार के साथ मारपीट

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव जाफरपुर निवासी दीपक सैनी पुत्र सुरेश सैनी ने थाने में तहरीर दी कि पीड़ित अपने साथी सलेक के साथ थाना भवन से अपने गांव वापस लौट रहा था कि अचानक पीछे से आ रही एक अर्टिगा कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। उधर मामले को लेकर दोनों के बीच कहा. सुनी हो गई।

आरोप है कि आरोपियो ने पीढ़ी तो के साथ मारपीट कर दी जिससे वह घायल हो गए। पीड़ित ने आरोपी रविंद्र, सोनू पुत्र बाबूराम, नीलम तथा एक अज्ञात व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए थाने मे तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की । पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।







# शामली में दूसरे दिन भी झमाझम बरसे बदरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को हुई झमाझम बारिश के बाद जहां उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिल सकी वही मात्र एक घंटे की बारिश ने नगर पालिका के नाले और नालियों के साफ सफाई के दावों की पोल खोलकर रख दी। जलनिकासी न होने से पूरा शहर जलमग्न हो गया और जगह जगह पानी भर गया। बाजारों, गली मौहल्लों व कालोनियों में जलभराव होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा।

पिछले कई दिनों से उमस भरी गर्मी ने हाल बेहाल कर रखा था। आसपास देहात क्षेत्रों में तो बारिश हो रही थी, लेकिन शहर के लोग बिन बारिश के तरस रहे थे। उमस इस कदर बढ गई थी कि लोगों को पंखों के सामने बैठकर भी आराम नही मिल पा रहा था।

ऐसे में लो वोल्टेज ने भी नागरिकों को रूला दिया है। मंगलवार सवेरे अचानक मौसम ने करवट बदली और आसमान में काले बादल छा गए। सवेरे 8 बजे बूंदाबांदी के बाद देखते ही देखते झमाझम बारिश हुई। करीब एक घंटे चली झमाझम बारिश के बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल सकी।

बच्चों, महिलाओं व युवाओं ने अपने मकानों की छतों पर पहुंचकर बारिश की आंनद लिया और उमस भरी गर्मी से निजात पाई। लेकिन वही दूसरी ओर पूरा शहर बारिश के पानी से जलमग्न हो गया। नगर पालिका द्वारा नाले और नालियों की नियमित साफ सफाई न कराए जाने से नाले और नालियां कूडा करकट से अट गई है।

जिसके बाद बारिश के पानी की निकासी नही हो सकी और पूरे शहर में जलभराव हो गया। बारिश के कारण मौहल्ला कलंदरशाह, पंसा. रियान, सती मंदिर रोड, नौकुआ रोड, माजरा रोड, भिक्की मोड, बैंड मार्किट, शांतिनगर, नेहरू मार्किट, कबाडी बाजार, कैराना रोड, वीवी इंटर कालेज रोड, हनुमान रोड आदि स्थानों पर जलभराव होने से लोगों को दिक्कते हुई। मौसम को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सैल्सियस और न्यनूतम तापमान 26 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया।

# नेजा (छडी) की नगर परिक्रमा बैड बाजो व ढोल नगाड़ों के साथ निकाली, श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गोगा जहारवीर महाराज का नेजा (छडी) की नगर परिक्रमा बैड बाजो एवं ढोल नगाडो के साथ से निकाली गई झाकियो का श्रद्धालुओ ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

रेलवे रोड स्थित कश्यप कांला. नी के श्राद्धलुओ द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोगा जहारवीर महाराज का नेजा (छडी) की नगर परिक्रमा बैड बाजो और ढोल नगाडो के साथ से निकाली गई नगर परिक्रमा कश्यप कांलोनी रेलवेरोड से आरभं होकर तांगा स्टेंड शाहजीलाल और गुज्जरवाडा से होते हुए भूमियाखेडा मंदिर पर पहुंची जंहा विधि-विधान से पूजा अर्चन के उपरांत सहारनपुर मुजफ्फरनगर होईवे से होकर मजन. वाला रोड बलजीत कांलोनी होकर भगत अंशू उपाध्य के आवास म्हाडी पर पहुंची।

इस दौरान भजन कीर्तन और मनमोहक झाकियो से वातावरण भक्तिमय हो गया श्रद्धालुओ ने पुष्प वर्षा कर झाकियों का स्वागत किया शोभा यात्रा के नानू भगत.धर्म पाल भगत. प्रदुम कश्यप भगत. इलम कोर आदि श्रद्धालू शामिल रहे।

# ट्रांसफार्मर में नलकूपों की लाइन पर तार क्षतिग्रस्त, किसानों को भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** गत रात्रि शरारती तत्वों ने खेत में रखे ट्रांसफार्मर में नलकूपों की लाइन पर 11000 वोल्ट के तार जोड़ दिए जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है किसानों ने पुलिस को सूचना दी तथा कार्रवाई की मांग की है। गत रात्रि शरारती तत्वों ने कस्बा ऊन में सिंभालका रोड पर वेदपाल पुत्र कलीराम के ट्यूबवैल पर रखे ट्रांसफार्मर से नलकूपों की लाइन पर 11000 वोल्ट के तार जोड़ दिए बिजली आते ही ट्रांसफार्मर से जुड़ी चार ट्यूबवैल के मोटर स्टार्टर सब फूड गए।इसके अलावा भंभेडी रोड पर विमला देवी पुत्र सतपाल की टड्ूबवेल पर भी ट्रांसफार्मर से 11000 की लाइन के तार जोड़ दिए जिससे 6 टड्ूबवेल के केवल मोटर फुक गए जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।इसके अलावा लगातार क्षेत्र में टड्ूब बैलों पर नकाब जनी कर चोरी की वारदात भी हो रही है लेकिन आज तक कोई अभियुक्त नहीं पकड़ा जा सका है किसान रात को पहरा देने पर विवश है तथा बढ़ती घटनाओं को लेकर किसानों में रोष व्याप्त है पीड़ित किसानों ने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है।

# पौधारोपण कर दिया जागरूकता का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत क्रीडा संयोजक सत्एंद्र कुमार सहसंयोजक रविंद्र देव मोहन व खेल प्रशिक्षक अगमदीप वर्मा, प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने चंदन, तुलसी, कदंब के पौधे लगाए। मंगलवार को क्रीडा संयोजक सत्एंद्र कुमार ने प्रकृति के महत्व को बताते हुए सभी को प्रकृति के साथ जुड़ने का संदेश दिया। साथ ही बालिकाओं ने आकर्षक नाटक का मंचन किया। यह नाटक अत्यंत मनमोहक एवं प्रभावशाली रहा। जिसमें बालिकाओं ने अनेक विषयों को जीवंत अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। नाटक का मुख्य उद्देश्य सभी को विज्ञान और प्रकृति के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य संजीव कुमार, संदीप कुमार, गीता कांबोज, कविता, उपासना, अनीता, अमित कुमार, रवि कुमार, कपिल कुमार, मोहित कुमार, विकास कुमार, अश्विनी कुमार, दिव्या रानी, सुरभि रानी, वंदना रानी, साक्षी रानी, आकांक्षा रानी, रेनू रानी आदि मौजूद रहे।



## करंट दौड़ने से जान-माल का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बारिश के बाद विद्युत खंबों में करंट दौडने से नागरिकों की जान माल का खतरा बना हुआ है। विद्युत विभाग की घोर लापरवाही से रेलपार बाइपास पर विद्युत खंबे में करंट आने से एक आवारा पशु की मौत हो गई। जिससे नागरिकों में रोष व्याप्त है।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में गलती से मेरा नाम BILAL AHAMAD लिखा गया है। जबकि मेरा सही नाम BILAL AHMAD है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

BILAL AHMAD
S/O HABIB AHMAD
H.NO. 1092, दारुल उलूम वक्फ रोड, निकट महाद अल अनवर, मोहल्ला खानकाह देवबंद सहारनपुर

# स्मृति मंधाना ने पहला स्थान गंवाया



**दुबई, वार्ता।** भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में कुल 160 रन बनाने वालीं इंग्लैंड की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट एक बार फिर महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। इसके चलते भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना को एक पायदान का नुकसान हुआ है और अब रैंकिंग में वह दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं। हालांकि भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और मध्य क्रम की बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स को फायदा हुआ है। हरमनप्रीत 10 पायदान के लाभ के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि रॉड्रिग्स दो पायदान की छलांग के साथ 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं। हरमनप्रीत ने वनडे सीरीज के दौरान तीन पारियों में अंतिम मैच में लगाए

### ● वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची सिवर-ब्रंट

शतक के साथ कुल 126 रन बनाए थे जबकि रॉड्रिग्स ने तीन पारियों में एक अर्द्धशतक के साथ 101 रन बनाए थे। मंधाना सीरीज में भारत की ओर से दूसरी सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज थीं जिन्होंने तीन पारियों में 38-33 की औसत से 115 रन बनाए। हालांकि शतक के साथ इंग्लैंड दौरे की शुरुआत करने वालीं मंधाना इस सीरीज में एक भी अर्द्धशतक नहीं लगा पाईं और वनडे सीरीज में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 45 रन रहा। सिवर-ब्रंट ने भारत के खिलाफ अंतिम वनडे में 98 रनों की पारी खेली थी लेकिन उनकी टीम को हार मिली थी। सिवर-ब्रंट ने पहली बार जुलाई 2023 में वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया था और इसके बाद वह लगातार शीर्ष पांच में बनी हुई थीं। 2025 में यह पहली बार है जब सिवर-ब्रंट ने वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

● तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी ●

# ओवल स्टेडियम में दो टेस्ट जीता है भारत

### ● ओवल में आखिरी मैच जीते, तो सीरीज बराबर कप्तान शुभमन गिल तीन बड़े रिकॉर्ड्स के करीबी



**ओवल, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी टेस्ट 31 जुलाई से खेला जाएगा। मुकाबला लंदन के द ओवल स्टेडियम में होगा, जिसके लिए दोनों ही टीमें लंदन पहुंच चुकी हैं। भारत ने यहां 15 टेस्ट खेले और महज 2 जीते। हालांकि, पिछली जीत 2021 में ही मिली थी।

भारत ने द ओवल टेस्ट जीत लिया तो टीम सीरीज को 2-2 से बराबर कर लेगी। वहीं मुकाबला ड्रा हुआ या इंग्लैंड जीती, तो सीरीज भी होम टीम के नाम हो जाएगी। पांचवें टेस्ट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल के पास 3 बड़े रिकाड्र्स बनाने का मौका भी है। लंदन के द ओवल स्टेडियम में भारत ने 1936 में पहला टेस्ट खेला था, तब टीम को 9 विकेट से हार मिली थी। टीम को इस मैदान पर पहला टेस्ट जीतने में 35 साल लग गए। भारत ने 1971 में अजीत वाडेकर की कप्तानी में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया था। 1971 के बाद भारत ने द ओवल में 5 टेस्ट ड्रा कराए, जबकि 3 गंवाए। टीम को फिर इस मैदान पर 2021 में विराट कोहली की कप्तानी में दूसरी जीत मिली। उन्होंने 157 रन से टीम को जीत दिलाई थी। इस मैदान पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 14 टेस्ट खेले, 2 जीते और 5 गंवाए। इस दौरान 7 मुकाबले ड्रा भी रहे। द ओवल में आखिरी टेस्ट 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। यह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल था, जिसमें भारत को 209 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

रोहित शर्मा टीम इंडिया के कप्तान थे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज की टीम अनाउंस होने से पहले ही इस फार्मेट को अलविदा कह दिया। ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023 के फाइनल में भारत के द ओवल के मैदान पर ही हराकर ट्रॉफी जीती थी। इंग्लैंड ने द ओवल स्टेडियम में 106 टेस्ट खेले। 45 में टीम को जीत और महज 24 में हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान 37 मुकाबले ड्रा भी रहे। हालांकि, इंग्लैंड यहां 52 रन पर आलआउट भी हो चुकी है।

टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1948 में इस स्कोर पर आउट हुई थी। भारत के खिलाफ टीम 1971 में इस मैदान पर 101 पर सिमट चुकी है। ओवल स्टेडियम में भारत ने 3 बार 500 से ज्यादा रन के स्कोर बनाए, तीनों बार मुकाबले ड्रा रहे। यहां भारत का हाईएस्ट स्कोर 664 रन है, जो टीम ने 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ ही बनाया था।

## आईटीएफ विश्व मास्टर्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे यूपी के आलोक

### ● इस चैंपियनशिप में 22 देशों की टीमें भाग लें रही है आलोक भटनागर 55+ आयु वर्ग में भाग लेंगे

**लखनऊ, वार्ता।** पुर्तगाल के लिस्बन में तीन अगस्त से शुरु होने वाली आईटीएफ वर्ल्ड मास्टर्स टेनिस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के आलोक भटनागर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उत्तर प्रदेश के पूर्व नंबर एक और अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी आलोक भटनागर वर्तमान में एमवीवीएनएल- यूपीपीसीएल में कार्यरत हैं। भटनागर को अखिल भारतीय टेनिस संघ (आईटा) द्वारा तीन अगस्त से 16 अगस्त के बीच लिस्बन, पुर्तगाल में आयोजित होने वाली विश्व मास्टर्स टेनिस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में 22 देशों की टीमें भाग ले रही हैं। आलोक टीम चैंपियनशिप के साथ ही व्यक्तिगत सिगल्स, डबल्स एवं मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा में 55+ आयु वर्ग में भाग लेंगे।

आलोक भटनागर अब तक कई आईटीएफ खिताब जीत चुके हैं और वर्तमान में भारत में 55+ आयु वर्ग में डबल्स और मिक्स्ड डबल्स में नंबर 1 रैंक पर हैं। उनकी सिगल्स की विश्व रैंकिंग 106 और डबल्स में विश्व रैंकिंग 31 है। टीम के अन्य सदस्यों में पवन कपूर (कप्तान), राज दत्त और लक्ष्मीकांत तंवर शामिल हैं। आलोक को पिछले वर्ष मेक्सिको में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में भी भारत की कप्तानी के लिए चयनित किया गया था, मगर व्यक्तिगत कारणों के चलते वे भाग नहीं ले सके थे।

# सात्विक-चिराग फिर शीर्ष-10 में शामिल

### ● भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ की नवीनतम रैंकिंग में जोरदार वापसी की



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेढी और चिराग शेट्टी ने बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम रैंकिंग में शीर्ष 10 में जोरदार वापसी की है, जिससे इस सीजन की शुरुआत में थोड़ी गिरावट के बाद शीर्ष 10 में उनकी जगह पक्की हो गई है।

एशियाई सर्किट में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, जहां कोरियाई और मलेशियाई जोड़ियां लगातार अपना दबदबा बनाए हुए हैं, ऊपरी वर्ग में उनकी वापसी हुई है। कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे ने 85,000 अंकों और 79 करियर जीत के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ अपनी बढ़त बनाए रखते हुए नंबर 1 पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

इस जोड़ी की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं आया है और वे अब भी सबसे बड़ी जोड़ी बनी हुई हैं। मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक 68,750 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, और उन्होंने हमवतन मान वेई चोंग और टी काई वुन को पीछे छोड़ दिया है, जो अब 65,630 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

थाईलैंड के किट्टिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुआवारानुक्रोह 57,040 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि ताइवान के ली फैंग-चिह और ली फैंग-जेन 55,000 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। नए जोश और शीर्ष-स्तरीय टूर्नामेंटों के साथ, सात्विक और चिराग अपनी रैंकिंग में उछाल को बरकरार रखते हुए और आगे बढ़ने का लक्ष्य रखेंगे।

# दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होगी

### ● सभी मैच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर नॉकआउट प्रारूप में होंगे

**बेंगलुरु, वार्ता।** प्रतिष्ठित दलीप ट्रॉफी इस सीजन में अपने अंतर-क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी करेगी और 28 अगस्त से 15 सितंबर तक बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी, बीसीसीआई ने आज घोषणा की।

सभी मैच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर नॉकआउट प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें छह जोन - दक्षिण, मध्य, पश्चिम, पूर्व, उत्तर और उत्तर-पूर्व - शामिल होंगे। दक्षिण और पश्चिम जोन को सीधे सेमीफाइनल में जगह दी गई है। 28 से 31 अगस्त तक होने वाले क्वार्टर फाइनल में उत्तर जोन का मुकाबला पूर्व जोन से और मध्य जोन का मुकाबला उत्तर-पूर्व जोन से होगा। विजेता टीमें 4 से 7 सितंबर तक होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद 11 सितंबर से फाइनल होगा। दलीप ट्रॉफी, जो 2015-16 सीजन तक क्षेत्रीय टीमों के बीच खेली जाती थी, को 2016-17 और 2019-20 के बीच बेतरतीब ढंग से चुनी गई टीमों-भारत ए, बी, सी और डी - से बदल दिया गया। 2022-23 में यह टूर्नामेंट अपने क्षेत्रीय प्रारूप में वापस आ गया, लेकिन पिछले साल फिर से एबीसीडी संरचना का उपयोग किया गया। बीसीसीआई की पिछली एजीएम में लिए गए निर्णय के बाद, अब क्षेत्रीय प्रणाली बहाल कर दी गई है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### राज्यसभा ने दिव्या देशमुख को दी बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** राज्यसभा ने युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को प्रतिष्ठित फिडे महिला शतरंज विश्व कप जीतने पर हार्दिक बधाई दी। उप सभापति हरिवंश ने मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू करने से पहले सदन को दिव्या देशमुख की जीत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिव्या देशमुख की जीत देश भर के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि वह अपनी और सदन की ओर से उन्हें शुभकामनाएं और बधाई देता हूं।

### गुलाबी गेंद से एशेज टेस्ट से पहले इंग्लैंड प्रधानमंत्री एकादश से भिड़ेगी

**मेलबर्न, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार (29 जुलाई) को पुष्टि की कि इंग्लैंड, दिन-रात्रि एशेज टेस्ट की तैयारी के लिए दो दिवसीय गुलाबी गेंद मैच में प्रधानमंत्री एकादश से भिड़ेगा। यह पहली बार होगा जब इंग्लैंड प्रधानमंत्री एकादश के साथ कई दिनों का मैच खेलेगा, क्योंकि 2022-23 सीजन तक यह हमेशा एक दिवसीय मैच होता था। यह गुलाबी गेंद का मैच 29 और 30 नवंबर को कैनबरा के मनुका ओवल में पहले और दूसरे टेस्ट के बीच खेला जाएगा। इसके तीन दिन बाद, इंग्लैंड 4 दिसंबर से गाबा में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से दिन-रात्रि टेस्ट खेलेगा। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि 'मैं प्रधानमंत्री एकादश टीम को अंतिम रूप देने के लिए चयनकर्ताओं के साथ बैठक करने को उत्सुक हूं, जिसमें मजबूत इंग्लिश टीम का सामना करने के लिए ऑस्ट्रेलिया भर से सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध प्रतिभाएं शामिल होंगी। यह दौरा करने वाली टीम का दूसरा अभ्यास मैच होगा, जबकि पहला अभ्यास मैच पर्थ में शुरुआती टेस्ट से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ एक अंतर-टीम मुकाबला था।

# ऑस्ट्रेलिया का कैरेबियाई दौरे का शानदार समापन

### ● ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट सीरीज में 3-0 और टी-20 में 5-0 से क्लीन स्वीप किया




**सेंट किट्स, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने आज भारतीय समयानुसार पांचवें और अंतिम टी-20 मैच में वेस्टइंडीज पर 3 विकेट से रोमांचक जीत के साथ सभी प्रारूपों में 8-0 से क्लीन स्वीप करते हुए अपने कैरेबियाई दौरे का शानदार समापन किया।

इस परिणाम के साथ, मेहमान टीम ने टेस्ट सीरीज में मेजबान टीम को 3-0 से और टी20 सीरीज में 5-0 से करारी शिकस्त देकर 8-0 की व्यापक जीत सुनिश्चित की। 171 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने खराब शुरुआत से उबरते हुए तीन ओवर शेष रहते 173/7 का स्कोर बनाया। मिशेल ओवेन (37), टिम डेविड और कैमरन ग्रीन जैसे मध्यक्रम के प्रभावशाली प्रदर्शन की बदौलत यह उपलब्धि हासिल की। पूरी टी20 सीरीज में अपने लगातार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए, ग्रीन को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। इससे पहले, शिमरोन हेटमायर की 30 गेंदों में 52 रनों की तेज पारी के बावजूद, विंडीज़ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19-4 ओवर में 170 रन पर आउट हो गई। वापसी कर रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस ने 41 रन देकर 3 विकेट लेकर प्रभावित किया, दोनों सलामी बल्लेबाज़ों को जल्दी आउट किया और अहम मौकों पर साझेदारियां तोड़ीं। शेरफेन रदरफोर्ड ने 35 रनों की तेज पारी खेलकर शुरुआती गति प्रदान की, लेकिन ग्लेन की गेंद पर बोल्ड हो गए। हेटमायर के पलटवार, जिसमें 17वें ओवर में ड्वारशुइस पर किया गया हमला भी शामिल था, ने विंडीज की उम्मीदें कुछ समय के लिए जगाईं, लेकिन फिफ्टी के तुरंत बाद उनके आउट होने से टीम का अंतिम तीन ओवरों में पतन हो गया और मेजबान टीम अंतिम तीन ओवरों में केवल 14 रन ही बना सकी।

# फिनलैंड में महेश तांबे का टी-20 में विश्व रिकॉर्ड



### ● आठ बॉल में पांच विकेट लिए, 2022 में बहरीन के जुनैद ने 10 गेंद में किया था कारनामा

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिनलैंड के महेश तांबे ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे कम बाल में 5 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। ताबें ने एस्टोनिया के खिलाफ मैच में 8 गेंदों में 5 बैटर्स को पवेलियन भेजा। इससे पहले यह रिकॉर्ड बहरीन के जुनैद अजीज के नाम था, जिन्होंने 2022 में जर्मनी के खिलाफ केवल 10 गेंदों में 5 विकेट लिए थे।

तांबे ने यह उपलब्धि रविवार को फिनलैंड और एस्टोनिया के बीच खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में हासिल की। इस मैच में फिनलैंड ने पहले गेंदबाजी करते हुए एस्टोनिया को 19.4 ओवर में 141 रनों पर समेट दिया। एक समय एस्टोनिया ने 2 विकेट पर 104 रन बना लिए थे और बड़ा स्कोर बनता दिख रहा था, लेकिन महेश तांबे ने शानदार गेंदबाजी से उनकी पारी को तहस-नहस कर दिया। तांबे ने स्टेफन गूच, साहिल चौहान, मुहम्मद उस्मान, रुपम बरुआ और प्रणय गीवाला के विकेट चटकाए। तांबे ने इन पांच बल्लेबाजों को मात्र 1.2 ओवर (8 गेंदों) में आउट किया। उन्होंने 2 ओवर में 19 रन देकर 5 विकेट लिए। फिनलैंड ने 5 विकेट से जीता मैच फिनलैंड ने 142 रनों का लक्ष्य 18.1 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया और यह मैच 5 विकेट से जीत लिया। फिनलैंड की ओर से अरविंद मोहन ने सर्वाधिक 67 रन बनाए। उन्होंने 60 गेंदों की नाबाद पारी में फराज मेहती अब्बास (19) और जार्डन (18) के साथ महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाकर टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ फिनलैंड ने टी-20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

# बुमराह अंतिम टेस्ट में नहीं खेल सकते हैं तो कुलदीप को मौका देना चाहिए: मांजरेकर



### भारत को एक ऐसे गेंदबाजी आक्रमण की जरुरत है जो 20 विकेट ले सके

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 31 जुलाई से शुरू होने वाला सीरीज का अंतिम टेस्ट अगर नहीं खेलते हैं तो ऐसी स्थिति में बुमराह की जगह कुलदीप यादव को मौका मिलना चाहिए क्योंकि बुमराह की अनुपस्थिति में भारत को एक ऐसे गेंदबाज़ी आक्रमण की ज़रूरत होगी जो 20 विकेट ले सके। ईएसपीएन क्रिकइंफो मैच डे हिंदी पर मांजरेकर ने कहा कि भारत को एक ऐसे गेंदबाज़ी आक्रमण की ज़रूरत है जो 20 विकेट ले सके।

अगर बुमराह नहीं खेलते हैं तो ऐसी स्थिति में कुलदीप यादव को नहीं खेलाना मेरे विचार में ज्यादती होगी। जहां तक बल्लेबाजी की बात है तो इस पहलू पर भारत को चिता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि (रवींद्र) जडेजा भी इस समय लय में हैं। मांजरेकर ने यह भी कहा कि इस सीरीज में रणनीति अब तक भारत के काम नहीं आई है और यह जरूरी है कि टीम के सीनियर खिलाड़ी मिलकर भारतीय टीम की रणनीति पर नए सिरे से विचार करें। मांजरेकर ने कहा कि मुझे एक ही डर लग रहा है चूंकि भारत भले मैनचेस्टर में जीता नहीं लेकिन परिणाम ड्रा के रूप में भारत के पक्ष में आया इसलिए यह लगेगा कि भारत जीता नहीं लेकिन उनकी रणनीति इतनी भी बुरी नहीं थी क्योंकि यह मैच हम नहीं हारे। लेकिन मैं समझता हूं भारत जिस तरह से इंग्लैंड के खिलाफ खेल रहा है और इस स्तर तक पहुंचा है वो तब है जब रणनीति भारत के काम नहीं आई है। रणनीति ने भारत के लिए काम और मुश्किल किया है।

# ब्रॉड ने 'हैंडशेक ड्रामा' पर कहा टेस्ट शतक बनाना मुश्किल

### ● जडेजा और सुंदर ने इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स के प्रस्ताव को ठुकरा दिया



**लंदन, वार्ता।** चौथे भारत-इंग्लैंड टेस्ट की आखिरी शाम ओल्ड ट्रैफर्ड में तनाव का एक अनोखा दौर देखने को मिला, जब भारतीय बल्लेबाज रवींद्र जडेजा और वाशिगटन सुंदर ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के मैच ड्रॉ कराने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया और इसके बजाय व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने का फैसला किया।

इस पल ने इंग्लैंड के खेमे में निराशा पैदा कर दी, लेकिन पूर्व तेज गेंदबाज़ स्टुअर्ट ब्रॉड ने इस कदम का बचाव करते हुए कहा कि टेस्ट शतक बनाना बहुत मुश्किल है। भारत के चार विकेट पर 430 रन और मैच के ड्रॉ की ओर बढ़ने के साथ, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने आखिरी घंटे की शुरुआत में पारंपरिक हैंडशेक का संकेत दिया। मैदान पर 143 ओवर खेल चुके इंग्लैंड ने मैच का अंत करने की कोशिश की। हालांकि, जडेजा और सुंदर ने नियमों के दायरे में रहते हुए, अपने शतक पूरे करने की कोशिश में बल्लेबाजी जारी रखने का फैसला किया। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट का एक अनोखा दौर शुरू हुआ। नतीजे की सारी उम्मीदें खत्म हो जाने के बाद, पार्ट-टाइमर हैरी ब्रूक को ऑफ-स्पिन गेंदबाजी के लिए बुलाया गया-हालांकि वह एक मध्यम गति का गेंदबाज है। गेंदबाजी में तीव्रता की कमी थी, और इंग्लैंड के खिलाड़ियों द्वारा जल्दबाजी में गेंदबाजी करने की कोशिश के कारण मैदान पर भीड़ जमा हो गई। 'निराशा ज़रूर थी,' ब्रॉड ने मैच के बाद कमेंट्री के दौरान कहा। लेकिन सुंदर अपने पहले शतक के कगार पर थे, जडेजा भी करीब थे। वे चार घंटे से मैदान पर कड़ी मेहनत कर रहे थे। आप उन्हें दोष नहीं दे सकते। टेस्ट शतक बनाना बहुत मुश्किल है।

जब ब्रूक बेतरतीब ऑफ-स्पिन फेंक रहे थे, तो भारत ने सावधानी से सिगल रन लेने की कोशिश की, जिसमें जडेजा ने छक्का भी जड़ा। एक से ज्यादा मौकों पर, इंग्लैंड के खिलाड़ियों, जिनमें ब्रूक भी शामिल थे, ने हाथ मिलाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें मना कर दिया गया। ब्रॉड ने दोनों टीमों की स्थिति के प्रति सहानुभूति जताई। अगर मैं फील्डिंग कर रहा होता, तो ड्रेसिंग रूम के पास अपने जूते उतारकर मैदान पर जाने के लिए तैयार होता। लेकिन मैं भारत को भी दोष नहीं दे सकता। वह चार घंटे गंभीर दृढ़ संकल्प के थे। मैच के बाद सुंदर की भावनाओं ने दिल को छू लिया।

# यातायात नियम उल्लंघन पर डीएम सख्त

## पांच बार से अधिक यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का लाईसेंस होगा निरस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि यातायात नियमों का पांच बार से अधिक उल्लंघन करने वाले वाहनों का लाईसेंस निरस्त किया जाये। इसके लिये चौराहों पर स्थापित पीए सिस्टम के माध्यम से निरंतर प्रचार प्रसार किया जाये।



जिलाधिकारी ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये। उन्होंने नगर क्षेत्र में मुख्य चौराहों पर स्थापित आईटीएमएस द्वारा यातायात के नियमों का 3 बार से अधिक उल्लघंन किये जाने वाले वाहनों पर लाईसेंस निलम्बन एवं 5 बार से अधिक उल्लघंन करने वाले वाहनों के लाईसेंस निरस्तीकरण किये जाने हेतु यातायात विभाग एवं सहारनपुर स्मार्ट सिटी को निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर के मुख्य मार्गों के चौराहों पर 50 मीटर तक की परिधि में कोई भी वाहन खडे न हो। पुलिस विभाग को निर्देश दिये कि स्मार्ट सिटी द्वारा चौराहों पर स्थापित पीए सिस्टम के माध्यम से आनउसमेंट कराया जाए।

श्री बंसल ने कहा कि जनपद में ऐसे व्यक्ति जो गोल्डन ऑवर में सड़क दुर्घटना में घायल की मदद प्रदान करते हैं उनका प्रोत्साहन किया जाए। उन्होंने वन विभाग को जनपद के मुख्य मार्गों के किनारे खडे वृक्षों की छटाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया जिससे अप्रिय घटना से बचा जा सके। विद्युत विभाग को जनपद के मुख्य मार्गों के किनारे लगे विद्युत पोल पर दुर्घटनाओं से बचाव हेतु रिफलेक्टर एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। एनएचएआई के अधीन मार्गों के किनारे अव्यवस्थित तरीके से खडे होने वाले वाहनों को तत्काल हटाया जाए एवं सम्बन्धित थानें को सूचित करते हुए वाहन के खिलाफ प्रर्वतन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग धर्मेन्द्र सिंह, एआरटीओ एमपी सिंह सहित चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग एवं एनएचएआई के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बिना हेलमेट पहने अब किसी भी तरह से नही भरवा सकेंगे पैट्रोल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नो हेलमेट नो फ्यूल की नीति को वास्तविक अमली जामा पहनाने के लिये अब पुलिस नये सिरे से काम करेगी। पैट्रोल पंपों से यदि किसी वाहन चालक ने बिना हेलमेट पैट्रोल लिया तो पुलिस उसका चालान निश्चित रूप से करेगी। इसके लिये पुलिसपैट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद लेगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक यातायात के निकट पर्यवेक्षण में इस अभियान को पुनः चलाया जायेगा। समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र में संचालित पेट्रोल पम्प संचालकों व स्वामियों को किसी भी आमजन को बिना हेलमेट के दुपहिया वाहनों में पेट्रोल न दिये जाने के सम्बन्ध में जागरूक करेगे। जिस पुलिसकर्मी की बीट क्षेत्र में पेट्रोल पम्प पड रहा है, उक्त बीट कर्मी अपने बीट के पेट्रोल पम्प पर जाकर वहां डयूटी करेगे और उक्त पेट्रोल पम्प पर नो



हेल्मेट नो फ्यूल अभियान सुचारू से चलवायेगे। यदि किसी पेट्रोल पम्प पर किसी आमजन द्वारा अपने दुपहिया वाहनों में बिना हेलमेट के पेट्रोल डलवाया जाता है तो पेट्रोल पम्प पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से बिना हेलमेट दुपहिया वाहनों की वीडियों व फोटो के आधार पर चालान की कार्यवाही करना सुनिश्चित करेगे और आमजन को हेलमेट लगाने के सम्बन्ध में जागरूक करेगे।

### सीसी टीवी के आधार पर पुलिस कर देगी वाहनों के चालान

यदि किसी पेट्रोल पम्प पर सीसीटीवी नही लगा है तो सम्बन्धित पेट्रोल पम्प संचालकों व स्वामियों से वार्ता कर उक्त पेट्रोल पम्प पर सीसीटीवी लगवाना सुनिश्चित करेंगे।

एसएसपी आशीष तिवारी के अनुसार समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र में संचालित पेट्रोल पम्पों पर 1 आरक्षी व 1 होमगार्ड की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करेगे एवं थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान पेट्रोल पम्प पर नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान को अवश्य चैक करेगे।

# गरीबों की हितैषी भाजपा सरकारः चौ. किरत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** विधायक किरत चौधरी ने पीएम जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री प्रतिदिन गरीबो के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाकर धरातल पर उतारते हैं।

नगर के सीएचसी में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन विधायक किरत चौधरी ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक किरत चौधरी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे को लाभान्वित कर देश का विकास करना है उन्होंने कहा कि पीएम औषधि केंद्र में दवाईया बाजार से कम रेट पर मिलेगी जिससे आमजन को फायदा होगा। पीएम औषधि केंद्र के एरिया मैनेजर देवेन्द्र सैनी व सीएचसी प्रभारी प्रमोद कुमार ने पीएम औषधि केंद्र की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, चेयरमैन शीशपाल सिंह, डीसीडीएफ के पूर्व चेयरमैन कृष्ण कुमार पुंडीर, मंडल अध्यक्ष मनोज राणा, कृषि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मौहर सिंह पुंडीर, खुशीराम कश्यप, खेमचंद कश्यप, प्रधान पति बृजेश कश्यप, पूर्व प्रधान रामपाल सिंह, आदि ने भी संबोधित किया इस अवसर पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मेयर व नगर आयुक्त का म्हाडी स्थल पर निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सहारनपुर दौरे के दौरान जाहरवीर गोगाजी की महाड़ी पर जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए नगर निगम अपनी तैयारियों को युद्ध स्तर पर अंतिम रुप दे रहा है। महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज निगम व स्मार्ट सिटी अधिकारियों के साथ गोगा महाड़ी स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। स्मार्ट सिटी द्वारा महाड़ी स्थल के निकट बनाया गया स्वच्छ कुण्ड गोगा महाड़ी मुख्यमंत्री के लिए आकर्षण का केंद्र होगा।



महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त ने महाड़ी स्थल तथा उसके निकट नवनिर्मित स्वच्छ कुण्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यद्वार को अपग्रेड कराने तथा वहां सभी सड़कों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य तेजी से कराने तथा दीवार की मरम्मत कर उस पर पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। मुख्य सड़क पर रैम्प और हैज लगाने का कार्य करने के अलावा मुख्य मंदिर पर पेंटिंग कराने को कहा। महापौर व नगरायुक्त ने शौचालयों की मरम्मत, पेड़ों के चारों ओर आयताकार संरक्षण के अतिरिक्त महाड़ी स्थल की मुख्य सड़क पर आरसीसी की नाली तथा कवर सहित अन्य नालियों की मरम्मत का कार्य कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन लाइन को शिफ्ट करने के लिए विद्युत विभाग से समन्वय बनाने के निर्देश भी दिए गए।

जलकल विभाग को श्रद्धालुओं के लिए दो वाटर कूलर, एक स्वच्छ कुण्ड के पास और एक गोगा महाड़ी परिसर में लगाने तथा खराब पम्प उखाड़कर शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए वहां बिछाई गयी पाइप लाइन से कनेक्ट कर प्याऊ लगाने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह ने महापौर व नगरायुक्त को बताया कि अनउपयोगी होने के कारण पुराने कुएं को कवर करा दिया गया है। नगरायुक्त ने श्रांत-विश्रांत श्रद्धालुओं के लिए बैंच लगवाने तथा सरोवर निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएन को जाहरवीर गोगा जी महाड़ी पर लगने वाले मेले के महत्व सहित गोगाजी महाराज का संक्षिप्त इतिहास भी लिखवाने के निर्देश दिए ताकि आने वाले श्रद्धालु उनके सत्कर्मो को जाने-समझे और उससे प्रेरणा लेकर अपने जीवन को राष्ट्र की सेवा और जनकल्याण के कार्यो में लगा सके।

निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्र. बंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह व आलोक श्रीवास्तव, महाप्रबंधक दिनेश सिंघल, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल, कार्यदायी संस्था के परियोजना के प्रबंधक सहित अनेक अधिकारी तथा पार्षद दिग्विजय चौहान, वीरेंद्र उपाध्याय व पार्षद प्रति. निधि अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# इमरान के सवाल पर बोले मंत्री- ऐप में हो रहा सुधार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सांसद इमरान मसूद द्वारा लोकसभा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली ऐप की कार्यप्रणाली और उसमें उत्पन्न समस्याओं से जुड़े प्रश्न का उत्तर ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने दिया।

सांसद ने जानना चाहा था कि कितने मजदूर एनएमएमएस ऐप की तकनीकी खामियों के चलते उपस्थिति दर्ज नहीं कर सके, ऐप और भौतिक मास्टर रोल में कितनी विसंगतियाँ सामने आईं, मजदूरी से वंचित न हो इस हेतु क्या निर्देश जारी किए गए हैं और शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई है। मंत्री ने उत्तर में बताया कि 1 जनवरी 2023 से एनएमएमएस ऐप के माध्यम से कार्यस्थल पर दो बार टाइम-स्टैम्प व जियो-टैग्ड फोटो के साथ मजदूरों की उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य किया गया है, हालांकि व्यक्तिगत लाभार्थी कार्य इससे अपवाद हैं। यह व्यवस्था पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए की गई है। यदि नेटवर्क की समस्या हो या ऐप से उपस्थिति दर्ज न हो सके, तो ऑफलाइन मोड में उपस्थिति दर्ज की जा सकती है जिसे नेटवर्क आने पर अपलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, विशेष परिस्थितियों में ब्लॉक स्तर पर छूट की अनुमति भी उपलब्ध है। मंत्री ने दावा किया कि इन प्रावधानों के चलते किसी मजदूर को अब तक एनएमएमएस ऐप की वजह से मजदूरी से वंचित होने का कोई मामला मंत्रालय के संज्ञान में नहीं आया है।

# जीआई सर्वे टैक्स का लगातार होगा विरोधः टिंकू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उद्योग व्यापार प्रति. निधि मंडल और सहारनपुर होजरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने जी आई सर्वे के विरोध में साथ देने के लिए विधानसभा प्रभारी और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा को ज्ञापन सौंपा।



आज व्यापार मंडल के पदाधिकारीयो ने पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा को ज्ञापन देकर इस जनहित की लड़ाई में साथ देने के लिए कहा सहारनपुर होजरी मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मनजीत सिंह अरोड़ा ने कहा कि अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने ही सर्वप्रथम जी आई सर्वे निरस्त करवाने को लेकर आंदोलन शुरू किया था और लगातार उनके स्तर से लड़ाई जारी है। आज हमने उन्हें ज्ञापन के माध्यम से नगर के समस्त व्यापारियों और जनमानस की समस्या को बताया है जिस पर टिंकू अरोड़ा ने कहा की मैं और हमारे सर्वदलीय मजबूत पार्षदों दल और समाजवादी पार्टी इसे नगर से लेकर विधानसभा तक लड़ने की तैयारी कर रही है और यह जी आई सर्वे जनता पर लगाया काला कानून है जो की निरस्त ही होना चाहिए। उन्होने कहा कि नगर के विधायकों को आने वाले सत्र में मजबूती से इसे निरस्त करने की मांग विधानसभा में करनी चाहिए क्योंकि यह जनता पर लगाने का काम भी विधानसभा से ही हुआ है तभी जनता को इससे राहत मिल पाएगी। विधायक आशु मलिक के द्वारा इस संबंध में याचिका भी दाखिल की गई है और विधानसभा सत्र में बड़ी मजबूती से समाजवादी पार्टी इसका विरोध करेगी।

# विधायक आशु मलिक ने उठाए समाज कल्याण से जुड़े मुद्दे




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा के देहात विधायक आशु मलिक ने उत्तर प्रदेश विधानसभा याचिका समिति की बैठक में समाज कल्याण से जुडे मुद्दों को उठाया।

बैठक में विधायक आशु मलिक ने देहात विधानसभा क्षेत्र से सम्बन्धित समाज कल्याण विभाग से जुडी समस्याओं को उठाया। साथ ही सभापति के माध्यम से प्रमुख सचिव को पत्र प्रेषित किया। प्रमुख सचिव द्वारा समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु सकारात्मक आश्वासन भी प्राप्त हुआ है।

# चोरी का खुलासा

**सहारनपुर।** सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो वांछित चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया ताम्बे का तार बरामद कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी व उपनिरीक्षक जहांगीर के नेतृत्व मुखबिर की सूचना पर दो शातिर चोरों सागर उर्फ जलेबी पुत्र बिजेंद्र निवासी नुमाईश कैम्प सरो वाली गली व मनीष कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी पुष्पांजलि विहार निकट देवेंद्र नगर कुम्हार वाली गली थाना जनकपुरी को विनोद विहार कालोनी के सामने बने मैदान की झाड़ियों से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरो. पियों के कब्जे से 6-7 किग्रा तांबे का तार बरामद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक श्री त्यागी ने बताया कि दबोचे गए आरोपियों पूछताछ के दौरान पुलिस को सच बताया।

# भाजपा राज में बढ़ा शिक्षा का स्तरः राजीव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** कैलाशपुर में पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय के परिसर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की 5वी वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई है।

मंगलवार को विकास खंड पूंवारका के गांव कैलाशपुर में पीएम श्री विद्यालय की पाँचवी वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर विधायक राजीव गुम्बर, जिला बेसिक अधिकारी कोमल, जिला समन्वयक प्रशिक्षण अरविन्द और राजेश जोहरी रहे इस अवसर पर बोलते हुए नगर विधायक राजीव गुम्बर ने बताया कि पीएम श्री विद्यालय में आधुनिक सुविधाएं जैसे कम्प्यूटर खेलकूद सामग्री स्मार्ट क्लास और डिजिटल पुस्तकालय की सुविधा प्रदान की गई है जिससे भारत 2047 तक विकसित करने का लक्ष्य प्राप्त कर सके कार्यक्रम के अंत में नगर विधायक और जिला बेसिक अधिकारी ने विद्यालय के प्रांगण में वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का समापन किया है इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी पूंवारका जीतेन्द्र तोमर, खंड शिक्षा अधिकारी बलियाखेड़ी सुरेश त्यागी, कपिल दुआ, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बबलू शाह, प्रधानाध्यापक शमा परवीन, रेखा रानी, नीरज धीमान, नईमा, देवेंद्र, शिव कुमार सैनी, उदित कुमार, तोसीफ उलहक सहित ग्राम वासी मौजूद रहे है।

# फरहाद ने लगाई जिले की पहली पीडीए पाठशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देश के बाद पीडीए पाठशाला अभियान शुरू कर दिया गया है। यह अभियान भाजपा सरकार की शिक्षा नीतियों को लेकर शुरू किया है, ताकि गरीब बच्चे शिक्षा से वंचित न रह सके।




इसी कड़ी में तहसील सदर क्षेत्र के मल्हीपुर रोड़ ग्राम नया गांव (सिद्पुरा) में वरिष्ठ सपा नेता फरहाद आलम गाड़ा की अगुवाई में जिले की पहली पीडीए पाठशाला लगाई गई। जहां आसपास के गांवों के बच्चों को एकजुट होकर पढ़ाया गया। फरहाद आलम गाड़ा ने कहा बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर ने हमें शिक्षा का अधिकार संविधान में दिया है।

भाजपा सरकार सुन लें और आँख खोल के देख लें कि हम 'शिक्षा का अधिकार' किसी को भी छीनने नहीं देंगे, अगर अपने झूठे प्रचार पर खरबों रुपये खर्च करने वाली भाजपा सरकार के पास स्कूल चलाने के पैसे नहीं हैं तो कोई बात नहीं, जहाँ-जहाँ भाजपा स्कूल बंद करेगी, वहाँ-वहाँ पीडीए के लोग 'पीडीए पाठशाला' खोल देंगे। अब क्या 'पीडीए पाठशाला' पर भी शिक्षा विरोधी भाजपा सरकार बुलडोजर चलवाएगी या शिक्षकों पर एफआईआर करवाएगी।

फरहाद आलम गाड़ा ने कहा अगर शिक्षा का महत्व न समझने वाली भाजपा सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ जाकर अपनी बुलडोजरी मनमर्जी चलाई और स्कूलो का मर्जर किया तो हम हर उस गाँव में 'पीडीए पाठशाला' खोल देंगे जहाँ बच्चों से पढ़ाई का बुनियादी हक छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीडीए समाज के खिलाफ एक बड़ी भाजपाई साजिश है। पहले नोकरियों पर हमला बोला अब शिक्षा के अधिकार पर। भाजपा और उनके साथी हर जगह अपने कार्यालय तो खोल रहे हैं लेकिन स्कूल बंद कर रहे हैं।

# बिल निस्तारण की धीमी गति पर नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने टैक्स विभाग के अधिकारियों को जीआईएस बिलों के निस्तारण की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आपत्तियों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह निर्देश जनसुनवाई के दौरान दिए। जनसुनवाई के दौरान आज आयी सात समस्याओं में से एक का तत्काल निस्तारण कराया गया।




वार्ड 6 वर्धमान कॉलोनी के सो. हनलाल ने नाली की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर तत्काल क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई कर्मचारी को भेजकर साफ सफाई करा दी गयी। इसके अलावा वार्ड 10 नवादा रोड काजीपुरा निवासी शहजाद मलिक ने अपने आवास के निकट स्ट्रीट लाइट ठीक कराने, वार्ड दो रामनगर निवासी सुनील कुमार ने अपने आवास के पास हैण्ड पम्प ठीक कराने, वार्ड 03 बाजोरिया रोड निवासी डॉ. राजीव गुप्ता ने कुंती देवी हॉस्पिटल के पास से अतिक्रमण हटवाने, वार्ड 07 जाटव नगर निवासी सोनी शिवा ने जाटव नगर अम्बेडकर चौक के पास पेयजल में रेत आने की समस्या को ठीक कराने, वार्ड एक जेल चुंगी निवासी पुष्पा ने शांति नगर में अवैध रुप से चल रही डेयरी को बंद कराने तथा वार्ड 26 मानकमऊ के श्यामलाल ने सती देव वाली गली में गोबर की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। नगरायुक्त ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

# गमगीन माहौल में छात्र आकाश का अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** सोमवार शाम कस्बे के चौधरी पेट्रोल पंप के सामने हाईवे पर ट्रैक्टर के साथ हुई थार कार की भिड़ंत में छात्र आकाश की हुई मौत के बाद मंगलवार सुबह गमगीन माहौल में गांव के श्मशान घाट में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

आकाश अपने माता-पिता के अकेला पुत्र था। उसकी शादी करीब डेढ़ वर्ष पहले हुई थी । करीब छः माह की उसकी एक लड़की है। आकाश की छोटी बहन अविवाहित जिसकी शादी करना भी आकाश की बड़ी जिम्मेदारी थी। बताते चले कि आकाश पुत्र मोहन सिंह निवासी डोंकोवाली थाना देवबंद गत वर्ष इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में बीपीईएस के कोर्स में पढ़ता था। वह अपनी मार्कशीट की कमी को दूर करने के लिए सोमवार सुबह थार कार से अपने साथी गौरव निवासी सुनेहटी खडखड़ी बीकॉम छात्र तथा अपने ही क्लास के दीक्षांत राठी निवासी गदरपुर थाना सरसावा के साथ कॉलेज के प्रोफेसर भूपेंद्र सिंह को लेकर चौधरी चरण यूनिवर्सिटी मेरठ गए थे। वापस लौटते समय जब वह कस्बे के निकट पहुंचे तो उनकी भिड़ंत एक ट्रैक्टर ट्राली से हो गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी की थार कार सड़क किनारे नाले के पास पलट गई घटना में तीनों छात्रों सहित शिक्षक भी घायल हो गया था। उपचार के दौरान छात्र आकाश की मौत हो गई थी

# अस्पताल में लगाया विशेष स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मरीजो की निशुल्क जांच, परामर्श और उपचार की सुविधाएं प्रदान की गईं।




मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की ओर से आमजन को जागरूक करते हुए बताया गया कि हेपेटाइटिस एक गंभीर रोग है, जो समय पर पहचान और इलाज न मिलने पर जानलेवा भी साबित हो सकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि जिला अस्पतालमें हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी एवं ई की जांच और उपचार की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है। इस हेतु विशेष रूप से प्रशिक्षित डॉक्टर, पैथोलॉजिस्ट, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन, एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी तैनात किए गए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार हेपेटाइटिस बी और सी वायरस संक्रमित खून, संक्रमित सुई, असुरक्षित यौन संबंधों और संक्रमित मां से नवजात को हो सकता है। वहीं हेपेटाइटिस ए और ई दूषित जल और भोजन से फैलते हैं। हेपेटाइटिस के लक्षण थकान आना, भूख न लगना, बुखार, उल्टी, पेट दर्द, दस्त, आंखों और त्वचा का पीला पड़ना (पीलिया), गहरे रंग का मूत्र और हल्के रंग का मल, बचाव के उपाय डिस्पोजेबल सिरिंज का उपयोग करें, खून चढ़ाने से पहले एचआईवी हेपेटाइटिस बी और सी की जांच आवश्यक, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, सुई, उस्तरा, टूथब्रश आदि साझा न करें। उन्होने बताया कि जागरूकता और समय पर जांच एवं उपचार से हेपेटाइटिस को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 30 जुलाई 2025

# पीएम का जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में विपक्ष के तमाम सवालों के जवाब दिए। पीएम ने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जो विपक्ष भ्रम फैला रहा है कि किसी के दबाव में पाकिस्तान से युद्ध को रोका गया, वह पूरी तरह गलत है। भारत ने किसी के दबाव में आकर कोई फैसला नहीं लिया। जाहिर है, जब वह ऐसा कह रहे थे उनके कहने का मतलब यही था कि यदि कोई युद्ध रोकने का श्रेय लेना चाह रहा है, तो यह सही नहीं है। पीएम मोदी ने विपक्ष को यह भी बताया कि यह मानकर चलना कि भारत के साथ उस युद्ध में कोई नहीं था यह भी एक गलत धारणा है। उन्होंने कहा कि 193 देशों में से मात्र एक-दो देश ही पाक के साथ खड़े थे, जबकि विश्व के अन्य देशों का व्यापक समर्थन भारत के साथ था।

उन्होंने कांग्रेस पर यह कहकर कटाक्ष किया कि कांग्रेस बराबर सरकार विरोधी व सेना विरोधी काम करती रही है। पीएम मोदी के अनुसार भारत ने अपने तमाम लक्ष्य हासिल किए और पाकिस्तान को घुटनों पर लाया गया। पाकिस्तान की पेशकश पर ही युद्ध को रोका गया था। उनसे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी जोरदार हमला यह कहकर सरकार पर बोला था कि सरकार के पास दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव है और उसने सेना के हाथ बांध रखे हैं। उन्होंने कहा था कि जब पाक पर हमला करने से पहले ही हमारे विदेश मंत्री ही उनके सूचित करेंगे और बताएंगे कि भारत केवल हमला चुनिंदा ठिकानों पर करेगा, उनमें पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान शामिल नहीं होंगे। उससे संकेत क्या मिलता है यही कि सरकार के पास इच्छाशक्ति नहीं है। राज्यसभा में ही जोरदार चर्चा देखने में आई वहां नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोरदार ढंग से अपनी बात को रखा और कहा कि सरकार ने अपने व्यापारिक मित्रों के हितों को ध्यान में रखकर सीज फायर पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि ट्रम्प बार-बार कह रहे हैं कि व्यापार ही वही कारण था जिसकी धमकी देकर उन्होंने भारत को मजबूर किया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर ट्रम्प की इसमें कोई भूमिका नहीं थी, तो फिर युद्ध विराम की घोषणा ट्रम्प की तरफ से पहले कैसे आई।

पहलगाम आतंकी घटना को लेकर चूक का मामला भी सामने आया और सपा के अखिलेश यादव ने खुलकर कहा कि यह सुरक्षा चूक है और इसमें गृहमंत्री को अपनी जिम्मेदारी से नहीं भागना चाहिए। यह भी इत्तेफाक ही रहा कि एक दिन पहले ही तीन आतंकवादी जम्मू कश्मीर में हुई एक मुठभेड़ में मारे गए, उनके बारे में गृहमंत्री अमित शाह ने बताया कि यह तीनों आतंकी ही पहलगाम की घटना में शामिल थे और ये सभी लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर थे। इस पर भी विपक्ष ने इस मुठभेड़ की टाइमिंग पर सवाल उठाए। कुल मिलाकर ऑपरेशन सिंदूर पर सत्ता पक्ष व विपक्ष की तरफ से जोरदार बहस देखने में आई, जिसकी जनता बहुत दिनों से प्रतीक्षा कर रही थी। बहस किसके पक्ष व विपक्ष में रही यह ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है लोकतंत्र में यह महत्वपूर्ण है कि सभी पक्ष अपने विचारों को खुले मंच से मजबूती के साथ रखें।

## सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए



पहलगाम में एक क्रूर और निर्दयी हमले में, जो साफ तौर पर पाकिस्तानी सरकार की ओर से प्रायोजित और षड्यंत्र किया गया था, युवा और वृद्ध लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई, लोकसभा के प्रत्येक सदस्य ने मिलकर पाकिस्तान की निंदा की है, ऑपरेशन सिंदूर से पहले ही विपक्ष सरकार और सेना के साथ था, विपक्ष के नाते हम एकजुट होकर सरकार के साथ थे, सेना का जवान देश के लिए लड़ने-मरने के लिए तैयार रहता है, सेना का प्रयोग करने से पहले सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए, जैसे ही ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ, बल्कि शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने, सभी दलों ने यह प्रतिबद्धता जताई कि हम सेना और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे। **-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा**

# दो महाशक्तियों के बीच फंसी विदेश नीति और अंबानी की हिस्सेदारी

## भारत की कूटनीति की परीक्षा





वाहिद नसीम

भारत आज एक ऐसे कूटनीतिक जाल में फंस चुका है, जहां हर कदम आर्थिक और रणनीतिक बर्बादी की ओर ले जाता है। एक तरफ नाटो देशों (अमेरिका, यूरोप) का विशाल बाजार और हथियारों की चमक, दूसरी तरफ रूस और चीन की उभरती धुरी दुनिया दो खेमों में बंट चुकी है। भारत की रणनीतिक स्वायत्तता अब एक खोखला नारा बनकर रह गया है, और इसका सबसे बड़ा सबूत है हमारी विदेश नीति की कमजोरी, जो हमें इन महाशक्तियों के बीच लटका रही है।

इस जाल में तेल और तेल उत्पादों का निर्यात, जिसमें मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज की भारी हिस्सेदारी है, भारत की आर्थिक रीढ़ का अहम हिस्सा है।

### निर्यात का संकटः तेल और अंबानी का दबदबा

2023-24 में भारत का कुल निर्यात 447 बिलियन डॉलर था। इसमें पेट्रोलियम उत्पादों की हिस्सेदारी 17.5 प्रतिशत (लगभग 67.6 बिलियन डॉलर) थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज, जिसका नेतृत्व मुकेश अंबानी करते हैं, भारत के पेट्रोलियम निर्यात का 50-60 प्रतिशत हिस्सा नियंत्रित करती है, यानी लगभग 33.8-40.6 बिलियन डॉलर। इसका मतलब है कि भारत के कुल निर्यात में रिलायंस की हिस्सेदारी 7.6 -10 प्रतिशत तक है।

### फार्मास्यूटिकल उत्पाद

ये उत्पाद भी महत्वपूर्ण हैं, जो कुल निर्यात का 6.8 प्रतिशत (30.5 बिलियन डॉलर) है। नाटो देश (अमेरिका, यूरोप, यूके) भारत के कुल निर्यात का 35-38 प्रतिशत (156-170 बिलियन डॉलर) हिस्सा लेते हैं। यदि भारत नाटो को छोड़कर रूस-चीन के साथ जाता है, तो 28-34 प्रतिशत निर्यात (125-152 बिलियन डॉलर) का नुकसान होगा। इसमें पेट्रोलियम निर्यात का 20-30 प्रतिशत (13.5-20.3 बिलियन डॉलर, जिसमें रिलायंस का बड़ा हिस्सा) और फार्मा का 50-55 प्रतिशत (15.25-16.78 बिलियन डॉलर) प्रभावित होगा।

रूस और चीन इस नुकसान की भरपाई नहीं कर सकते। चीन को निर्यात मात्र 3.6 प्रतिशत (16 बिलियन डॉलर) और रूस को 1 प्रतिशत (4-5 बिलियन डॉलर) है। रिलायंस, जो भारत के रूसी कच्चे तेल आयात का 25 प्रतिशत (2024-25 में 17 बिलियन डॉलर) संभालती है, यूरोप को रिफाइंड ईंधन निर्यात में अग्रणी है।

लेकिन रूस-चीन खेमा न तो बाजार दे सकता है, न ही भारत की आर्थिक जरूरतों को पूरा कर सकता। फार्मा उद्योग में 60-70 प्रतिशत कच्चा माल चीन से आता है, लेकिन नाटो के साथ टकराव से विशेष रसायनों का आयात रुक सकता है, जिससे उत्पादन ठप हो सकता है।

### रक्षा क्षेत्रः रूस के बिना लाचार

रक्षा के मोर्चे पर भारत की हालत और भी नाजुक है। भारत के 85 प्रतिशत हथियार रूस से आते हैं सुखोई मिसाइल सिस्टम। यह हथियार चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों से मुकाबले की रीढ़ हैं। रूस को छोड़ने पर 70-85 प्रतिशत हथियारों की कमी हो सकती है। अमेरिका, फ्रांस और इजराइल से इनकी जगह लेने में 10-15 साल लगेंगे। राफेल (36 विमान) और अपाचे जैसे हथियार रूसी हथियारों का विकल्प नहीं बन सकते और उनकी लागत आसमान छूती है। स्वदेशी परियोजनाएं तेजस, AMCA अभी कच्ची हैं, और रूस की जगह लेने में दशकों लगेंगे।

मुकेश अंबानी की रिलायंस न केवल तेल निर्यात में दबदबा रखती है, बल्कि भारत के रूसी तेल आयात में भी अहम भूमिका निभाती है। 2024-25 में भारत का रूस से तेल आयात 68 बिलियन डॉलर था, जिसमें रिलायंस की हिस्सेदारी 45-50 प्रतिशत थी। यह ताकत भारत की कूटनीति को और जटिल बनाती है। नाटो के साथ टकराव से रिलायंस के निर्यात बाजार (विशेष रूप से यूरोप) को नुकसान होगा, और रूस-चीन के साथ जाना भी कोई स्थाई हल नहीं, क्योंकि चीन भारत का प्रतिद्वंद्वी है और रूस की अर्थव्यवस्था सीमित।

भारत की सबके साथ, किसी के खिलाफ नहीं वाली नीति अब उसका गला घोंट रही है। दुनिया दो लकीरों में बंट चुकी है और भारत की तटस्थता इसे कहीं का नहीं छोड़ रही। नाटो के साथ रहने का मतलब रूस से दूरी, और रूस-चीन के साथ जाने का मतलब आर्थिक और सैन्य नुकसान।

**क्या है रास्ता?**

भारत को अब चालाकी छोड़कर ठोस रणनीति चाहिए। रूस के साथ रक्षा सौदों को बनाए रखते हुए नाटो के साथ व्यापार संतुलित करना होगा। रिलायंस जैसे निजी खिलाड़ियों को वैकल्पिक बाजार तलाशने होंगे। स्वदेशी रक्षा और फार्मा उत्पादन PLI योजना, बल्क ड्रग पार्क में तेजी लानी होगी, लेकिन यह सब समय मांगता है, और समय भारत के पास कम है।

भारत की विदेश नीति एक तंग गली में फंस चुकी है। नाटो को छोड़ने से 28-34 प्रतिशत निर्यात (125-152 बिलियन डॉलर, जिसमें रिलायंस की 7.6-10 प्रतिशत हिस्सेदारी) और 70-85 प्रतिशत हथियारों की कमी होगी। रूस-चीन के साथ जाना भी कोई हल नहीं, क्योंकि उनका बाजार और ताकत सीमित है। रिलायंस की तेल निर्यात में 50-60 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की ताकत है, लेकिन यह ताकत कूटनीतिक कमजोरी के सामने बेकार साबित हो रही है। भारत को अब रणनीतिक स्वायत्तता को नारा नहीं, हकीकत बनाना होगा, वरना यह जंजाल हमें आर्थिक और सैन्य रूप से लाचार कर देगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विदेश नीति पर बहुत बारीक अध्ययन रखते हैं
ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जलवायु परिवर्तन से आल्पस क्षेत्र में भूकंप का खतरा

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्प्स में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है।

हम अक्सर सुनते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण लू, बाढ़, जंगलों में आग और समुद्र स्तर बढ़ रहे हैं। लेकिन अब इसका एक और चौंकाने वाला असर पता चला है-आल्प्स पर्वतों में ग्लेशियरों के पिघलने से भूकंप का खतरा बढ़ सकता है। ऐसी घटना फ्रांस के मॉन्ट ब्लांक इलाके के एक ऊंचे बर्फ से ढंके पर्वत ग्रांड जोरासेस में घटी है। 2015 में जब इस क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ी तो भारी मात्रा में बर्फ पिघली।

इसके तुरंत बाद पहाड़ के नीचे छोटे-छोटे भूकंप महसूस किए गए। कोई नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे छोटे-छोटे भूकंप कभी-कभी बड़े भूकंप की चेतावनी भी होते हैं, लेकिन बर्फ के पिघलने से भूकंप कैसे आ सकते हैं? जब ग्लेशियर पिघलते हैं तो पानी चट्टानों की दरारों से गहराई तक चला जाता है। वहां यह पानी चट्टानों पर दबाव बनाता है और जमीन के अंदर जो फॉल्ट लाइनें होती हैं, उनकी पकड़ कमजोर कर देता है। इन फॉल्ट लाइनों के फिसलने से ऊर्जा निकलती है जो भूकंप का कारण बनती है। ऐसा नहीं है कि यह प्रक्रिया सिर्फ आल्प्स में होती है। वैज्ञानिकों ने ताइवान जैसे इलाकों में भी देखा है कि बारिश के हिसाब से भूकंप की संख्या बदलती है। इसी तरह, जहां फ्रैंकिंग (तेल और गैस निकालने की प्रक्रिया) या जियोथर्मल ऊर्जा के लिए जमीन के भीतर दबाव के साथ पानी डाला जाता है, वहां भी छोटे भूकंप आ सकते हैं। ETH ज्यूरिख के वैज्ञानिकों द्वारा मॉन्ट ब्लांक इलाके में छोटे भूकंप को मापने वाले यंत्रों की मदद से 2006 से अब तक दर्ज 12,000 से ज्यादा छोटे-छोटे भूकंपों के विश्लेषण से पता चला है कि 2015 की गर्मी के बाद इन भूकंपों की संख्या बढ़ी थी। यही पैटर्न अगले साल की ग्रीष्म लहरों के बाद भी दिखे। दिलचस्प बात यह है कि सतह के पास वाले छोटे भूकंप गर्मी के लगभग एक साल बाद बढ़े, जबकि गहराई (लगभग 7 कि.मी) में आने वाले भूकंप दो साल बाद बढ़े। इसका कारण यह हो सकता है कि पानी को गहराई तक पहुंचने में समय लगता है। भूकंप सम्बंधी ऐसे अनुभव पहले भी हुए हैं।

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्प्स में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है। अभी तक तो आल्प्स में आए इन भूकंपों से मॉन्ट ब्लांक सुरंग या आस-पास के शहरों को कोई खतरा नहीं है। इस क्षेत्र की इमारतें रिक्टर पैमाने पर 6 स्तर के भूकंप



झेलने लायक बनाई गई हैं, लेकिन स्थिति हिमालय जैसे इलाकों में ज्यादा गंभीर हो सकती है, जहां ग्लेशियर बहुत तेजी से पिघल रहे हैं और जहां बड़े और खतरनाक भूकंप आने की आशंका भी ज्यादा है। जलवायु परिवर्तन बढ़ता जा रहा है और यह अध्ययन हमें याद दिलाता है कि हमारी धरती पहले से ही एक नाजुक हालत में हैय ग्लेशियर पिघलने जैसे छोटे बदलाव भी इसे और अस्थिर कर सकते हैं।

**-स्रोत फीचर्स**

# वायु प्रदूषण से स्मृति लोप का बढ़ता खतरा



ललित गर्ग

पर्यावरण की उपेक्षा एवं बढ़ता वायु प्रदूषण मनुष्य स्वास्थ्य के लिए न केवल घातक हो रहा है, बल्कि एक बीमार समाज के निर्माण का कारण भी बन रहा है। हाल ही में हुए एक मेटा-अध्ययन ने वायु प्रदूषण और बिगड़ती स्मृति के बीच एक खतरनाक संबंध का खुलासा किया है।

हवा में मौजूद विषैले कण-खासकर महीन धूल और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें, जो मुख्य रूप से वाहनों और औद्योगिक प्रक्रियाओं से निकलती हैं, हमारे मस्तिष्क को सीधे प्रभावित कर रही हैं। यह व्यापक शोध लगभग 3 करोड़ व्यक्तियों से जुड़े 51 अध्ययनों पर आधारित है। यह निष्कर्ष भारत जैसे देशों के लिए विशेष रूप से चिंताजनक हैं, जहां वायु प्रदूषण का स्तर दुनिया में सबसे अधिक है। अगर धनी और विकसित देश भी प्रदूषण के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों से जूझ रहे हैं, तो भारत लापरवाही बर्दाश्त नहीं कर सकता। वायु प्रदूषण से निपटना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि प्रदूषित हवा के नियमित संपर्क में रहने से मनोभ्रंश एवं स्मृति-लोप का खतरा काफी बढ़ जाता है, यह एक ऐसी प्रगतिशील स्थिति है जो स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमताओं को क्षीण कर देती है। दुनिया भर में, लगभग 5।74 करोड़ लोग पहले से ही मनोभ्रंश से प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई न किए जाने पर, यह संख्या 2050 तक तिगुनी होकर 15.28 करोड़ हो सकती है। मनोभ्रंश अर्थात डिमेंशिया या भूलने की बीमारी का दुनिया में बढ़ता खतरा इतना बड़ा है कि आगामी 25 वर्ष में इस बीमारी से ग्रस्त लोगों की संख्या तीन गुना हो जाएगी। शोधकर्ताओं ने वायु प्रदूषण में खासकर कार से निकलने वाले धुएं या उत्सर्जन को गंभीर माना है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने वाले लोगों के मस्तिष्क की कार्यक्षमता में एक दशक तक की गिरावट देखी जा सकती है, उदाहरण के लिए, लगातार जहरीली हवा में सांस लेने वाला 50 वर्षीय व्यक्ति 60 वर्षीय व्यक्ति के समान संज्ञानात्मक क्षमता प्रदर्शित कर सकता है।

वायु प्रदूषण का सबसे पहला असर फेफड़ों और दिल पर पड़ता है, लेकिन यह वहीं तक सीमित नहीं रहता। हवा में मौजूद ये छोटे-छोटे कण हमारी सांस के जरिए खून में चले जाते हैं और फिर सीधे दिमाग तक पहुंच जाते हैं। इससे-याद रखने की क्षमता कमजोर होती है। ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। सीखने और नई बातें याद रखने में दिक्कत होती है। कुछ मामलों में डिप्रेशन यानी अवसाद की संभावना बढ़ जाती है। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में पाया गया कि पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण पदार्थ) में प्रति घन मीटर 10 माइक्रोग्राम की वृद्धि से स्मृति संबंधी बीमारियों का खतरा 17 प्रतिशत बढ़ जाता है। वाहनों के धुएं और जलती हुई लकड़ी से निकलने वाले ब्लैक कार्बन में एक माइक्रोग्राम की भी वृद्धि से यह खतरा 13 प्रतिशत बढ़ जाता है। यह सूक्ष्म कण हमारे श्वसन और परिसंचरण तंत्र को दरकिनार कर मस्तिष्क तक पहुंच सकते हैं और सूजन व ऑक्सीडेटिव तनाव पैदा कर सकते हैं, जिससे अंततः न्यूरॉन्स को नुकसान पहुंचता है। इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। प्रदूषित हवा न केवल फेफड़ों और हृदय के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि याददाश्त, एकाग्रता, सीखने और भावनात्मक स्थिरता को भी कमजोर करती है।

अध्ययनों से पता चला है कि उच्च प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे स्वच्छ वातावरण में रहने वालों की तुलना में स्कूल की परीक्षाओं में खराब प्रदर्शन करते हैं। प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले वयस्क अक्सर चिड़चिड़ापन, थकान और यहां तक कि अवसाद का अनुभव करते हैं। उनकी उत्पादकता और निर्णय लेने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है।

प्रदूषण से प्रेरित स्मृति हानि का प्रभाव केवल व्यक्तियों तक ही सीमित नहीं है, यह शैक्षिक परिणामों, कार्यस्थल की दक्षता और सामाजिक निर्णय लेने को भी प्रभावित करता है। आंकड़े दर्शाते हैं कि उच्च-पीएम क्षेत्रों में लोग मौखिक प्रवाह, तर्क, सीखने और स्मृति परीक्षणों में कम अंक प्राप्त करते हैं, जो शिक्षा का एक पूरा वर्ष गंवाने के समान है।

एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि कैसे किराने की खरीदारी जैसे नियमित कार्यों में संज्ञानात्मक विकर्षण प्रदूषण के संपर्क में आने से बढ़ जाता है। वृद्ध और कम शिक्षित व्यक्ति विशेष रूप से असुरक्षित होते हैं, अक्सर रोजमर्रा के कार्य करने की क्षमता खो देते हैं और दूसरों पर अधिक निर्भर हो जाते हैं। बढ़ते खतरे के बावजूद, चिकित्सा विज्ञान वर्तमान में मनोभ्रंश का कोई निश्चित इलाज नहीं देता है। मौजूदा उपचार सीमित और अक्सर अप्रभावी होते हैं, जिससे मरीज धीरे-धीरे अपनी याददाश्त और स्वतंत्रता खो देते हैं। अध्ययन के सह-प्रमुख लेखक, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के डॉ. क्रिस्टियन ब्रेडल इस बात पर जोर देते हैं कि मनोभ्रंश की रोकथाम केवल स्वास्थ्य सेवा की जिम्मेदारी नहीं है।

शहरी नियोजन, परिवहन नीतियां और पर्यावरणीय नियम, सभी इस संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वायु प्रदूषण न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि सामूहिक सोच, जीवनशैली विकल्पों और पर्यावरणीय निर्णयों को भी विकृत करता है। बड़े पैमाने पर, यह शैक्षिक उपलब्धि में कमी, उत्पादकता में कमी, स्वास्थ्य सेवा के बढ़ते बोझ और गहरी होती आर्थिक असमानताओं में योगदान देता है। वाशिंगटन में 12 लाख लोगों पर किए गए एक अलग अध्ययन से पता चला है कि जंगल की आग के धुएं के संपर्क में आने से, जो पीएम 2।5 के स्तर को बढ़ाता है, मनोभ्रंश का खतरा 18-21 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा की गई एक और व्यापक समीक्षा (51 अध्ययनों में 2.9 करोड़ लोगों पर) ने पुष्टि की कि पीएम 2.5 के संपर्क में आने से मनोभ्रंश का खतरा 13-17 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। विज्ञान स्पष्ट है कि यह सूक्ष्म कण श्वसन तंत्र और मस्तिष्क में गहराई तक प्रवेश करते हैं, मस्तिष्क के कार्य को बाधित करते हैं और मानसिक गिरावट को तेज करते हैं। हाल ही में चीन में हुए एक शोध में भी पीएम और नाइट्रोजन ऑक्साइड के संपर्क को मध्यम आयु वर्ग और वृद्ध लोगों में संज्ञानात्मक क्षमता में कमी, विशेष रूप से कार्यशील स्मृति में कमी से जोड़ा गया है। यह एक बढ़ता हुआ संकट है जिसके प्रभाव न केवल व्यक्तियों पर बल्कि पूरे समाज पर पड़ रहे हैं। हमें यह स्वीकार करना होगा कि वायु प्रदूषण अब केवल खांसी या सांस की बीमारी तक सीमित नहीं है, यह चुपचाप हमारी स्मृति, संज्ञानात्मक कार्यों और मानसिक स्वास्थ्य पर हमला कर रहा है। लोग मानसिक थकान, अवसाद या चिड़चिड़ापन महसूस कर सकते हैं। सामूहिक स्तर पर, शिक्षा और उत्पादकता में गिरावट, स्वास्थ्य पर बढ़ता बोझ और आर्थिक असमानता बढ़ती है।

अगर तत्काल और निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और बिगड़ेगी। वायु प्रदूषण शरीर में हानिकारक रासायनिक प्रतिक्रियाओं को जन्म देता है जो कोशिकाओं, प्रोटीन और डीएनए को नुकसान पहुंचाती हैं, जिससे मनोभ्रंश जैसी तंत्रिका संबंधी बीमारियों का मार्ग प्रशस्त होता है। उत्साहजनक रूप से, शोध बताता है कि वायु प्रदूषण को कम करने से स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक और जलवायु क्षेत्रों में दीर्घकालिक लाभ मिल सकते हैं। इससे मरीजों, परिवारों और देखभाल करने वालों पर बोझ भी कम होगा। अब हमें खुद से यह सवाल पूछना होगा कि हम न केवल अपने फेफड़ों, बल्कि अपने दिमाग की भी रक्षा के लिए कितनी दूर तक जाने को तैयार हैं?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नीदरलैंड ने इजरायल के दो कट्टर मंत्रियों पर लगाया बैन

## गाजा में हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप, अब तक सात देशों ने कट्टर मंत्रियों पर लगाया प्रतिबंध

**वेल्डकैंप ने कहा: इन मंत्रियों ने दिया फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा**



**एम्सटर्डम।** नीदरलैंड ने इजरायल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच और सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-ग्विर के देश में प्रवेश पर रोक लगा दी है। टाइम्स आफ इजरायल के मुताबिक इन पर गाजा में हिंसा को बढ़ावा देने के आरोप हैं।

नीदरलैंड से पहले 6 देश इन दोनों नेताओं के अपने देश में आने पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। एमपी विदेश मंत्री कैस्पर वेल्डकैंप ने सोमवार को कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि इन मंत्रियों ने बार-बार फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा दिया है, अवैध यहूदी बस्तियों के विस्तार की वकालत की है और गाजा में जातीय सफाए की बात कही है। वेल्डकैंप ने यह भी कहा कि नीदरलैंड में इजरायली राजदूत को तलब किया जाएगा और उनसे अपील की जाएगी कि वे नेतन्याहू सरकार से अपना रवैया बदलने को कहें। उन्होंने मौजूदा हालात को बुरा बताते हुए कहा कि नीदरलैंड हमास पर युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ाने को भी तैयार है। अक्टूबर 2023 में इजरायली सैन्य अभियान शुरू होने के बाद से अब तक 147 लोग भुखमरी से मारे जा चुके हैं। नीदरलैंड के इस फैसले पर इजरायली मंत्री इतमार बेन ग्विर ने नाराजगी जताई। उन्होंने मंगलवार को कहा कि चाहे उन्हें पूरे यूरोप में घुसने से रोक दिया जाए, वे इजरायल के लिए काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने हमास को खत्म करने और इजरायली सैनिकों का समर्थन करने की मांग की। उन्होंने यूरोप पर आरोप लगाया कि वहां हमेशा पीड़ितों को ही दोषी ठहराया जाता है। बेन-ग्वीर ने कहा कि यूरोप एक ऐसी जग वेल्डकैंपह है जहां आतंकवाद को बर्दाश्त किया जाता है और आतंकवादियों का स्वागत होता है। वहां आतंकवादी आजाद घूम रहे हैं और यहूदियों का बहिष्कार किया जा रहा है। बेन-ग्वीर पहले इजरायल में नस्लवाद भड़काने और एक आतंकवादी संगठन का समर्थन करने के मामले में दोषी ठहराए जा चुके हैं। हालांकि अब वह इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री हैं और स्मोट्रिच वित्त मंत्री हैं। गौरतलब है कि इजरायली मंत्रियों बेन ग्विर और स्मोत्रिच की एंट्री पर बैन लगाने वाला नीदरलैंड एकलौता देश नहीं है। इससे पहले 9 जून को आस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, नार्वे और ब्रिटेन ने भी एकसाथ उन पर प्रतिबंध लगाया था। हालांकि अमेरिका ने इस पर नाराजगी जाहिर की थी और इसे गैरजरूरी बताया था। इन पांचों देशों ने एक संयुक्त बयान में कहा था कि इन मंत्रियों ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक और गाजा में फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा भड़काई है। इसलिए उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी और उन पर इन देशों में यात्रा करने पर रोक लगाई जाएगी। इसके बाद 17 जुलाई को स्लोवेनिया ने इन दोनों मंत्रियों पर बैन लगा दिया था।

**नीदरलैंड हमास पर युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ाने को भी तैयार**

## लंदन में छुरा घोंपने की घटना में दो की मौत

**लंदन।** मध्य लंदन में टावर ब्रिज के पास छुरे से किए गए हमले में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि कंट्रोल रूम को लंदन के साउथवार्क बरो में ब्रिज के पास एक सड़क पर कई हमलों की सूचना मिली थी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि 28 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे अधिकारियों को सूचना मिली कि लॉन्ग लेन स्थित एक व्यावसायिक इकाई में कई लोगों पर हमला किया गया है। पुलिस और एम्बुलेंस सेवा घटनास्थल पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल चार लोगों का इलाज किया।



मुंबई। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर बायकुला चिड़ियाघर में रॉयल बंगाल टाइगर 'शक्ति' को देखते लोग।

# अमेरिका में भी ड्रीमलाइनर से मिला मेडे कॉल

**आसमान में बोइंग-787 के इंजन में खराबी आई, अहमदाबाद में इसी मॉडल का विमान हुआ था क्रैश**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान 'बोइंग 787.8 ड्रीमलाइनर' के लेफ्ट इंजन में उड़ान के दौरान खराबी आ गई। हादसे के वक्त प्लेन 5000 फीट की ऊंचाई पर था, जिसके बाद पायलटों ने 'मेडे काल' (इमरजेंसी का मैसेज) भेजा। यह हादसा 25 जुलाई को हुआ था, जिसकी खबर अब सामने आई है।

पायलटों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) के साथ मिलकर हालात को संभाला। फ्लाइटअवेयर के मुताबिक, प्लेन 2 घंटे 38 मिनट तक हवा में रहा। इसने राजधानी वाशिंगटन के उत्तर-पश्चिम में चक्कर लगाते हुए ईंधन खाली किया, ताकि लैंडिंग के लिए वजन कम हो सके। 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया का जो प्लेन क्रैश हुआ था, वह बोइंग कंपनी '787-8 ड्रीमलाइनर' का ही था। तब यह विमानश टेकआफ के दो मिनट बाद ही क्रैश हो गया था। इस हादसे में 270 लोगों की जान गई थी। बोइंग दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कामर्शियल एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरर कंपनी है। फ्रांस की एयरबस कंपनी पिछले महीने ही सबसे बड़ी कामर्शियल एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरर बनी है। यूनाइटेड एयरलाइंस के पायलटों ने 5000 फीट की ऊंचाई पर ही ईंधन खाली करने की अनुमति मांगी थी। इसके बाद एटीसी ने उन्हें दूसरी उड़ानों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने के लिए गाइड किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका गाजा में खाद्य केंद्र खोलेगा: ट्रम्प

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा पट्टी में जारी मानवीय संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अमेरिका फलस्तीनियों की मदद के लिए वहां 'खाद्य केंद्र' खोलेगा। ट्रम्प ने कल स्कॉटलैंड में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ अपनी बैठक के दौरान कहा कि गाजा में जारी मानवीय संकट इस बैठक का एक मुख्य कारण है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार दोनों नेताओं ने गाजा में भयावह स्थिति को स्वीकार किया।

### म्यांमार में बाढ़ आने पर 2200 से अधिक लोगों को बचाया

**यांगून।** पूर्वी म्यांमार में शान प्रांत के चार शहरों में बाढ़ में घिरे 461 घरों के कुल 2267 लोगों को बचाया गया है। म्यांमार अग्निशमन सेवा विभाग के मुताबिक सोमवार तड़के हुई भारी बारिश के कारण पहाड़ों से आए पानी के तेज बहाव के कारण बाढ़ आने से यात्सौक, औंगबन, कलाव और पिडया कस्बे प्रभावित हुए हैं। पिडया कस्बे में मंगलवार सुबह बाढ़ से छह लोगों की मौत हो गई और अन्य तीन घायल हो गए। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बचाव टीमों ने बचाए गए लोगों को मठों और खेल के मैदानों में स्थानांतरित किया है।

# ग्रैंड मुफ्ती बोले: निमिषा की मौत की सजा रद्द



**विदेश मंत्रालय ने नकारा, भारतीय नर्स को यमन नागरिक की हत्या मामले में गोली मारी जानी है, मौत की सजा पर संशय गहराया**

**नई दिल्ली।** यमन की जेल में बंद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा पर संशय गहरा गया है। एक तरफ भारतीय ग्रैंड मुफ्ती कांथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार के आफिस ने दावा किया है कि निमिषा प्रिया की पहले स्थगित की गई मौत की सजा को अब रद्द कर दिया गया है।

वहीं, दूसरी तरफ विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने निमिषा की सजा रद्द होने की जानकारियों को भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि ये जानकारियां मौजूदा स्थिति को सही ढंग से नहीं दर्शातीं। निमिषा प्रिया यमन में एक हत्या के मामले में मौत की सजा का सामना कर रही हैं। उसे जून 2018 में एक यमनी नागरिक की हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। इस मामले में उसे 16 जुलाई को मौत की सजा दी जानी थी। हालांकि, इससे पहले ही 15 जुलाई को निमिषा की सजा अस्थाई रूप से टाल दी गई थी। भारतीय ग्रैंड मुफ्ती कांथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार और यमन के चर्चित सूफी विद्वान शेख हबीब उमर बिन हाफिज ने 15 जुलाई को इस मसले पर बातचीत की थी। इसमें यमन के सुप्रीम कोर्ट के एक जज और मृतक का भाई भी शामिल था। यमन के शेख हबीब को बातचीत के लिए मुफ्ती मुसलियार ने मनाया था। यह भी पहली बार था कि जब मृतक के परिवार का कोई करीबी सदस्य बातचीत को तैयार हुआ हो। यह बातचीत शरिया कानून के तहत हुई थी। यह मृतक के परिवार को दोषी को बिना किसी शर्त के या फिर ब्लड मनी के बदले माफ करने का कानूनी अधिकार देता है।

# ब्रिटिश सेना में भी जल्द होगी सिख रेजिमेंट

## ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बोले: हम इसके गठन पर विचार कर रहे, गोरखा ब्रिगेड की तर्ज पर बनेगी

**कोकर ने 15 अगस्त को विक्ट्री ओवर जापान-डे के अवसर पर सिख सैनिकों के वैश्विक युद्धों में योगदान को याद करने की बात कही**

**लंदन।** ब्रिटेन में एक खास सिख रेजिमेंट बनाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की सरकार ने कहा है कि वह इस प्रस्ताव पर विचार करने को तैयार है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री वर्नोन राडनी कोकर ने सोमवार को कहा कि वे इस मामले में लेबर पार्टी के सिख सांसद कुलदीप सिंह सहोता के साथ चर्चा करेंगे।

सहोता ने 7 जुलाई को संसद में इसे लेकर सवाल पूछा था। उन्होंने दोनों विश्व युद्धों में सिख सैनिकों के योगदान और वीरता को याद करते हुए सवाल पूछा कि सिखो की एक अलग रेजीमेंट की पुरानी मांग पर अब तक क्या प्रगति हुई है। इसके जवाब में रक्षा मंत्री कोकर ने कहा कि वे इस विषय पर सहोता से मिलना चाहेंगे और जानना चाहेंगे कि सिखों और अन्य धर्मों के सैनिकों के योगदान को पहचान देने के लिए और क्या किया जा सकता है। सिख रेजिमेंट की स्थापना ब्रिटिश सेना में नेपाल के गोरखा ब्रिगेड की तर्ज पर हो सकती है। रक्षा मंत्री कोकर ने कहा: 'मैं लार्ड सहोता से मिलने को तैयार हूं।' कोकर ने 15 अगस्त को विक्ट्री ओवर जापान डे के अवसर पर सिख सैनिकों के वैश्विक युद्धों में योगदान को याद करने की बात कही।

यूके डिफेंस जर्नल ने उनके हवाले से कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के आत्मसमर्पण में दुनिया भर के सिखों का भी योगदान था, जिन्होंने वीरतापूर्ण भूमिका निभाई। 2019 में ब्रिटिश सेना में 130 सिख सैनिक थे और अन्य 70 रक्षा बलों में सेवारत थे। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में ब्रिटिश सेना में सिख सैनिकों की संख्या बढ़कर लगभग 160 हो गई। यानी ब्रिटिश सेना में सिखों की मौजूदगी धीरे-धीरे बढ़ रही है, लेकिन अब भी यह बहुत कम है। ब्रिटिश सेना में सिख रेजिमेंट की मांग कोई नई बात नहीं है।

2015 में, तत्कालीन रक्षा मंत्री मार्क फ्रांस्वा ने हाउस आफ कामन्स में बताया था कि सेना प्रमुख जनरल निकोलस कार्टर एक सिख यूनिट लाने पर विचार कर रहे हैं। पूर्व रक्षा मंत्री सर निकोलस सोम्स ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा था कि राजनीतिक औपचारिकता को छोड़कर सिख रेजिमेंट की स्थापना की जानी चाहिए। उन्होंने सिख समुदाय की पीढ़ियों से चली आ रही वीरता और विशिष्ट सेवा की प्रशंसा की थी।

# बेटों को पाकिस्तान नहीं आने देंगे इमरान खान

## पांच अगस्त को पीटीआई के प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे सुलेमान खान और कासिम खान





**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने बेटों को पाकिस्तान आने और किसी भी विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने से मना कर दिया है। इससे पहले इमरान की बहन, अलीमा खान ने दावा किया था कि उनके भतीजे अपने पिता की रिहाई के लिए 5 अगस्त को होने वाले प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे। हालांकि, खान ने साफ किया कि उनके बेटे न तो पाकिस्तान आएंगे और न ही किसी प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे।

इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। खान के बेटे, सुलेमान खान (28) और कासिम खान (26), हाल ही में अमेरिका में थे, जहां उन्होंने अपने पिता की रिहाई के लिए अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की थी। इमरान की पार्टी पीटीआई 5 अगस्त से देशव्यापी प्रदर्शन शुरू करने की तैयारी कर रही है, ताकि उनकी रिहाई के लिए शहबाज शरीफ सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान पर दबाव बनाया जा सके। पार्टी ने इसे इमरान खान को आजाद करो अभियान नाम दिया है। इमरान की बहन अलीमा खान ने भी मीडिया से कहा कि इमरान ने पीटीआई को निर्देश दिया है कि उनकी या उनकी पत्नी की सुरक्षा को खतरा होने पर मुनीर को जवाबदेह ठहराया जाए। पीटीआई के चेयरमैन बैरिस्टर गोहर अली खान ने कहा कि पार्टी का सुलेमान और कासिम से कोई संपर्क नहीं है, लेकिन उन्हें अपने पिता से मिलने का अधिकार है। इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। सुलेमान और कासिम ने एक हफ्ते पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि रिचर्ड ग्रेनेल से मुलाकात की थी। ग्रेनेल ने इमरान खान की गिरफ्तारी को षराजनीतिक उत्पीड़नष करार देते हुए उनकी रिहाई की मांग दोहराई थी। ग्रेनेल ने एक्स पर लिखा था कि कैलिफोर्निया (सुलेमान और कासिम) में आपका स्वागत है। सुलेमान और कासिम, आपको मजबूत रहना होगा। दुनिया भर में लाखों लोग राजनीतिक उत्पीड़न से तंग आ चुके हैं। आप अकेले नहीं हैं। यह पहली बार नहीं था जब ग्रेनेल ने इमरान खान का समर्थन किया हो। पहले भी उन्होंने कहा था कि ट्रम्प सरकार के दौरान, जब इमरान खान पाकिस्तान के पीएम थे, अमेरिका और पाकिस्तान के बीच बेहतर रिश्ते थे। इमरान खान कुछ दिन पहले कहा था कि अगर उन्हें कुछ हुआ तो इसके जिम्मेदार सेना प्रमुख आसिम मुनीर होंगे। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पीटीआई के मुताबिक इमरान ने कहा कि हाल के दिनों में जेल में उनके और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के साथ बुरा व्यवहार बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी के सेल में टेलीविजन भी बंद कर दिया गया है और कैदियों के बुनियादी मानवाधिकार नहीं दिए जा रहे।

## ट्रम्प ने लंदन के मुस्लिम मेयर को घिनौना इंसान बताया

**टर्नबेरी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर लंदन के मेयर सादिक खान पर हमला बोला है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ स्काटलैंड में एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने खान को नैस्टी पर्सन यानी घिनौना इंसान कह दिया और उनके कामकाज की आलोचना की। एक रिपोर्टर ने ट्रम्प से पूछा कि क्या वे सितम्बर में अपनी राजकीय यात्रा के दौरान लंदन आएंगे, तो उन्होंने कहा कि मैं आपके मेयर का फैन नहीं हूं। मुझे लगता है उन्होंने बहुत खराब काम किया है। उनके इस बयान पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने तुरंत कहा कि वो (सादिक खान) मेरे दोस्त हैं। हालांकि ट्रम्प अपने बयान पर अड़े रहे और दोबारा दोहराया कि उन्होंने बहुत ही खराब काम किया है।

# इजरायली हमलों में 30 फलस्तीनी मारे गए

**गाजा में अल-नुसेरत शरणार्थी शिविर इलाके में घरों को निशाना बनाया**

**गाजा।** इजरायल के जंगी हवाई जहाजों ने मंगलवार को गाजा पट्टी के अल-नुसेरत शरणार्थी शिविर इलाके में घरों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम 30 फ़लस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। इस शिविर में बने अल-अवदा अस्पताल ने बताया कि मारे गए लोगों में जयादातर महिलाएं और बच्चे थे।

यह बमबारी नुसेरत इलाके के उत्तर में बने 'न्यू कैंप' क्षेत्र में की गई। यह मध्य गाजा के सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है। अस्पताल ने यहां जारी एक बयान में कहा कि सुबह के समय एक के बाद एक हुए इन हमलों में घरों को निशाना बनाया गया। स्थानीय निवासियों ने शिन्हुआ को बताया कि बिना हमला बिना किसी पूर्व सूचना के किया गया। एक हमले में एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। उस वक्त पूरा परिवार घर के अंदर ही था। एक स्थानीय फ़लस्तीनी मोहम्मद अल-हूर ने शिन्हुआ को बताया कि इलाके में 'एक घंटे' से जयादा समय तक लगातार गोलाबारी होती रही। इससे मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बीच, स्थानीय निवासियों ने शिन्हुआ को बताया कि इज़रायली सेना ने नुसेरात के उत्तर-पूर्व में अल-मुगरका क्षेत्र और वादी ब्रिज के पास ज़मीनी हमले में आवासीय इलाकों के बाहरी क्षेत्रों को टैंकों और भारी तोपखाने से निशाना बनाया।

# चीन में बच्चा पैदा करने पर 1.30 लाख देगी सरकार

## देश में वन चाइल्ड पॉलिसी की वजह से 7 साल में जन्मदर आधी हुई, 21 प्रतिशत आबादी बुजुर्ग



**चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद 'वन चाइल्ड पालिसी' खत्म कर दी थी**

**बीजिंग।** चीन में बच्चा पैदा करने पर सरकार ने माता-पिता को 1.30 लाख रुपये देने का फैसला किया है। सरकार ने यह कदम लगातार जन्मदर में हो रही कमी को लेकर उठाया है। चाइना डेली की रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे के जन्म के बाद सरकार लगातार 3 साल तक माता-पिता को सालाना 3600 युआन (करीब 44,000 रुपये) देगी।

चीन की 21 प्रतिशत आबादी की उम्र 60 साल से ज्यादा है। चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद 'वन चाइल्ड पालिसी' खत्म कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद जन्म दर कम होती जा रही है। दुनिया के बड़े देशों में चीन की जन्म दर सबसे कम है और यह लगातार घटती जा रही है। 2016 में चीन में 1.8 करोड़ बच्चे पैदा हुए थे। 2023 में यह 90 लाख पर आ गई। सिर्फ 7 साल में चीन में बच्चे पैदा होने की रफ्तार में 50 प्रतिशत फीसदी कमी आई। 2024 में इसमें थोड़ा इजाफा हुआ और यह 95 लाख हुई, लेकिन जनसंख्या में कुल गिरावट जारी रही क्योंकि मृत्यु दर जन्म दर से अधिक रही। जिन माता-पिता के पास तीन साल से छोटे बच्चे हैं, उन्हें सरकार हर साल नकद पैसे देगी। ये योजना 1 जनवरी 2025 से लागू होगी। इसमें वो बच्चे भी शामिल हो सकेंगे जिनकी उम्र अभी तीन साल से कम है। ऐसे बच्चे जिनके पास चीनी नागरिकता है, उन्हें तीन साल का होने तक प्रति वर्ष 3,600 युआन (करीब 502 अमेरिकी डालर) दिए जाएंगे। अगर कोई बच्चा पहले पैदा हुआ है लेकिन अभी तीन साल से छोटा है, तो उसे भी उतने महीने के हिसाब से पैसे मिलेंगे, जितने महीने वो इस योजना के दायरे में आता है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि ये पहली बार है जब पूरे देश में एक जैसी बाल देखभाल सब्सिडी दी जा रही है। इससे लगभग दो करोड़ परिवारों को हर साल फायदा मिलने की उम्मीद है। पहले चीन के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग तरह की योजनाएं चलती थीं, जिनमें ज्यादातर सब्सिडी सिर्फ दूसरे या तीसरे बच्चे पर दी जाती थी। लेकिन इस नई योजना में पहले, दूसरे और तीसरे सभी बच्चों को बराबर मदद दी जाएगी।

# चीन में बाढ़ व भूस्खलन से 34 की मौत

**बुलडोजर पर चढ़ाकर लोगों को सुरक्षित निकाला, 80 हजार लोगों का रेस्क्यू किया**

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग और आसपास के इलाकों में भारी बारिश और बाढ़ से अब तक 34 लोगों की मौत हो चुकी है। सरकारी टीवी चैनल सीसीटीवी के मुताबिक बीजिंग के मियुन जिले में 28 और यानछिंग जिले में 2 लोगों की जान गई है।

ये दोनों इलाके शहर के बाहरी हिस्सों में स्थित हैं। बाढ़ के चलते बीजिंग से 80 हजार से ज्यादा लोगों को निकाला गया है। इनमें से करीब 17 हजार मियुन जिले से हैं। लगातार बारिश की वजह से बीजिंग के कुछ हिस्सों में मंगलवार सुबह तक 30 सेंटीमीटर तक पानी गिरने की संभावना जताई गई थी। बीजिंग से लगे हपेई प्रांत की लुआनपिंग काउंटी में सोमवार को भूस्खलन हुआ। इसमें 4 लोगों की मौत हुई और 8 लोग लापता हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में नेटवर्क बंद है और संपर्क साधना मुश्किल हो गया है। बीजिंग में दर्जनों सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। यह तस्वीर मियुन जिले में उफनती नदी के पास एक सड़क की है। बीजिंग प्रशासन ने सोमवार रात 8 बजे टॉप लेवल इमरजेंसी रिस्पान्स जारी किया।

इसके तहत सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। निर्माण कार्य और बाहरी गतिविधियों पर भी रोक लगा दी गई है। चीन सरकार ने हपेई प्रांत को 50 मिलियन युआन की इमरजेंसी सहायता भेजी है। साथ ही चेंगदे, बाओडिंग और झांगजियाकौ जैसे प्रभावित शहरों में राहत कार्यों के लिए केंद्रीय टीमें रवाना की गई हैं। इससे पहले प्रशासन ने मियुन जिले के एक प्रमुख जलाशय से पानी छोड़ने का फैसला किया। यह 1959 में बना था। तब से पहली बार इसका जलस्तर सबसे ज्यादा हो गया था।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट